श्रावण शुक्ल पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 12 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 267, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत में प्रतिस्पर्धा करना सपना : नीरज 13
शाहरुख खान को मिला कॅरियर लेपर्ड सम्मान 14

# विधानसभा उपचुनाव में सभी दस सीटों पर प्रत्याशी उतारेगी बसपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मायावती ने बैठक कर पदाधिकारियों को दिए तैयारियों में जुट जाने के निर्देश



**अमृत विचार:** प्रदेश में उप चुनावों को लेकर तिथियां भले ही घोषित नहीं हुई हैं, लेकिन सरगर्मियां बढ़ रही हैं। सपा और भाजपा के बाद पहली बार बसपा भी उपचुनावों को लेकर सक्रिय हो गई है। रविवार को बसपा प्रमुख मायावती ने उपचुनाव में सभी 10 सीटों पर प्रत्याशी उतारने का ऐलान करते हुए कार्यकर्ताओं से जुटने का आह्वान किया है।

बसपा प्रमुख माल ऐवन्यू स्थित पार्टी कार्यालय में यूपी स्टेट यूनिट के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों एवं अन्य जिम्मेदार लोगों को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि बसपा दूसरी पार्टियों की तरह बड़े-बड़े पूंजीपतियों और धन्नासेठों के सहारे और इशारे पर चलने वाली पार्टी नहीं है। पार्टी अपने प्रत्याशियों के साथ दमदारी से चुनाव लड़ेगी।

बसपा प्रमुख ने कहा कि पार्टी को बहुजन हिताय व बहुजन सुखाय की नीति एवं सिद्धांत पर फिर से जनता का भरोसा जीतने का प्रयास लगातार जारी रखना है, जिसका चुनावी लाभ भी जरूरी एवं स्वाभाविक है।

# किसानों को मिलेंगी जलवायु अनुकूल उच्च उपज वाली किस्में

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 61 फसलों की 109 किस्में की जारी, कृषि अनुसंधान परिषद ने किया है विकसित

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कृषि और बागवानी फसलों की उच्च उपज वाली, जलवायु अनुकूल और जैव-सुदृढ़ीकृत बीजों की 109 किस्मों को जारी किया।

इस पहल का उद्देश्य कृषि उत्पादकता और किसानों की आय को बढ़ाना है। इन किस्मों को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने विकसित किया है और ये कुल 61 फसलों से संबंधित हैं। इनमें 34 खेतों में लगाई जाने वाली और 27 बागवानी की फसलें हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली के पूसा परिसर में तीन प्रायोगिक कृषि भूखंडों पर बीजों को पेश किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने किसानों और वैज्ञानिकों के साथ बातचीत भी की। मोदी ने किसानों के साथ इन नई किस्मों के महत्व पर चर्चा करते हुए कृषि में मूल्य संवर्धन के महत्व पर जोर दिया। इस मौके पर मौजूद किसानों ने कहा कि 61 फसलों से संबंधित ये नई किस्में कम लागत के कारण उनके लिए अत्यधिक लाभकारी होंगी। प्रधानमंत्री ने बाजरे के महत्व पर चर्चा की। इस बात पर जोर दिया कि लोग किस तरह पौष्टिक भोजन का रुख कर रहे हैं।



महिला किसानों के साथ नई किस्मों के महत्व पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री। ● एजेंसी

### 34 खेत और 27 बागवानी की फसलों की किस्में

कुल 61 फसलों से संबंधित किस्मों में 34 खेतों में लगाई जाने वाली और 27 बागवानी की किस्में हैं। खेती की फसलों की किस्मों में अनाज, बाजरा, चारा, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास और फाइबर फसलें शामिल हैं। वहीं बागवानी की फसलों में फलों, सब्जियों, मसालों, फूलों और औषधीय पौधों की नई किस्में शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी वर्ष 2014 से ही किसानों की आय बढ़ाने के लिए टिकाऊ खेती के तरीकों और जलवायु अनुकूल तरीकों की वकालत करते रहे हैं। उन्होंने लगातार ''जैव-सुदृढ़'' किस्मों को बढ़ावा देने पर जोर दिया है और कुपोषण से निपटने के लिए उन्हें मध्याह्न भोजन योजना और आंगनवाड़ी सेवाओं जैसी सरकारी पहलों से जोड़ा है।







## पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह का 93 वर्ष की उम्र में निधन



**नई दिल्ली।** लंबे समय से बीमार पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह का शनिवार देर रात निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे। नटवर सिंह की पिछले कुछ समय से तबीयत ठीक नहीं थी और वह गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती थी। नटवर सिंह 2004-05 में संप्रग सरकार में विदेश मंत्री थे। राष्ट्र के प्रति सेवा के लिए उन्हें 1984 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। नटवर सिंह के निधन पर प्रधानमंत्री मोदी ने दुख व्यक्त किया है।

# हिंडनबर्ग रिपोर्ट: राजनीति गरमाई कांग्रेस ने जेपीसी जांच की मांग उठाई

## लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल बोले- सेबी की शुचिता से गंभीर समझौता हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी



अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की नई रिपोर्ट आने के बाद भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) और उसकी प्रमुख माधवी पुरी बुच विपक्ष के निशाने पर हैं। मामले में अब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि छोटे खुदरा निवेशकों की संपत्ति की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले सेबी की प्रतिष्ठा को उसके चेयरपर्सन पर लगे आरोपों ने गंभीर रूप से ठेस पहुंचाई है। सेबी की शुचिता से समझौता हुआ है। वहीं कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इस 'बड़े घोटाले' की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की जरूरत है।

हिंडनबर्ग ने अपनी नई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि सेबी की अध्यक्ष माधवी बुच और उनके पति के पास कथित अडाणी धन हेराफेरी घोटाले में इस्तेमाल किए गए अस्पष्ट विदेशी फंड में हिस्सेदारी थी। इस रिपोर्ट के आने के बाद सियासत तेज हो गई। कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दल सेबी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने लगे और इस पूरे मामले की जेपीसी जांच की मांग की। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इस 'बड़े घोटाले' की जांच के लिए जेपीसी के गठन की जरूरत है।

उन्होंने आरोप लगाया कि जब तक जेपीसी इस मुद्दे की जांच नहीं करती, यह चिंता बनी रहेगी कि पिछले सात दशकों में कड़ी मेहनत कर बनाई गईं भारत की संवैधानिक संस्थाओं से समझौता करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने सहयोगी को बचाते रहेंगे।' वहीं, रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि देश भर के ईमानदार निवेशकों के पास सरकार के लिए महत्वपूर्ण सवाल हैं- सेबी की अध्यक्ष माधवी पुरी बुच ने अभी तक इस्तीफा क्यों नहीं दिया? अगर निवेशक अपनी मेहनत की कमाई खो देते हैं, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सेबी अध्यक्ष या गौतम अदाणी? सामने आए नए और बेहद गंभीर आरोपों के मद्देनजर क्या सुप्रीम कोर्ट इस मामले की फिर से स्वतः संज्ञान लेकर जांच करेगा?'

### सेबी ने बुच पर लगे आरोपों को नकारा

**मुंबई।** हिंडनबर्ग के आरोपों के बाद सेबी ने अपनी पहली टिप्पणी में कहा कि उसने अडाणी समूह के खिलाफ सभी आरोपों की विधिवत जांच की है। बाजार नियामक ने कहा कि उसकी चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने समय-समय पर संबंधित जानकारी दी और संभावित हितों के टकराव से जुड़े मामलों से खुद को अलग रखा। सेबी ने कहा कि उसकी 26 पहलुओं में से सिर्फ एक पहलू की जांच बची है और वह भी पूरी होने वाली है।

### वित्तीय अस्थिरता पैदा करने की साजिशः भाजपा



**नई दिल्ली।** भाजपा ने हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट को खारिज करते हुए इसे देश के प्रतिभूति बाजार नियामक को बदनाम करने का प्रयास करार दिया। केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर भारत में वित्तीय अस्थिरता और अराजकता पैदा करने की साजिश का हिस्सा होने का आरोप भी लगाया। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पिछले साल अडाणी समूह के खिलाफ गंभीर आरोप लगाने वाली शॉर्ट सेलिंग कंपनी (हिंडनबर्ग) भारतीय जांच एजेंसियों की जांच का सामना कर रही है। विपक्षी दल भी हिंडनबर्ग के आरोपों के साथ सुर मिला रहे हैं।

### बुच दंपती ने आरोपों को चरित्र हनन बताया


**नई दिल्ली।** हिंडनबर्ग के आरोपों को सेबी प्रमुख माधवी बुच ने आधारहीन और चरित्र हनन का प्रयास बताया है। बुच दंपती ने साझा बयान जारी कर कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस हिंडनबर्ग रिसर्च के खिलाफ सेबी ने प्रवर्तन कार्रवाई की है और कारण बताओ नोटिस जारी किया है, उसी के जवाब में हमें ही घेरने और चरित्र हनन करने का प्रयास किया गया है।

# जिलों के पुलिस अफसरों पर योगी सख्त, नहीं सुधरे तो गिरेगी गाज

## महिला संबंधी मामलों के निस्तारण में ढिलाई पर जताई नाराजगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने लापरवाह एसपी, एसएसपी, पुलिस कमिश्नर को लगाई फटकार



**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं और बच्चियों से संबंधित अपराधों के निस्तारण में हीलाहवाली करने वाले जिलों और कमिश्नरेट के पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सख्त रुख अख्तियार किया है। उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए लापरवाही पर कड़ी फटकार लगाई है। साथ ही सुधार लाने के निर्देश दिए हैं। जल्द ही जिलों के जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो सकती है।

महिला संबंधी अपराधों के निस्तारण में उप्र 98.70 प्रतिशत औसत के साथ देश में पहले स्थान पर होने के बाद भी कई जिलों का औसत मुख्यमंत्री की अपेक्षा के अनुरूप नहीं है। मुख्यमंत्री ने इन एसपी, एसएसपी और पुलिस कमिश्नर को एक माह में सुधार लाने की चेतावनी दी है। पुलिस महानिदेशक को एक माह बाद लापरवाह अधिकारियों की रिपोर्ट शासन को उपब्लध कराने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों के अनुसार मुख्यमंत्री महिला एवं बच्चियों संबंधी अपराधों के निस्तारण का औसत शत-प्रतिशत चाहते हैं। उन्हें महिला संबंधी मामलों में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं है। माना जा रहा है कि यदि लापरवाह अधिकारियों की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं होता है तो उन पर गाज गिर सकती है।

### बरेली, लखनऊ, बाराबंकी, अमरोहा में भी हाल खराब

महिला संबंधी अपराधों में कई जिलों में मामले ज्यादा होने से औसत भले सुधरा हुआ दिखे, लेकिन मामले ज्यादा लंबित होने से मुख्यमंत्री ने एसीएस गृह दीपक कुमार से शतप्रतिशत निस्तारण एक माह में न होने पर बरेली, लखनऊ, बाराबंकी और अमरोहा के पुलिस अधिकारियों की रिपोर्ट भी मांगी है। बरेली में 55, लखनऊ में 50, बाराबंकी में 31 और अमरोहा में 25 महिलाओं के खिलाफ अपराध संबंधी मामलों का निस्तारण लटका हुआ है।

### प्रयागराज, प्रतापगढ़, कानपुर देहात और चित्रकूट जिलों में निस्तारण दर पर मुख्यमंत्री हुए नाखुश

गृह विभाग के इंवेस्टिगेशन ट्रैकिंग सिस्टम फॉर सेक्सुअल अफेंस (आईटीएसएसओ) पोर्टल की रिपोर्ट के अनुसार प्रयागराज कमिश्नरेट का निस्तारण दर 80 .48 प्रतिशत और प्रतापगढ़ का 84 .31 प्रतिशत, कानपुर देहात का 85 .37 प्रतिशत और चित्रकूट का 86 .27 प्रतिशत है। इस पर मुख्यमंत्री ने बेहद नाराजगी जाहिर की है।

# राजस्थान के भरतपुर में रील बना रहे सात युवकों की डूबने से मौत

**जयपुर।** भरतपुर जिले के बयाना सदर थाना क्षेत्र में बाणगंगा नदी में नहाते समय रील बना रहे 7 युवकों की डूबने से मौत हो गई। सभी की उम्र 18 से 22 साल के बीच है। ग्रामीणों ने एक घंटे के रेस्क्यू के बाद शवों को बाहर निकाला। राजस्थान में रविवार के लिए 22 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है।

पुलिस ने बताया कि श्रीनगर गांव के आठ युवक गांव के पास से बह रही बाणगंगा नदी में नहाने गए थे और नदी में एक गहरे गड्ढे में सात युवक फंस गये और डूब गए, जबकि एक युवक सुरक्षित बच निकला। उसने गांव में जाकर घटना की जानकारी दी तो ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सभी सात शवों को बाहर निकाला गया। थानाधिकारी बलराम यादव ने बताया कि मृतक युवकों की पहचान पवन सिंह जाटव (20), सौरभ जाटव (18), भूपेंद्र जाटव (18), शांतनु जाटव (18), लक्खी जाटव (20), पवन जाटव (22) और गौरव जाटव (16) के तौर पर हुई है। उन्होंने बताया कि सभी मृतक युवक आपस में रिश्तेदार हैं और एक ही गांव के रहने वाले हैं।

# आग की अफवाह पर ट्रेन से कूदे, 20 घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अमृतसर एक्सप्रेस में किसी ने निकाली अग्निशमन यंत्र की पिन
- बिलपुर स्टेशन के पास बहगुल नदी के पुल पर हुआ हादसा



हादसे में घायल यात्री।

**अमृत विचार:** बरेली से लखनऊ जा रही हावड़ा अमृतसर एक्सप्रेस (पंजाब मेल) के जनरल कोच में बहगुल नदी के पुल के पास धुआं उठता देख आग लगने की अफवाह फैल गई, जिससे कोच में सवार लगभग 200 यात्रियों में भगदड़ मच गई। घबराहट में 20 यात्री चलती ट्रेन से नीचे कूद गए। घटना में छह यात्री गंभीर व अन्य आंशिक रूप से घायल हुए। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

रविवार सुबह 9:45 बजे पंजाब मेल बरेली से लखनऊ जा रही थी। बिलपुर स्टेशन से निकलते ही जनरल कोच में अग्निशमन यंत्र लीक हो गया। गैस का रिसाव होने पर कोच में अफवाह फैल गई कि आग लग गई है, जिससे कोच में अफरा तफरी मच गई। यात्रियों ने चेन पुलिंग कर दी। ट्रेन बिलपुर स्टेशन के पास बहगुल नदी के पुल पर जाकर रुक गई। सूचना पर दमकल पहुंच गई और अग्निशमन यंत्र को चेक किया। घटना की सूचना से रेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। बाद में ट्रेन को शाहजहांपुर स्टेशन लाया गया। घायलों को कोच से उतार कर एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भेजा गया। शाहजहांपुर में भर्ती घायल यात्रियों में कन्नौज जिले के कुलदीप, अमेठी के शिव सहाय, झारखंड के रोमिलाल और लखनऊ की अनवरी बेगम, अख्तरी, चंद्रपाल निवासी पटना (बिहार) शामिल हैं। स्टेशन अधिक्षक पीएस तोमर ने बताया कि जनरल कोच में आग नहीं लगी थी। किसी ने कोच में शौचालय के पास रखे अग्निशमन यंत्र की पिन निकाल दी थी। गैस का रिसाव होने पर अफवाह फैल गई कि आग लग गई है। घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# मुआवजे के लिए धरने पर बैठे किसान की हार्टअटैक से मौत

- शव लेकर धरना स्थल पर पहुंचे किसान, आर्थिक मदद की मांग की

**अमरोहा, अमृत विचार :** रजबपुर क्षेत्र के गांव कूबी में भूमि के मुआवजे की मांग को लेकर धरने पर बैठे किसान की हार्टअटैक से मौत हो गई। इससे किसान भड़क गए। उन्होंने अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शव धरना स्थल पर रखकर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।

गांव कूबी में 529 दिन से किसान भूमि के मुआवजे की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं। मध्य गंगा नहर के लिए अधिग्रहित की गई भूमि का मुआवजा सर्किल रेट से चार गुना अधिक मांग रहे हैं। हालांकि कई बार किसानों व अधिकारियों की वार्ता हो चुकी है, लेकिन किसान अपनी मांग पर अड़े हुए हैं। रविवार सुबह धरने पर बैठे किसान सुरेन्द्र शर्मा (42) की हालत बिगड़ गई। किसानों ने उन्हें एक चिकित्सक के यहां भर्ती कराया, लेकिन इलाज से पहले भी सुरेन्द्र शर्मा ने दम तोड़ दिया।

# खुद पर पेट्रोल छिड़क आग लगाने वाली अंजलि की मौत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जनता दरबार में मुख्यमंत्री से नहीं मिल पाने के कारण थी व्यथित

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के जनता दरबार में न्याय की गुहार लगाने में असफल रहने पर पेट्रोल उड़ेलकर खुद को आग लगाने वाली अंजलि ने केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान शनिवार देर रात 1:30 बजे दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव उसकी मां लक्ष्मी को सौंप दिया गया।

ससुरालियों के उत्पीड़न व प्रताड़ना की शिकार अंजलि ने बीते मंगलवार को विक्रमादित्य मार्ग चौराहे के पास जनेश्वर मिश्रा ट्रस्ट के सामने खुद पर पेट्रोल उड़ेलकर आग लगा ली थी। वहां मौजूद लोगों ने आग बुझाई थी और पुलिस ने उसे 80 फीसदी झुलसी हालत में केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया था। प्लास्टिक सर्जरी विभाग में उसका इलाज चल रहा था। शनिवार देर रात उसकी मौत हो गई। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉक्टर सुधीर सिंह ने बताया कि बताया कि करीब 40 वर्षीय महिला का प्लास्टिक सर्जरी विभाग में इलाज किया जा रहा था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।" सिंह ने बताया कि महिला की मौत का कारण 'सेप्टिक शॉक' और 'मल्टीपल ऑर्गन डिसफंक्शन सिंड्रोम' है।

# मणिपुर के कांगपोकपी जिले में बम धमाका

इंफाल, एजेंसी

- पूर्व विधायक की पत्नी की मौत वह बाल-बाल बचे



मणिपुर के कांगपोकपी जिले में बम धमाके में एक पूर्व विधायक की पत्नी की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि सैकुल के पूर्व विधायक यमथोंग हाओकिप के घर के पास स्थित एक मकान में शनिवार शाम को बम धमाका हुआ।

अधिकारियों के मुताबिक, धमाके में पूर्व विधायक हाओकिप की दूसरी पत्नी सपम चारुबाला घायल हो गईं। उन्हें सैकुल के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अधिकारियों के अनुसार, धमाके के समय हाओकिप भी घर में मौजूद थे, लेकिन उन्हें कोई चोट नहीं आई। उन्होंने बताया कि पुलिस धमाके की जांच कर रही है। मणिपुर में पिछले साल मई से इंफाल घाटी में रहने वाले मेइती और पड़ोसी पर्वतीय इलाकों में रहने वाले कुकी समुदाय के बीच जातीय हिंसा में 200 से अधिक लोगों की मौत हो गई और हजारों लोग बेघर हो गए।

### टेंग्नौपाल में गोलीबारी में 4 वॉलंटियर्स मारे गए

**इंफाल।** मणिपुर के टेंग्नौपाल जिले में उग्रवादियों और एक ही समुदाय के ग्रामीण स्वयंसेवकों के बीच गोलीबारी में चार हथियारबंद लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को मोलनोम इलाके में मुठभेड़ में यूनाइटेड कुकी लिबरेशन फ्रंट (यूकेएलएफ) के एक उग्रवादी और एक ही समुदाय के तीन ग्रामीण स्वयंसेवकों की मौत हो गई। इसके जवाब में ग्रामीण स्वयंसेवकों ने यूकेएलएफ के स्वयंभू प्रमुख एसएस हाओकिप के आवास को फूंक दिया। अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी के पीछे पलेल इलाके में उगाही पर नियंत्रण की वजह हो सकती है।

प्रदूषण के खिलाफ जंग

## वायु प्रदूषण कम करने को पांच सौ करोड़ से खरीदी जाएंगी एक हजार बीएस- 6 और 120 इलेक्ट्रिक बसें

# बरेली समेत यूपी के 17 शहर नॉन अटेनमेंट घोषित

राकेश शर्मा, बरेली

- चिह्नित नॉन अटेनमेंट शहरों में लखनऊ, मुरादाबाद, गोरखपुर, कानपुर भी



**अमृत विचार :** वायु प्रदूषण पर काबू पाने में नाकाम रहे बरेली, लखनऊ, मुरादाबाद और कानपुर समेत उत्तर प्रदेश के 17 शहरों को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने नॉन अटेनमेंट सिटी घोषित किया है। इन शहरों में प्रदूषण नियंत्रण के लिए राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रस्ताव पर पांच सौ करोड़ के बजट को मंजूरी दी गई है। इस बजट से पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने के साथ 120 इलेक्ट्रिक और एक हजार बीएस- 6 डीजल बसें खरीदी जाएंगी।

प्रदेश के 17 शहरों को नॉन अटेनमेंट घोषित किए जाने के बाद कुछ दिन पहले पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग दिल्ली ने इनमें वायु प्रदूषण को मानकों के अनुरूप लाए जाने की योजना राज्य सरकार से साझा की थी। इसमें यूपी के शहरों से दिल्ली और एनसीआर आने वाली बसों के सीएनजी, इलेक्ट्रिक, बीएस-6 डीजल होने पर जोर दिया गया था। राज्य सरकार को इन बसों का इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्देश दिया गया था, ताकि वायु प्रदूषण का स्तर कम किया जा सके।

सीएक्यूएम के निर्देशों के मुताबिक उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक ने 14 मई को सीएनजी, इलेक्ट्रिक और बीएस-6 बसों का बेड़ा बढ़ाने की योजना के तहत एक हजार बीएस- 6 डीजल बसें और 120 इलेक्ट्रिक बसें खरीदने के लिए करीब 500 करोड़ का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा था। अब शासन की ओर से इसे स्वीकृति दे दी गई है। विशेष सचिव केवी सिंह ने बसें खरीदने के लिए इस संबंध में परिवहन आयुक्त को पत्र जारी किया है।

### प्रदेश के ये शहर हुए नॉन अटेनमेंट घोषित

गाजियाबाद, नोएडा, आगरा, लखनऊ, प्रयागराज, मेरठ, वाराणसी, अनपरा, बरेली, फिरोजाबाद, मुरादाबाद, झांसी, गोरखपुर, खुर्जा, रायबरेली, गजरौला और कानपुर।

### नॉन अटेनमेंट मतलब...

नॉन अटेनमेंट सिटी का मतलब ऐसे शहर हैं जो लगातार पांच साल तक पीएम10 या नाइट्रोजन डाइऑक्साइड के लिए राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता के मानकों को पूरा करने में नाकाम रहते हैं।

## शहीद रमेश चंद्र पार्क में वित्त मंत्री ने रोपे पौधे



शाहजहांपुर, अमृत विचार : वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स के बैनर तले रविवार को आवास विकास कॉलोनी स्थित कारगिल शहीद रमेश चंद्र पार्क में पौध रोपित की गई। मुख्य अतिथि वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने टीम के सदस्यों के साथ शहीद रमेश चंद्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद पार्क में पौधरोपण किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि ग्रुप के द्वारा पार्कों की सफाई कराकर पौध रोपित करने का कार्य अत्यंत सराहनीय है। समाज के लोगों को भी इस पुनीत कार्य में हाथ बंटाना चाहिए, जिससे अपने महानगर को हरा-भरा और साफ-सुथरा बनाया जा सके। पौधरोपण प्रभारी ज्योति गुप्ता ने बताया कि धार्मिक स्थलों और मोक्षधामों में भी सफाई कार्य कराया जा रहा है, जिससे वहां पौध रोपित कर सौंदर्यीकरण किया जा सके। पार्क में चंपा, चमेली, चांदनी, अशोक आदि के 50 पौधे रोपित किए गए। इस दौरान संयोजक रिद्धि बहल, वीआईपी ग्रुप के ग्रुप क्रिएटर अभिनय गुप्ता, अध्यक्ष नीतू गुप्ता, विजय मिश्रा, आशीष त्रिपाठी, हेमंत बजाज़, सचिन बाथम, दिव्यांग सिंघल, अपूर्व अग्रवाल, वरुण शुक्ला, डॉ. गौरव कौशल, कुलदीप गुप्ता, अंकित खंडेलवाल, प्रतीक अग्रवाल, निखिल गुप्ता, पूरन सिंह, विम्मी सैनी, बीडीसी सदस्य पूनम वर्मा, डॉ. एके निगम, सुखदेव सिंह, प्रकाश निझावन, सोमदत्त यादव, आदित्य वीर सिंह, शिव शरण सक्सेना आदि शामिल रहे।

### डीआईओएस और प्रशिक्षक ने अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को समझाया नई शिक्षा नीति का महत्व

# छात्र-छात्राओं के लिए मील का पत्थर साबित होगी नई राष्ट्रीय पाठ्यचर्या

- सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स एवं इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन की ओर से हुई कार्यशाला का समापन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स एवं इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। नए राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा विषयक कार्यशाला में मुख्य अतिथि डीआईओएस हरिवंश कुमार ने कहा कि प्रधानाचार्य कार्यशाला जनपद की शिक्षा प्रणाली को नई दिशा एवं गति प्रदान करेगी। दो दिवसीय कार्यशाला का रविवार को समापन हुआ।

डीआईओएस ने कहा कि हमें अपने कार्य क्षेत्र में सफल होने के लिए बहुत कुछ सीखना पड़ता है। कार्यशाला में नई शिक्षा नीति एवं नई राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा की जो विस्तृत जानकारी दी गई है, वह विद्यालयों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में मिल का पत्थर साबित होगी। सीबीएसई के बरेली सिटी कोऑर्डिनेटर एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य वेद कुमार मिश्रा ने प्रधानाचार्यों के साथ नई शिक्षा नीति एवं नए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की और इसकी समस्त बारीकियों से अवगत कराया। कहा कि नवीन शिक्षा नीति छात्रों के भविष्य निर्माण में सहायक बनेगी। दो दिवसीय कार्यशाला के समापन पर अध्यक्ष डॉ. रचित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आरडी अग्रवाल, सिटी कोऑर्डिनेटर राजीव मोहन पांडेय, वर्षा अग्रवाल, पूनम चौधरी, अरुण खंडेलवाल आदि ने अतिथियों को अंग वस्त्र ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यशाला में लगभग 100 कॉलेजों के प्रधानाचार्यों और संचालकों ने प्रतिभाग किया। कैंब्रिज कान्वेंट पुवायां के शिक्षक राहुल शर्मा के संचालन में चली कार्यशाला में कमलजीत सिंह, प्रखर खंडेलवाल, पवित्र नील, अशोक अग्रवाल आदि का योगदान रहा। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. रचित अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया।



कार्यशाला में प्रधानाचार्यों को नई शिक्षा नीति से संबंधित प्रशिक्षण देते वेद कुमार मिश्रा। ● अमृत विचार

# पुष्पवर्षा से कांवड़ियों का स्वागत, भजनों पर थिरके बाबा के भक्त

### सावन के चौथे सोमवार को छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के लिए रवाना हुए हजारों भक्त, गूंजता रहा जयघोष

- रविवार को उमड़ा कांवड़ियों का रेला, बरेली मोड़ और सुभाष चौराहे पर श्रद्धालुओं ने शिवभक्तों को कराया भोजन, बांटा फलाहार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



भोलेनाथ का जलाभिषेक करने शहर से निकलते कांवड़िया। ● अमृत विचार



मोहम्मदी रोड पर कांवड़ियों का स्वागत करते सांसद अरुण सागर। ● अमृत विचार



बरसात में भीगते हुए छोटी काशी की ओर रवाना होते कांवड़िया।

अमृत विचार: भोले बाबा की उपासना का पवित्र श्रावण मास के चौथे सोमवार को छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में गंगा जल से अभिषेक करने के लिए कांवड़ियों का रेला उमड़ता रहा। कांवड़ियों से वातावरण शिवमय रहा। भोले बाबा के जयघोष गूंजते रहे। नगरवासी श्रद्धालुओं ने कांवड़ियों की सेवा में भंडारे लगाए और फलाहार वितरित कर पुण्य कमाया। रविवार को रुक-रुक कर हुई तेज बारिश से कांवड़ियों के हौसले पस्त नहीं हुए। पूरे उत्साह के साथ उनके कदम बाबा के दरबार की ओर बढ़ते रहे। भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने टीम के साथ कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

हमेशा की तरह बरेली मोड़ और सुभाष चौराहा पर कांबड़ियों का हुजूम देखने को मिला। रविवार को सुबह से विश्राम स्थल सुभाष चौराहा पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, ट्रकों और अन्य वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। वाहनों पर डीजे पर भोले बाबा के भजन बज रहे थे, जो वातावरण को और धार्मिक बना रहे थे। बाबा के भजनों पर नाचते-झूमते कांवड़िया मस्ती में डूबे रहे। बड़ी संख्या में महिलाएं भी छोटी काशी में अपने आराध्य देव का अभिषेक करने निकलीं। बरसात से बचने को ट्रकों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर पन्नी और तिरपाल लगाए गए थे। आदिदेव भोले नाथ के भक्तों की सेवा को भी लोग उत्सुक दिखे। सैकड़ों लोग बाइकों पर धार्मिक ध्वज लगाए छोटी काशी को कूच करते रहे। वहीं, शिव-पार्वती के स्वरूप में सजे युवा डीजे पर बज रहे भजनों पर नृत्य करते दिखे। युवाओं में भारी उत्साह दिखाई दिया।

बड़ी संख्या में नगरवासी सुभाष चौराहा पर अपनी सुविधानुसार पहुंचते रहे और फलाहार और पानी बांटते रहे। वहीं, भंडारे होते रहे। चूंकि इस बार चौथा सोमवार है, इसलिए कांवड़ियों की संख्या में भारी वृद्धि होती दिखी। रुक-रुक कर हो रही बरसात की चिंता किए बिना कांवड़िया भीगते हुए लगातार बाबा की जय-जयकार करते गंतव्य की ओर रवाना होते रहे। यही हाल बरेली मोड़ का भी रहा। इस क्षेत्र में भी सेवा को श्रद्धालु तत्पर दिखे। थोड़ी-थोड़ी दूरी पर भंडारे चल रहे थे। बरेली मोड़ पूरे दिन और रातभर भगवान शिव के जयघोष से गूंजता रहा। भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के भी कड़े प्रबंध किए गए हैं।

### सहयोग संस्था ने कांवड़ियों को कराया भोजन

सहयोग संस्था ने सेवाभाव के क्रियाकलापों के तहत रविवार को सुभाष चौराहा पर भंडारे का आयोजन किया। इस दौरान संस्था की ओर से शिवभक्त कांवड़ियों और उनके सहयोगियों के लिए भोजन के साथ फलाहार की भी व्यवस्था की गई थी। सेवा कार्य में संस्था संरक्षक शाहनवाज खां, प्रधान अनिल गुप्ता, अध्यक्ष नेहा यादव सक्सेना, महासचिव अनूप कुमार, महेंद्र दुबे, नुजहत अंजुम, नितिन सक्सेना, सचिन सक्सेना, शफीकुद्दीन अंसारी, सोमेश यादव, निखिल महेंद्रू, हरजीत सिंह, विक्रांत सक्सेना, राजविंदर सिंह, नाजिम अंसारी, शालू यादव, डॉ. योगेंद्र सक्सेना, जितेंद्र सिंह, एडवोकेट, रेखा शर्मा, रविंद्र सिंह आदि का सहयोग रहा।



सुभाष चौराहा पर भजनों पर डांस करते कांवड़िया। ● अमृत विचार



सुभाष चौराहे पर भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते कांवड़िया। ● अमृत विचार

## 10 से बढ़ाकर 25 अगस्त की गई फसल बीमा तिथि

शाहजहांपुर, अमृत विचार: किसानों के लिए भारत सरकार की ओर से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अपनी फसलें धान, मक्का, तिल, बाजरा, उर्द को बीमित कराने की तिथि 10 अगस्त के स्थान पर बढ़ाकर अब 25 अगस्त कर दी गयी है। डीडी कृषि धीरेंद्र सिंह ने बताया कि जिले के सभी किसान दैवीय आपदा से फसलों की सुरक्षा के लिए को बीमित कर जोखिम को कम कर सकते है। फसलों को खरीफ सीजन में बीमित किए जाने की अंतिम तिथि 25 अगस्त है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिक जानकारी के लिए किसान उप कृषि निदेशक कार्यालय लोधीपुर व जनपद में फसल बीमा करने के लिए अनुबंधित बीमा कंपनी के प्रतिनिधि समी आलम के मोबाइल संख्या 7355321155 पर संपर्क कर फसल बीमा संबंधी अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# व्यस्तता भले बढ़ी पर जिले के लोगों के लिए हमेशा रहूंगा उपलब्ध: जितिन

- रविवार को गृह जनपद पहुंचे केंद्रीय राज्य मंत्री ने सुनी लोगों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



प्रसाद भवन में लोगों से मिलते केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद।

अमृत विचार : केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने अपने आवास पर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

रविवार को उन्होंने लोगों से मुलाकात के दौरान कहा कि उनकी व्यस्तता भले ही बढ़ गई, लेकिन जनपद के लोगों की समस्याओं के निदान के लिए वह पहले की तरह ही उपलब्ध हैं। कहा कि शाहजहांपुर मेरा घर है। यहां के एक-एक व्यक्ति से उनके पारिवारिक रिश्ते हैं, जो जीवन पर्यंत रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ तक हम सबकी प्राथमिकता है कि जनता को उनकी समस्याओं के निदान के लिए चक्कर न काटने पड़ें। अगर किसी को कोई समस्या आ रही हो तो वह निःसंकोच उन्हें बताए। डबल इंजन सरकार में जनता की समस्याओं का निदान सर्वोपरि है। जन समस्याओं के निराकरण में रुचि न लेने वाले अधिकारियों के बारे में यदि कोई शिकायत उन्हें प्राप्त होती है ऐसे अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा।

इस दौरान एमएलसी सुधीर गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्र, मंत्री के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, छावनी परिषद के नामित सदस्य अवधेश दीक्षित, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह, जिला महामंत्री अनिल सिंह, अनिल तिवारी, अनंतदेव मिश्रा मोती, मनिल बाजपेयी, विजय मिश्रा, प्रशांत आदि मौजूद थे।

## रुद्राभिषेक से जल्द प्रसन्न होते हैं भोलेनाथ

कांट, अमृत विचार : कथा व्यास पंडित राहुल कृष्ण दीक्षित द्वारा नागपंचमी के अवसर पर सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन कराया गया। जिसमें 108 पार्थिव शिवलिंग का पूजन 108 यजमानों के द्वारा संपन्न किया गया।

कथा व्यास राहुल कृष्ण दीक्षित ने बताया कि रुद्राभिषेक महादेव को प्रसन्न करने का एक चमत्कारी उपाय है। यदि उचित समय पर रुद्राभिषेक किया जाए, तो महादेव मनचाहा वरदान भी दे सकते हैं। शास्त्र बताते है कि महादेव के हृदय के रुद्र रूप में अभिषेक का विशेष स्थान है। सावन में शिवरात्रि के दौरान इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। इस दौरान आचार्य अतुल शुक्ला, आदित्य मिश्रा, चंद्रमोहन तिवारी, राहुल अवस्थी, भानू दीक्षित, गोविंद पांडे आदि उपस्थित रहे।

# ...हिंदोस्तां के जैसा नहीं है कोई वतन

- मदरसा नूरुल हुदा में काकोरी ट्रेन एक्शन और जश्ने आजादी के मौके पर मुशायरा-कवि सम्मेलन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



मदरसा नूरुल हुदा में मुशायरा-कवि सम्मेलन में काव्य पाठ करते शायर खलीक शौक।

अमृत विचार: मदरसा नूरुल हुदा, बिजलीपुरा में काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ एवं जश्ने आजादी के मौके रविवार पर मुशायरा-कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय कवियों और शायरों ने काव्य पाठ कर शहीदों को भावांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम का आरंभ शायर कासिम अख़्तर वारसी ने नात-ए-पाक से किया। वरिष्ठ कवि ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत करते हुए कहा- मजहब क्या होता है तुमको बतला देंगे, तुलसी कबीर नानक गौतम गांधी जैसे, कैसे चुकता होता है मां का कर्ज़ यहां, पूछो सुभाष अशफाक लाहिड़ी रोशन से। खलीक शौक ने कहा- सारे जहान में नहीं ऐसा कोई चमन, हिंदोस्तां के जैसा नहीं है कोई वतन। इशरत सगीर ने देशभक्ति का गीत पढ़ते हुए गुनगुनाया- हार जाती हैं यकीनन मुश्किलें इंसान से, चूम कर आकाश लहराए तिरंगा शान से। हसीब चमन शाहजहांपुरी ने सुनाया- कितने ख़ुद्दार थे आजाद वतन कर के गए, ऐसे दिलदार थे आज़ाद वतन कर के गए। अजय अवस्थी ने गीत के माध्यम से कहा- साथ तुम्हारा मिला अगर तो हम कुछ भी कर जाएंगे, होते कैसे सांझ-सवेरे दुनिया को बतलाएंगे। संचालक विकास सोनी ऋतुराज ने अपनी बात इस तरह रखी- मैं अंधेरों को मिटाने आ गया हूं, प्यार के दीपक जलाने आ गया हूं। इस तिरंगे से बड़ा कुछ भी नहीं है, मैं वतन के गीत गाने आ गया हूं। फैजान आतिफ ने कलाम सुनाया- बहुत ही दूर होता जा रहा है, ये मेरा मुल्क क्यों अम्नो अमां से। कासिम अख्तर वारसी ने सुनाया- जिन के दम से हुआ आजाद वतन याद करो, उनकी यादों का शहर दिल में भी आबाद करो। प्रधानाचार्य इक़बाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सैयद शारिक अली, इजहार हसन, मोहम्मद जाहिद, शारिक अली खां, साजिद अली खां, ममनून खां, मोईन खान, मुख़्तार अहमद, हैदर अली, जहूर ख़ां, इमरान सईद, अब्दुल लतीफ, शाहनवाज आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम | शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर अर्पित किए श्रद्धासुमन

# अखंड भारत संकल्प के साथ बजरंग दल ने निकाली बाइक रैली



शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते बजरंग दल कार्यकर्ता। ● अमृत विचार



विश्व हिंदू परिषद की युवा शाखा बजरंग दल की ओर से निकाली गई रैली में शामिल युवा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : विश्व हिंदू परिषद की युवा शाखा बजरंग दल के नेतृत्व में रविवार को अखंड भारत संकल्प बाइक यात्रा निकाली गई।

यात्रा का आरंभ विहिप प्रांत मंत्री अनुज सिंह और आरएसएस के विभाग संघ चालक रवि मिश्रा ने भगवा झंडा दिखाकर किया। हनुमतधाम से शुरू हुई अखंड भारत संकल्प यात्रा गोपाल प्रजापति के नेतृत्व में निकाली गई, जो केरूगंज, चारखंभा, चौक, मालखाना मोड़ होते हुए घंटाघर पहुंचीं, जहां भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद यात्रा मशीनरी मार्केट, बहादुरगंज, सदर बाजार होते हुए बाबा विश्वनाथ मंदिर पहुंची। नगर निगम परिसर में स्थापित अमर बलिदानियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर प्रांत मंत्री अनुज सिंह ने कहा कि 14 अगस्त 1947 की रात्रि को जो धर्म के आधार पर देश का बंटवारा हुआ, वह हमे स्वीकार नहीं है। लाखों देशवासियों ने अखंड भारत माता को स्वतंत्र कराने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है, इसलिए हम सभी संकल्प लेते हैं कि हम पुनः भारत माता को अखंड बनाएंगे।

संकल्प यात्रा में महानगर मंत्री अशनील सिंह, विभाग संयोजक हरीश प्रजापति, महानगर संयोजक अंकित मिश्रा, महानगर सह-संयोजक हर्षित गुप्ता व राहुल कनौजिया, श्री ओम गुप्ता, महानगर सह मंत्री धर्मेंद्र सिंह, प्रदीप प्रजापति, रमेश कोरी, श्याम मिश्रा, बलराम गुप्ता, आशीष शर्मा, रामू, सुधीर सक्सेना, ऋषभ गुप्ता, कुणाल राठौर, शिवेंद्र सिंह, अजय मिश्रा, विपिन श्रीवास्तव आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

## मोह त्यागने पर होगी प्रभु की प्राप्ति

तिलहर, अमृत विचार: नगर में स्थित मोहल्ला निजामगंज के अग्रवाल धर्मशाला में चल रही 11 दिवसीय श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस शनिवार को कथा व्यास आचार्य पंडित देव प्रकाश मिश्र ने नारद मोह प्रसंग की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि नारद मोह प्रसंग से हम सभी को शिक्षा लेनी चाहिए। कहा कि भक्ति और वैराग्य का अर्थ जानने के लिए शुरुआत भक्ति से ही करनी पड़ेगी क्योंकि भक्ति से ज्ञान मिलता है और ज्ञान से वैराग्य व वैराग्य से ही तत्व की प्राप्ति होती है। उन्होंने बताया कि प्रभु को पाने के लिए देह आसक्ति और गेह आसक्ति छोड़नी होगी। शरीर और घर से मोह त्यागने वाला ही प्रभु को पा सकता है। व्यवस्थापक सचिन गर्ग जी ने बताया कथा प्रतिदिन 18 अगस्त तक चलेगी जिसका समय शाम सात से रात 10 बजे तक का है। श्रोताओं में अशोक अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, सचिन गर्ग, विवेक अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, विवेक द्विवेदी, विनोद सिंह आदि मौजूद रहे।

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

उत्तर प्रदेश सरकार व नीति आयोग द्वारा रजिस्टर्ड Reg. No.201900787012235
Social Welfare Service Trust
समाज कल्याण सेवा ट्रस्ट की सदस्ता लेने के लाभ
हमारा लक्ष्य आपका विकास
कार्ड एक फायदे अनेक
"स्वास्थ्य लाभ कार्ड"
(The online Hospital)
कार्ड के फायदे
- लैब टेस्ट पर विशेष छूट
- खून जांच पर विशेष छूट
- अल्ट्रासाउंड पर विशेष छूट
- MRI, CT Scan व अन्य टेस्टों पर विशेष छूट
- कभी भी आप हमारे अनुभवी डॉक्टर से मुफ्त में परामर्श ले सकते हो
- अब आपका निजी डॉक्टर रहेगा हमेशा आपके साथ आपके फोन पर
- बस एक फोन पर ले अनुभवी डॉक्टर से हर परामर्श वो भी बिल्कुल मुफ्त में
जल्दी करे कार्ड के और भी बहुत से फायदे है
ज्यादा जानकारी के लिए हमसे संपर्क करें
ग्राम सखी और ब्लॉक सहायक पद के आवेदन के लिये वेबसाइट पर विजिट करें
www.sksa.org.in
MO. 9045350563
सदस्यता लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
Website : www.sksa.org.in
E-mail : skseva6@gmail.com
Office - Mahanagar Colony Gol Chakkar Near PNB ATM Pilibhit bypass bareilly 7310916076




# दंपती को घर में बंधक बनाकर लाखों की लूट

## मोहम्मदी-शाहजहांपुर रोड किनारे बने मकान को बनाया निशाना, नगदी और जेवरों पर किया हाथ साफ

**पीठ पर चाकू कनपटी पर तमंचा सटाए रहा बदमाश**

भूपेंद्र ने बताया कि बदमाशों ने उसे चारपाई पर उल्टा करके हाथ बांध दिया। इसके बाद एक बदमाश एक हाथ से पीठ पर चाकू और दूसरे हाथ में कनपटी पर तमंचा लगा दिया। बाकी दो बदमाश लूटपाट करते रहे। डर की वजह से वह लोग शोर नहीं मचा सके। भूपेंद्र ने बताया कि पांच हजार रुपये उसे सिटी पार्क में माली की नौकरी में पगार के मिले थे, जिसे भी बदमाश ले गए। मां और पत्नी का जेवर भी ले गए, जिसकी कीमत लगभग 10 लाख रुपये है।

संवाददाता, रोजा/शाहजहांपुर


**अमृत विचार :** थाना रोजा क्षेत्र के गांव पिपरिया सड़क में मोहम्मदी-शाहजहांपुर रोड किनारे बने भूपेंद्र यादव के मकान में शनिवार रात दो बजे तीन बदमाशों ने लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। दीवार फांदकर घुसे बदमाशों ने तमंचा दिखाकर दंपती को बंधक बना लिया और घर के अंदर दो घंटे तक लूटपाट करते रहे। बदमाश पांच हजार की नगदी और लाखों के जेवर निकाल ले गए। रविवार सुबह एएसपी सिटी संजय कुमार, एसपी अशोक कुमार मीणा ने मौका मुआयना कर घटना के खुलासे के निर्देश दिए। दो संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया गया है। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य इकट्ठा किए।

गांव पिपरिया सड़क निवासी भूपेंद्र यादव शनिवार रात मकान में पत्नी पूजा और एक वर्ष की बेटी आराध्या के साथ बरामदे में सो रहा था। भूपेंद्र के पिता रामबाबू जलालाबाद के गांव पुरेना स्थित मकान में दूसरे बेटों के पास गए हुए थे। रात में करीब दो बजे तीन बदमाश मकान की दीवार फांद कर घर के अंदर घुस आए और बरामदे में सो रहे भूपेंद्र को जगाने के बाद दो थप्पड़ लगाते हुए सीने पर तमंचा तान दिया और शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देकर चुप करा दिया। इसके बाद पूजा की साड़ी से उसे चारपाई पर उल्टा लिटाकर हाथ बांध दिए। बेटी रोने लगी तो पूजा से कहा कि इसे दूध पिलाकर चुप कराओ और इसी के साथ ही बदमाशों ने पूजा से उसकी सास गीता के कमरे की चाबी मांगी, जिस पर उसने कह दिया कि चाबी सास के पास है और वह पुरेना गई हुई हैं। इसके बाद बदमाशों ने पूजा से अपने कमरे की चाबी देने को कहा, डर की वजह से पूजा ने चाबी दे दी। इसके बाद बदमाशों ने पूजा की सास के कमरे का भी ताला तोड़ दिया। बदमाशों ने चारपाई पर बांधकर लिटाए गए भूपेंद्र को खोलकर कमरे में तख्त पर लिटाकर बांध दिया और उसकी पत्नी पूजा को भी उसी कमरे में बैठाने के बाद लूटपाट शुरू कर दी। कमरों में रखी अलमारी और बक्से से पांच हजार रुपये की नगदी और पूजा और उसकी सास गीता के जेवरों में सोने के दो हार, पांच जोड़ी पायलें, एक बेसर, एक मांग वेदी, दो जोड़ी झाले, एक जोड़ी झुमकी, एक सोने की अंगूठी, एक हाथफूल निकाल लिए और चले गए। घटना के बाद सूचना पर 112 डायल पुलिस गांव पहुंची और फिर इसके बाद 112 पुलिस की सूचना पर थाने से पुलिस टीम पहुंची और मामले की जानकारी की। रविवार सुबह करीब नौ बजे भूपेंद्र के पिता रामबाबू भी सूचना पाकर गांव पहुंच गए। उन्होंने बताया कि बदमाशों ने उन्हें नगदी-जेवर सहित करीब 10 लाख रुपये की चपत लगाई है। लूटपाट की सूचना पर रविवार शाम करीब चार बजे एसपी अशोक कुमार मीणा भी मौका मुआयना करने पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी कर रोजा थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार को घटना का जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य इकट्ठा किए।

- दीवार फांदकर घर में घुसे तीन बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम
- एसपी ने किया मौका मुआयना, दो संदिग्ध हिरासत में, पूछताछ जारी


घटना के बाद रिश्तेदार महिलाओं के साथ एक तरफ गुमसुम बैठी पूजा। ● अमृत विचार


मौका मुआयना करने पहुंचे एसपी अशोक कुमार मीणा। ● अमृत विचार


बदमाशों के जाने के बाद इसी खिड़की को तोड़कर बाहर निकला भूपेंद्र।


घर के अंदर आंगन में बिखरे कपड़े, बक्सा और सूटकेस।

### खिड़की तोड़कर कमरे के बाहर निकला भूपेंद्र

लूटपाट की घटना को अंजाम देने के बाद बदमाशों ने तीनों को कमरे में बंद कर बाहर से कुंडी लगा दी और मुख्य गेट से बाहर निकल गए। जाते समय मुख्य गेट में भी बाहर से कुंडी लगा गए। बदमाशों के जाने के करीब आधा घंटे बाद खिड़की तोड़कर भूपेंद्र कमरे से बाहर निकला और मुख्य गेट को खोलने पहुंचा तो वहां बाहर से कुंडी लगी थी, तब वह दीवार फांद कर घर से बाहर निकला और सड़क पार कर गांव के अंदर पहुंचकर शोर मचाया, तब लोगों को जानकारी हुई।

### 30 से 45 की उम्र के बताए जा रहे बदमाश

पीड़ित दंपती ने बताया कि बदमाशों की उम्र करीब 30 से 45 के बीच रही होगी। सामान्य कद काठी के लग रहे थे। ज्यादा मोटे थे और न ही ज्यादा पतले थे। पीड़ित ने बताया कि ज्यादा बदमाशों की तरफ देखने पर वह लोग जान से मार देने की बात कहकर धमका देते थे।

### संदिग्ध को पकड़कर पुलिस को सौंपा

घटना के बाद रविवार सुबह भूपेंद्र को मकान से कुछ दूरी पर भटपुरा रसूलपुर गांव का एक युवक दिखाई दिया। जिसे संदिग्ध के तौर पर पहचान करते हुए उसने गांव वालों की मदद से पकड़ लिया और उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। भूपेंद्र की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में भी उसका जिक्र किया गया है।

### गांव में ही है भूपेंद्र की ससुराल और ननिहाल

भूपेंद्र ने बताया कि वह मूल रूप से जलालाबाद के गांव पुरेना का रहने वाला है। यहां पिपरिया सड़क में उसकी ननिहाल है और उससे मामा की बेटी पूजा ब्याही है। मां और पिता का यहां और पुरेना आना-जाना लगा रहता है। करीब एक सप्ताह पहले मां और पिता पुरेना गए थे।

### गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित

एएसपी सिटी संजय कुमार ने बताया कि पिपरिया सड़क गांव में एक मकान में घुसकर लूटपाट की गई है, जिसमें दो संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। बाकी की सुरागरसी के लिए सीओ सदर के नेतृत्व में तीन टीमें लगाई गई हैं, जिसमें एसओजी, थाना रोजा और हथौड़ा चौकी पुलिस को लगाया गया है।


अलमारी के बाहर बिखरे कपड़े और सामान। इसी अलमारी से जेवर निकाल ले गए बदमाश। ● अमृत विचार

### मुनेंद्र के घर भी लूट करने पहुंचे थे बदमाश

भूपेंद्र यादव के घर लूटपाट करने से पहले बदमाश गांव के अंदर मुनेंद्र यादव के मकान के पास भी पहुंचे थे। मुनेंद्र का मकान गांव के किनारे पश्चिम की ओर नहर किनारे है। उस वक्त मुनेंद्र और उनकी पत्नी जाग रहीं थीं हालांकि बच्चे सो गए थे। घर के बाहर आहट सुनाई देने पर भूपेंद्र ने ललकारा तो बदमाश भाग गए।

### सुरक्षा व्यवस्था पर खड़ा हो रहा प्रश्नचिन्ह

पिपरिया सड़क में भूपेंद्र के घर हुई लूटपाट की घटना को लेकर लोग पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लगा रहे हैं। गांव के लोगों का कहना था कि इन दिनों मोहम्मदी रोड पर गोला गोकर्णनाथ के लिए कांवड़िया निकल रहे हैऔर पुलिस पिकेट की ड्यूटी भी रहती है, इसके बाद भी इसी रोड किनारे घर में लूटपाट की घटना से पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठना लाजमी है।

## कमरे की छत गिरी, मलबे में दंपती सहित चार फंसे

**तिलहर, अमृत विचारः** कच्ची छत गिर जाने से उसके मलबे के नीचे दंपती सहित चार लोग फंस गए। परिवार के अन्य लोगों ने उन्हें बमुश्किल मलबे के नीचे से निकाला। बहादुरगंज मोहल्ला निवासी राशिद ने बताया शनिवार रात वह अपनी पत्नी राबिया बी, पुत्री फलक व पुत्र अरमान के साथ कमरे में सोने चले गए थे। रात लगभग 3 बजे अचानक उनके ऊपर उनके कमरे की कच्ची छत गिर गई, जिससे वह लोग उसके नीचे दबकर घायल हो गया। जानकारी होने पर पड़ोस के कमरों में सो रहे परिजनों ने उन्हें बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। राशिद ने बताया कि वह हेयर कटिंग का काम करते हैं और उन्होंने पक्के आवास के लिए कई वर्ष पहले आवेदन किया हुआ है, लेकिन अभी तक उन्हें राशि नहीं मिली। जिस कारण वह कच्चे मकान में ही रह रहे थे।

## सार-संक्षेप

### चीनी मिल में एंगल गिरने से दो घायल

**बंडा।** मकसूदापुर स्थित बजाज चीनी मिल में शनिवार को प्लांट में मेंटीनेंस के दौरान हादसा हो गया। लोहे का एंगल गिरने से नीचे काम कर रहे दो युवक गंभीर घायल हो गए। गनीमत रही कि कुछ अन्य बाल-बाल बच गए। घायलों को बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बजाज चीनी मिल में वर्तमान में प्लांट के मेंटीनेंस का काम चल रहा है। ठेकेदार की देखरेख में शनिवार शाम को प्लांट में दर्जन भर के करीब मजदूर कार्य में जुटे थे। इस दौरान ऊंचाई पर चल रहे काम के दौरान लोहे का एक बड़ा एंगल नीचे आ गिरा। जिसकी चपेट में आने से नीचे कार्य कर रहे बंडा के गांव उदरा टिकरी निवासी सुखदीप सिंह और भगवंतापुर निवासी अनिल कुमार घायल हो गए। नीचे काम कर रहे करीब दर्जन भर मजदूरों ने भाग कर जान बचाई। घायल अनिल कुमार और सुखदीप सिंह को बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### मां-बेटे को पीटकर किया बेदम

**जलालाबाद।** गांव नगरा टिकोला निवासी किरण पत्नी सतीश ने कोतवाल को तहरीर देकर बताया कि शनिवार को वह अपने पुत्र आशीष के साथ खेत पर धान की फसल और चारे की रखवाली कर रही थी, तभी गांव के ही पांच लोग बकरी चराने के लिए लाए और मना करने के बावजूद हमारे खेतों में बकरी भेज दी। जब हमने विरोध किया, तो जाति सूचक गलियां देते हुए पिटाई कर दी। जिससे हमें गंभीर चोटें आईं। वहीं कोतवाल हरिपाल सिंह बालियान ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### दादा लापता, पोते ने दर्ज कराई गुमशुदगी की रिपोर्ट

**खुटार।** क्षेत्र के गांव मोहनपुर निवासी रोहित कुमार ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसके दादा नंगूलाल( 75 ) एक माह पूर्व रिश्तेदारी में दवा लेने की बात कहकर घर से गए थे। एक माह बीत जाने के बाद वह वापस नहीं आए। दादा की तलाश करते हुए रिश्तेदारी में पहुंचा, जहां पर उनका कोई अता-पता नहीं चल सका। उसने इधर-उधर अन्य रिश्तेदारियों में भी जानकारी ली लेकिन उनके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। जिस पर रोहित ने रविवार को थाने पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मारपीट में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

खुटार, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव मुरादपुर निबिया खेड़ा निवासी राम नरेश ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि रविवार दोपहर वह अपने दरवाजे पर बैठा था, तभी पड़ोस के ही रहने वाले रामकिशोर की पत्नी सुनीता देवी व उनके पुत्री लक्ष्मी देवी मामूली बात पर गाली गलौज करने लगी। जिसका विरोध करने पर सुनीता देवी, लक्ष्मी, बेटे सुखविंदर व सुरविंदर के साथ मिलकर उसके साथ लात घूंसों व डंडों से मारपीट शुरू कर दी। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने राम नरेश की तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच जांच कर रही है।

## महिला को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला तहवरगंज निवासी पूजा मेहता ने बताया कि गुरुवार की दोपहर वह घर के बाहर दरवाजे के पास सीढ़ियां बनवा रही थी। मोहल्ले के राजकुमार ने उसे सीढ़ियां बनवाने के लिए मना किया। उसने कहा कि सब ने अपने दरवाजे के बाहर सीढ़ियां बनवा ली है। इस बात से राजकुमार नाराज हो गया और गाली देने लगा। विरोध करने पर उसे पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ला ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# चोरी का खुलासा, दो चोर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- नगदी व जेवर बरामद, बेच दी थी बाइक, दो आरोपी हो गए फरार

**अमृत विचार :** बंडा पुलिस ने बाबा चरनदास कॉलोनी में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार किया। दो चोर फरार हो गए। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से नगदी, जेवर बरामद किए गए। चोर बाइक को बेच चुके थे।

बंडा प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि सात जून को अमित कुमार गुप्ता निवासी बाबा चरनदास कॉलोनी थाना बंडा के घर से नगदी, जेवर आदि सामान चोरी हो गया था।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

उन्होंने अज्ञात में चोरी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीम चोरों की सुरागरसी में लगी हुई थी। रविवार की सुबह चार बजे पुलिस को सूचना मिली कि नवदिया पुल की तरफ चोर चोरी की योजना बना रहे है।

पुलिस ने घेराबंदी करके दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चोर लालू सिंह निवासी लक्ष्मणपुर थाना बंडा व रोहित सिंह निवासी नवदिया बंकी थाना बंडा है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के जेवर व 4700 रुपये बरामद किए है। पूछताछ के दौरान चोरों ने बताया कि अमित कुमार के घर से छह जोड़ी पायल, चार जोड़ी बिछिया, तीन सोने के नाक के फूल, एक अंगूठी, छह हजार रुपये और बाइक चुराई थी। चोरी की बाइक को सस्ते दाम में बेच दिया था। उसके साथ विजय सिंह और पुष्पेंद्र निवासी लक्ष्मणपुर गौटिया बंडा भी थे। वह दोनों फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों चोरों का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक जयचंद्र गिरी आदि थे।

## हिस्ट्रीशीटर सहित दो लोग गिरफ्तार



**जलालाबाद, अमृत विचार :** थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से हिस्ट्रीशीटर समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों के पास से तमंचा, पौनिया और कारतूस भी बरामद हुए हैं। जलालाबाद पुलिस ने गांव खलसा क्षेत्र से रविवार दोपहर12 :40 बजे शेरपुर चुरघुटी निवासी हिस्ट्रीशीटर सुरेश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक 12 बोर का तमंचा, एक कारतूस बरामद किया है। वहीं गांव टापर निवासी केशव को गांव दिबियापुर के जंगल में निर्मल द्विवेदी के ट्यूबवेल के पास से रविवार दोपहर एक बजे गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने 315 बोर की पौनिया, दो कारतूस बरामद किए हैं।

# जनसेवा केंद्र संचालक के घर से लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जमौर गांव की घटना, तीन लाख नौ हजार की नगदी, मोबाइल समेत बैग उड़ाया
- सुबह जागने पर हुई जानकारी पुलिस ने जांच के बाद दिया कार्रवाई का भरोसा

**अमृत विचार :** चोरी की वारदातें दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। जमौर गांव में जनसेवा केंद्र संचालक के घर में घुसे चोर तीन लाख नौ हजार रुपये, मोबाइल समेत बेग चुराकर ले गए। पीड़ित कोसुबह जागने पर जानकारी मिली।

कांट थाना क्षेत्र के गांव जमौर निवासी सुमित कुमार का गांव में ही जनसेवा केंद्र है। मंगलवार शाम साढ़े सात बजे उन्होंने तीन लाख नौ हजार रुपये, मोबाइल और कुछ जरूरी कागजात बैग में रख लिए और केंद्र बंद करके घर चले आया। सुमित ने रुपये, मोबाइल समेत बैग अलमारी में लाकर रख दिया। वह रात खाना खाकर कमरे में सो गया। शनिवार रात चोर छत से जीने के सहारे कमरे में आ गए। अलमारी खोलकर बैग निकाल लिया और बैग लेकर निकल गए। रविवार सुबह छह बजे वह सोकर उठा, तो देखा कि एक कमरे में अलमारी खुली हुई और कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने देखा कि अलमारी में रखा बैग गायब था। उन्होंने कांट थाना पर सूचना दी।

उप निरीक्षक कुलदीप सिपाहियों के साथ मौके पर गए और मौका मुआयना किया। जनसेवा केंद्र संचालक ने बताया कि जीने का दरवाजा खुला हुआ था और चोर जीने से नीचे कमरे में आए हैं।

बैग में तीन लाख नौ हजार रुपये व एक मोबाइल था। मोबाइल में दो सिम पड़े हैं। पुलिस ने मोबाइल मिलाया लेकिन वह स्विच ऑफ था। पीड़ित ने बताया कि वह जनसेवा केंद्र पर लेनदेन करता है। उसने चोरी की तहरीर दे दी है। उप निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि जांच की जा रही है।

### गोदाम से चोरी कर भाग रहा युवक पकड़ा

**तिलहर।** भेदपुर गांव स्थित टाटा गोदाम के खाद एवं बीज के डिस्ट्रीब्यूटर राजीव मल्होत्रा ने बताया कि उनके गोदाम पर जगपाल चौकीदारी करता है। तड़के दो व्यक्ति गोदाम के अंदर घुस आए और खाद व बीज चोरी कर ले जाने लगे। चौकीदार जगपाल ने भेदपुर गांव के आरोपी राम मूर्ति को मौके पर ही पकड़ लिया। चौकीदार ने अन्य पड़ोस के लोगों को बुला लिया और चोरी कर सामान ले जा रहे चोर की लोगों ने धुनाई कर पुलिस को बुलाकर सौंप दिया।वहीं कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पकड़े गए आरोपी राममूर्ति ने फरार साथी का नाम अपने ही गांव का निवासी रतीराम बताया है। उसकी भी तलाश की जा रही है।

# दंपती को रास्ते में घेरा, चाकू से पति को किया घायल

- थाने से शिकायत कर लौटते समय आरोपियों ने किया हमला

**तिलहर, अमृत विचार :** मारपीट की शिकायत कर कोतवाली से घर जा रहे दंपती पर आरोपियों ने रास्ते में घेर लिया। इस दौरान आरोपियों ने पति को चाकू मारकर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है, वहीं आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

गांव जन्यूरी निवासी सुनीता देवी अपने पति रामप्रकाश के साथ शनिवार को कोतवाली आई थी। सुनीता ने गांव निवासी पिता-पुत्रों पर लाठी-डंडों से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। तहरीर देने के बाद वह लोग गांव लौट रहे थे। रास्ते में रस्तोगी धर्मशाला के पास आरोपियों ने उन्हें घेर लिया और मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। हमले में राम प्रकाश के हाथ में चाकू लग गया और वह लहूलुहान हो गए। कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों में मुकदमे को लेकर विवाद चल रहा है। चाकू मारने के आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ जा रही है।

# ट्रेन न रुकती तो हो जाता बड़ा हादसा, फैल गई थी आग लगने की अफवाह

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** पंजाब मेल में आग की अफवाह पूरी ट्रेन में फैल गई थी। अगर ट्रेन न रुकती तो बड़ा हादसा हो सकता था। जब तक लोगों को पूरी जानकारी नहीं हुई वह सहमे रहे। यात्रियों ने अपने सामान की परवाह नहीं की और एक कोच से दूसरे कोच में इधर-उधर भागने लगे।

ट्रेन संख्या 13006 अमृतसर-हावड़ा पंजाब मेल रविवार की सुबह पौने नौ बजे लखनऊ की ओर जा रही थी। जनरल कोच गार्ड की बोगी के पीछे लगा हुआ था। कोच में क्षमता से अधिक सवारियां थी। बिलपुर स्टेशन से ट्रेन निकलने के बाद शौचालय के बाहर रखे रेलवे अग्निशमन यंत्र से अचानक आग बुझाने वाला केमिकल निकलने लगा। केमिकल धुंआ जैसा होता है। यात्रियों ने समझा कि कोच में आग लग गयी। जिससे अफरा-तफरी मच गयी। यात्री अपना सामान छोड़कर इधर-उधर भागने लगे। कोच के अंदर से दूसरे कोच में जाने लगे। यात्री एक दूसरे को धक्का देकर भाग रहे थे। यात्रियों ने चेन पुलिंग कर दी। ट्रेन बहगुल नदी पर जाकर रुकी। जो कूदे वह ट्रेन की स्पीड कम होने पर पुल से नीचे रेत पर जाकर गिरे। घटना के पीछे रेल अधिकारी आशंका व्यक्त कर रहे हैं कि किसी यात्री ने अग्निशमन यंत्र से छेड़खानी की होगी। पिन निकलने पर यंत्र से केमिकल निकलने लगा।


हादसे के बाद शाहजहांपुर स्टेशन पहुंची ट्रेन व मौजूद बड़ी संख्या में लोग। ● अमृत विचार

### नहीं की सामान की परवाह, इधर-उधर भागने लगे यात्री

ट्रेन में आग की अफवाह को लेकर कोच में सवार यात्री एक-दूसरे को कुचलते हुए इधर-उधर भागने लगे। कोच में ऊपर सीट पर बैठे यात्री लोगों के ऊपर कूद गए। कोच में चीख पुकार मचने लगी। लोग एक दूसरे को रौंदते हुए निकल रहे थे। किसी को अपने सामान की परवाह नहीं थी और लोग अपनी जान बचाने में लगे हुए थे। कई यात्री नीचे गिर गए थे। यात्रियों ने समझा कि दूसरी बोगी में नहीं भाग पाएंगे तो ट्रेन से कूद गए थे।



हादसे में घायलों को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचीं 108 एंबुलेंस। ● अमृत विचार

- मुसीबत बनी पंजाब मेल में अग्निशमन यंत्र से की गई छेड़छाड़


हादसे में घायल यात्री।

### करीब 20 यात्री कूदे थे नीचे

घटना के प्रत्यक्षदर्शी यात्री शिव सहाय और चंद्रपाल यादव ने मीडिया को बताया कि अचानक कोच में आग लगने से शोर मच गया था। ट्रेन में पैर रखने की जगह नहीं थी और यात्री गैलरी में बैठे हुए थे। दोनों ट्रेन से कूदना नहीं चाहते थे और कोच के दरवाजे के पास आकर खड़े हो गए थे। पीछे से धक्का-मुक्की में लोगों ने उन दोनों को धक्का दे दिया। बाद में पता चला कि कोच में आग नहीं लगी थी बल्कि यंत्र से केमिकल का धुंआ निकलते देखकर लोग कूदने लगे थे। लोगों ने अफवाह फैला दी थी।



घायल को अस्पताल ले जाती स्वास्थ्य विभाग की टीम। ● अमृत विचार

पंजाब मेल बिलपुर स्टेशन को पार करके कटरा पहुंच रही थी। ट्रेन के पीछे जनरल कोच में आग लगने की अफवाह फैल गई। यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। ट्रेन की स्पीड कम होने पर यात्री कूदने लगे। छह यात्री गंभीर घायल हुए थे और बाकी यात्रियों के मामूली चोटे आई थी। अग्निशमन यंत्र पिन निकलने से लीक हो गया और कोच में धुंआ भर गया। शोर-शराबा होने पर ट्रेन को रोक दिया था। आशंका व्यक्ति की जा रही है कि किसी यात्री ने अग्निशमन यंत्र से छेड़छाड़ की थी। इस मामले की जांच की जा रही है।

– **आदित्य गुप्ता**, सीनियर डीसीएम

Leading you to blossoming health
खुशलोक हॉस्पिटल
मल्टी सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
सिन्धी मार्केट, निकट पुलिस चौकी मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली
फोन : 7500875003
0581-2530800/700
HELPLINE 9760701234
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
छाती एवं श्वांस रोग विभाग
डॉ. पारस वर्मा
एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी. (NTRD, New Delhi)
छाती, श्वांस, एलर्जी, निद्रा रोग एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ
ओ.पी.डी. समय
प्रात: 10 से 4 बजे तक
सायं 6 से 8 बजे तक
- लंबे समय से खांसी एवं सांस फूलना
- सीने में दर्द, छाती में जकड़न
- एलर्जी, दमा एवं सी.ओ.पी.डी.
- टी.बी., बलगम के साथ खून आना
- पुराने टी.बी. से खराब फेफड़ों के रोग
- फेफड़ों में पानी भरना
- फेफड़ों का कैंसर, फेफड़ों में गांठ होना
- आई.एल.डी. फेफड़ों का फाइब्रोसिस
- खर्राटे आना, स्लीप एपनिया, सोते समय सांस फूलना
- ब्रोंकोस्कोपी, थौरेकोस्कोपी
- क्रिटिकल केयर
क्रिटिकल केयर सिरियस मरीजों का ईलाज
24 घण्टे इमरजेन्सी
आई.सी.यू. व वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध
Website: www.khushlokhospital.com
Email: khushlokhospital@rediffmail.com

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL
मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S., D.G.O D.M.A.S., F.M.A.S
Gyanaecologist, Ivf Specialist
हृदय रोग विभाग
स्थायी/अस्थायी पेसमेकर इम्प्लांटेशन
बैलून माइट्रल वाल्वोटॉमी
2डी ईको कार्डियोग्राफी
टी.एम.टी.
24 Hrs हॉल्टर मॉनिटरिंग
ई.सी.जी.
डिजिटल एक्स–रे
अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा संचालित कैथ लैब
कोरोनरी एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
मॉड्यूलर ऑपरेशन
24/7 सुविधा उपलब्ध
निकट ईसाइयों की पुलिया, सिन्धु नगर, सैटेलाइट बरेली
0581-2990926
0581-2990928

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल
RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT,VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।
BRACHYTHERAPY
24 Channel
PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन
FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है
Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें –
92581 16087, 78912 35003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# रात भर रहा कांवड़ियों का आवागमन

## बरेली-मथुरा राजमार्ग पर लगे शिविर, शिवालयों में आज होगा महादेव का जलाभिषेक


शहर के बाजार से होकर गुजरता कांवड़ियों का जत्था। ● अमृत विचार


कावंड़ लेकर जाते कांवड़ियों के जत्थे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** रविवार को कांवड़ियों का रेला हाईवे पर उमड़ पड़ा। पूरा हाईवे भगवामय नजर आ रहा है। कांवड़ियों की भीड़ को देखते हुए प्रशासन की ओर से शुक्रवार की देर रात से ही बरेली मथुरा राजमागर्म सभी छोटे-बड़े सभी तरह के वाहनों के लिए बंद कर दिया गया है। ट्रक, डीसीएम निजी व प्राइवेट बसों की तरह कार समेत अन्य छोटे वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से गुजरा जा रहा है। इधर भगवान शिव का सोमवार को जलाभिषेक करने के लिए हजारों की संख्या में कांवड़ियों के जत्थे कछला गंगा घाट से जल लेकर शिवालयों की ओर रवाना हुए। रविवार की शाम से ही शहर के बिरुआ बाड़ी, हर प्रसाद और गौरी शंकर मंदिर में कावंडियों ने पहुंचकर डेरा जमा लिया है।

सोमवार को भोले शंकर का जलाभिषेक करने के लिए कई जिलों के शिव भक्त रविवार को गंगाजल लेने कछला घाट पहुंचे थे। रविवार की दोपहर से उनका गंतव्य को लौटना शुरु हो गया था। शनिवार की दोपहर से भारी वाहनों को डायवर्ट कर वैकल्पिक मार्गों से निकला जाने लगा। रविवार को कांवड़ियों की भीड़ बढ़ी। भगवान शिव की सुंदर झांकियां भी शामिल रहीं। डीजे पर बज रहे शिव भजनों पर उनके कदम तेजी के साथ शिव धामों की ओर बढ़े। कांवड़िया विभिन्न पोषकों में कांधे पर कांवड रख हर हर महादेव का जयकारा लगाते हुए गुजरे।


शिविर में दवाइयों का वितरण करते केमिस्ट।


कांवड़ियों को भोजन बांटतीं महिलाएं।

### केमिस्ट एसोसिएशन ने लगाया सहायता शिविर

कांवड़ मार्ग पर केमिस्ट एसोसिएशन के द्वारा निशुल्क प्राथमिक उपचार शिविर चुहिया वाले मंदिर पर लगाया गया। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष स्वरूप गुप्ता तथा अन्य लोगों ने कांवडियों में दवाएं वितरण की। इस मौके पर विशाल गुप्ता, राकेश गुप्ता, यश गुप्ता, संतोष कुमार, के. बी गुप्ता, सुनील गुप्ता व ज्वाला प्रसाद आदि लोग विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### मंदिरों में पुलिस फोर्स तैनात

पुलिस प्रशासन ने शहर के मंदिरों में अन्य दिनों की अपेक्षा चौथे सोमवार को भारी पुलिस बल तैनात किया है। जिसमें महिला पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। बिरुआ बाड़ी मंदिर, हर प्रसाद और गौरी शंकर मंदिर पर सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

### सूचना पर 6 मिनट में घटनास्थल पर पहुंची एम्बुलेंस

**बदायूं, अमृत विचार :** कांवड़ लेकर जा रही एक महिला रास्ते में किसी वाहन की चपेट में आने से घायल हो गयी। सूचना मिलते ही एम्बुलेंस मौके पर पहुंच गयी। एम्बुलेंस में उसे जीवन रक्षक दवाएं दी गई और कुछ देर में उझानी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर पहुंचा दिया गया। एम्बुलेंस संचालक सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि रविवार को सुबह साढ़े दस बजे फूलपुर गांव के पास कार की चपेट एक महिला कावड़ यात्री के घायल होने की सूचना मिली, सूचना मिलते ही 6 मिनट में एम्बुलेंस घायल के पास पहुंच गयी। ईएमटी ने तत्परता से घायल को एम्बुलेंस में शिफ्ट कर प्राथमिक उपचार देकर रास्ते में दर्द से राहत दिलाई। पायलट अनोज कुमार ने समय पर घायल को अस्पताल पहुंचा दिया।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकोमा की जांच उपलब्ध
8077344353
डॉ. आदित्य त्यागी
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयाँ द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड, बरेली।
सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- घबराहट • छाती में दर्द या भारीपन • सांस फूलना • पैरों में सूजन • हाई ब्लडप्रेशर • हाई कोलेस्ट्रोल • डाइबिटीज (शुगर) • सीने या पेट में जलन या दर्द • हार्ट अटैक • हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

## सार-संक्षेप

### कछला से लेकर शहर तक लगे दो सौ से अधिक शिविर

**बदायूं :** सावन के चौथे सोमवार को हजारों की संख्या में शिवभक्त कावंडियां कावंड लेकर निकले। उनकी सेवा के लिए समाज सेवियों द्वारा भंडारा शिविर लगाए गए। कछला से लेकर शहर तक करीब दो सौ स्थानों पर भंडारों का आयोजन हुआ। जिसमें सेवादारों द्वारा कावंडियों को भोजन, फल और पानी का वितरण किया।

### क्षत्रिय महासभा ने भंडारे में वितरित किया प्रसाद



**उझानी, अमृत विचार :** उझानी में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजू चौहान, पवन चौहान ने कांवड़ियों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। उझानी–बदायूं मार्ग पर घी फैक्ट्री के पास कांवड़ियों को प्रसाद खिलाया। शिवभक्तों का स्वागत किया। महासभा के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह चौहान, विशाल चौहान, नरेश चौहान, विकास चौहान आदि मौजूद रहे।

### द्वेष, हिंसा, नफरत नहीं सिखाता कोई धर्म : अरशद अल्वी



**बदायूं, अमृत विचार :** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अमन नकवी ने भंडारा कराकर कांवड़ियों को प्रसाद वितरित किया। मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री अरशद अल्वी ने कहा कि कोई भी धर्म द्वेष, हिंसा, नफरत नहीं सिखाता। धर्म तो प्रेम, वात्सल्य, करुणा, दया की बात करता है। मानव सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। मानव सेवा ईश्वर सेवा के समान है। मानव धर्म ही सभी धर्मों का सार तत्व है। संगठन के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद शीराज आलम, मंडल अध्यक्ष नीसम खान, अजमत, अनस, फय्याज, शादाब, सालिम खान, सलीम शाह, अकरम शाह, जमीन शाह, आदिल उपस्थित रहे।

### पूर्व मंत्री आबिद रजा ने कराया भंडारा



**बदायूं, अमृत विचार :** रविवार को राजकीय ठेकेदार सुनील गुप्ता ने आवास विकास स्थित शिवदेवी स्कूल के पास शिव भक्तों के लिए भंडारे कराया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री आबिद रजा पहुंचे। राजकीय ठेकेदार और सुरजीत गुप्ता ने उनका स्वागत किया। पूर्व मंत्री ने शिवभक्तों को भंडारा खिलाया। अपने हाथों से भोजन परोसा। पूर्व मंत्री ने सभी का आभार जताया। राजेश यादव, राजू यादव, रवि भारद्वाज, बिल्लू शर्मा, अतुल वार्ष्णेय, आरके गोयल, चुनमुन पंडित आदि शामिल रहे।

### हनुमान मंदिर पर हुए भंडारे में बांटा प्रसाद



**बदायूं, अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल के कर्मचारियों ने रविवार को हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर भंडारे का आयोजन किया। जिला महिला अस्पताल के चिकित्सक व कर्मचारियों ने रविवार को हनुमान मंदिर पर साफ सफाई कर पूजा अर्चना कर महाआरती की। आरती के बाद भगवान भोलेनाथ को भोग लगाया गया, बाद में कन्या भोज कराया गया। कन्या भोज के बाद सभी को भंडारे का प्रसाद दिया गया। डा. आकांक्षा यादव ने कहा कि परशुराम चौक के निकट हनुमान मंदिर पर भंडारे में सैकड़ों राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। लोगों ने वाहन रोक कर प्रसाद लिया। कर्मचारी रिंकू ने बताया कि यह भंडारा आम लोगों को है। शाम तक चले भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर राकेश सैनी, सर्वेन्द्र यादव, मुकेश कुमार, रोहित, तरुण, आर्येन्द्र, बीना, रुचि, तनु, पूजा आदि रहे।

## एक नजर

### भाकियू चढ़ूनी गुट की मासिक पंचायत आज

**बदायूं, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट की मासिक पंचायत 12 अगस्त को कलेक्ट्रेट स्थित मालवीय आवास गृह पर आयोजित की जाएगी। उक्त जानकारी जिला अध्यक्ष सतीश साहू ने देते हुए बताया कि किसानों की विभिन्न समस्याओं को मासिक पंचायत में उठाया जाएगा। जिला प्रशासन से मांग की जाएगी की किसानों की समस्याओं का निर्धारित समय में निस्तारण किया जाए।

### बेटी का जन्म होने पर महिला को घर से निकाला

**बदायूं, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सराय नाहर खां निवासी सहर खान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी शादी अलीगढ़ के नवेद गफ्फार के साथ 12 मार्च 2022 को हुई थी। यह रिश्ता कराने वाले मौलाना ताहिर ने बताया था कि नवेद नोएडा में है। उसे 50 हजार रुपये वेतन मिलता है। शादी के बाद नवेद नोएडा नहीं गया। नवेद शराब पीने का आदी है। आरोप है कि नवेद की मां व भाई ने उसें परेशान करना शुरू कर दिया। 18 अप्रैल को महिला ने बेटी को जन्म दिया तो ससुरालिजनों ने उसे घर से निकाल दिया।

# चोरी के नए मोबाइल बेचने आए दो युवक पकड़े

## रविवार को जरीफनगर पुलिस ने किया गिरफ्तार , 70 लाख के मोबाइल बरामद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** थाना जरीफनगर पुलिस ने नामी कंपनी के नए मोबाइल चोरी करके कम कीमत पर बेचने वाले गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लगभग 70 लाख रुपये के 101 नए मोबाइल और बाइक बरामद हुई है। उन्होंने अपने गिरोह के साथ मिलकर दिल्ली में एक ट्रक से लगभग 3500 मोबाइल चोरी किए थे। दिल्ली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। रविवार को पकड़े गये दोनों आरोपियों को बदायूं पुलिस ने जेल भेज दिया। एसपी देहात केके सरोज ने प्रेसवार्ता करके घटना के बारे में जानकारी दी।

जरीफनगर के थानाध्यक्ष रविकरन सिंह शनिवार को संभल बॉर्डर पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। मुखबिर ने सूचना दी कि सहसवान जाने वाले मार्ग स्थित गांव सोभनपुर के पास दो लोग पेड़ के नीचे खड़े हैं। थानाध्यक्ष ने दोनों लोगों की घेराबंदी की। जहां से उन्हें पकड़ लिया। उनके पास से दो बैग में सील बंद बॉक्स में 101 मोबाइल और बिना नंबर प्लेट की एक बाइक बरामद हुई। मोबाइल फोन सैंमसंग गैलेक्सी ए55 5जी थे। एक ने अपना नाम जिला अलीगढ़ के थाना गंगौरी क्षेत्र के गांव नगला खग्गू निवासी राजू यादव पुत्र हरी सिंह और दूसरे ने जिला हाथरस के थाना सिकंदराराऊ क्षेत्र के गांव फरीदाबाद निवासी आकाश पुत्र जयवीर बताया।

कहा कि उन्होंने अपने साथियों की मदद से दिल्ली के थाना ओखला क्षेत्र में एक ट्रक से 31 मई 2024 को लगभग 3500 मोबाइल चोरी किए थे। साथी बाकी मोबाइल लेकर भाग गए। वह 101 मोबाइल बेचने के लिए बदायूं आए थे। वह मोबाइल बेचने के लिए राहगीरों का इंतजार कर रहे थे। राहगीरों को नए फोन सस्ते में बेचते तो वह आसानी से खरीद लेते लेकिन पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष के अलावा उपनिरीक्षक राजीव सिंह चौहान व जाहिद हुसैन, हेड कांस्टेबिल गौरव कुमार, कांस्टेबिल विशाल पाल, राहुल कुमार, अमरजीत सिंह, विनोद कुमार रहे।



दिल्ली से मोबाइल चोरी होने और आरोपियों की जानकारी देते एसपी देहात।


पुलिस ने आरोपियों से बरामद किए कंपनी के टेपर लगे मोबाइल फोन।

- दिल्ली के थाना ओखला क्षेत्र से चोरी हुए थे 3500 मोबाइल, दर्ज हुई थी रिपोर्ट

> चोरी के 101 नए मोबाइल के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने यह मोबाइल दिल्ली के ओखला क्षेत्र से चोरी किए थे। ओखला पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। पकड़े गए दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के बारे में ओखला पुलिस को अवगत कराया गया है।
> – **केके सरोज**, एसपी देहात

## अपात्र को बेच दिया गरीब महिला का गैस कनेक्शन

**सहसवान, अमृत विचारः** गरीब महिला को मिले उज्जवला गैस कनेक्शन को एजेंसी संचालक ने अपात्र को दे डाला। महिला ने शिकायत की तो उसे पांच किलो का सिलेंडर देकर बाद में बदलने की बात कही लेकिन बाद में एजेंसी संचालक बात से मुकर गया। अब महिला द्वारा सिलेंडर मांगने की बात पर उसे जाने से मरवा देने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए महिला ने मुख्यमंत्री के आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की गई है।

तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बक्सर स्थित एक गैस एजेंसी पर उज्जवला गैस कनेक्शन के लिए रामकली पत्नी राजेंद्र निवासी ग्राम इस्माइलपुर गौसपुर ने आवेदन किया था। जिस पर एजेंसी स्वामी ने उसका कनेक्शन किसी और के हाथों बेच दिया। महिला ने मामले की शिकायत आईजीआरएस पोर्टल पर की तो एजेंसी संचालक ने पांच किलो का सिलेंडर देकर घरेलू सिलेंडर आने पर उसे देने की बात कही। आरोप है कि जब महिला दोबारा एजेंसी संचालक के पास गई तो उसने महिला को जाने से मार देने की धमकी दी है। जिस पर पीड़ित महिला ने आईजीआरएस पर फिर से शिकायत की है।

## सार-संक्षेप

### टीचर्स कॉलोनी में कीचड़ और जलभराव बना मुसीबत



**बदायूं,अमृत विचार :** जिला अस्पताल के सामने टीचर्स कालोनी के लोग बारिश के बाद अब यहां होने वाली गंदगी कीचड़ और जलभराव से परेशान है। गंदगी और जलभराव से मच्छर पनपने से यहां संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा बना ही है साथ ही ऊंची ऊंची घास में जहरीले कीड़े पनप रहे हैं। इससे कर्मचारियों में दहशत व्याप्त है। पिछले चार दिन से हर रोज बारिश हो रही है। जिला अस्पताल के सामने टीचर्स कॉलोनी के जर्जर भवनों के सामने मैदान में बारिश का पानी भरा है। इससे कालोनी के लोगों का आवागमन भी बाधित हो रहा है। कालोनी के जर्जर आवासों की कई सालों से मरम्मत नहीं होने से यहां से कई लोग मकान छोड़कर किराये के मकान में रह रहे हैं। अब यहां 6-7 शिक्षक व कर्मचारी परिवार सहित रह रहे हैं। मैदान में बड़ी बड़ी घास खड़ी है। बारिश के बाद आवास के बाहर भारी गंदगी बनी है।

### कुएं में गिरे सांड़ को जेसीबी मशीन से खोदाई कर निकाला

**कछला ,अमृत विचार :** खेत में बने कुएं में एक सांड़ गिर गया। जिसकी सूचना मिलने पर पहुंची चौकी पुलिस ने जेसीबी से खोदाई कर सांड़ को बाहर निकाला। किसान के खेत में कुआ बना हुआ है। जो सूखा पड़ा है। इस कुएं में एक सांड़ गिर गया। कुएं से आ रही आवाज सुनकर कुछ लोगों ने उसमें झांक कर देखा। सांड़ की आवाज सुनकर सूचना चौकी पुलिस को दी। चौकी प्रभारी ने कांस्टेबल हरवीर, सतेंद्र और देवेंद्र को जेसीबी लेकर वहां भेजा। पुलिसकर्मियों ने जेसीबी से कुएं के पास खोदाई कराकर सांड़ बाहर निकाला।

### बिसौली में भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा



**बिसौली, अमृत विचार :** प्रदेश व्यापी आह्वान हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपाइयों ने तिरंगा रैली निकाली। नगर के मनोकामना बैनी महाराज मंदिर से शुरू यात्रा में बाइक पर सवार कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लिए डीजे पर राष्ट्रभक्ति के गीतों पर झूमते नाचते गाते चल रहे थे। तिरंगा यात्रा नखासा, बुध बाजार, गौड़ चौराहे, बजरंग चौक, पिंडारा रोड आदि होते हुए गुजरी। पूर्व विधायक कुशाग्र सागर, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष सविता शर्मा, मनोज शर्मा, जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय, नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख ओमकृष्ण, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अमित पाठक, नितिन मोदी, सभासद अमरपाल, दीपक पाठक, ललित वार्ष्णेय, मनु शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### बीडीवी कॉलेज में सम्पन्न हुई छात्रवृत्ति परीक्षा

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के भूदेवी वार्ष्णेय इंटर कॉलेज में रविवार को छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न करायी गई। प्रथम पाली में प्राइमरी, जूनियर और द्वितीय पाली में सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों की परीक्षा हुई। विद्यालय के डिप्टी मैनेजर डीके गुप्ता ने परीक्षा का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की परीक्षाओं से बच्चों में बौद्धिक विकास को गति मिलती है। आगामी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मन से भय की भावना दूर हो जाती है। प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि इस परीक्षा में विद्यालय के कक्षा चार से 12 तक नौ से अधिक परीक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस परीक्षा से प्रत्येक कक्षा से पांच-पांच टॉपर छात्रों चयनित किया जाएगा। उन्हें चार हजार से लेकर साढ़े सात हजार रुपए की धनराशि चेक के माध्यम से दी जाएगी। परीक्षा को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

### दुकानों पर बिक रहीं प्रतिबंधित व एक्सपायरी डेट की दवाएं

**सहसवान, अमृत विचार :** नगर व देहात क्षेत्र में मेडिकल स्टोरों पर प्रतिबंधित एवं एक्सपायरी डेट की दवाएं बिकना आम बात हो गई है। शिकायत करने वालों के साथ अभद्र व्यवहार एवं गाली गलौज की जाती है। ऐसी ही एक शिकायत आईजीआरएस पोर्टल पर संयुक्त रूप से दर्जनभर से ज्यादा लोगों ने की है। कस्बा निवासी नेत्रपाल, चंद्रपाल, समसुल नसीम ज्ञानेंद्र, राजवीर, चेतन सिंह, सत्यवीर सिंह, पुष्पेंद्र, नसीम खान, राजेंद्र, मोहम्मद इस्लाम, छत्रपाल, जितेंद्र आदि ने मुख्यमंत्री से आइजीआरएस पोर्टल पर की गई शिकायत में कहा है कि फर्जी मेडिकल स्टोर खुले हुए हैं। जनरल स्टोरों पर भी प्रतिबंधित दवा की जा रही है। लोगों को एक्सपायरी डेट की दवा भी पकड़ा दी जाती हैं। दवाई के बिल के नाम पर एक सादा पर्चा पकड़ा दिया जाता है। अधिकारी एक पक्षीय शिकायत का निस्तारण कर देते हैं। जिससे मेडिकल स्टोर और जनरल स्टोर स्वामियों के हौसले बुलंद हैं।

### कर्मचारी समिति ने वितरित किया प्रसाद



**विजय नगला, अमृत विचार :** बरेली-मथुरा राजमार्ग स्थित घटपुरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास राठौर मार्केट में भंडारा आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी समिति के जिलाध्यक्ष सावन सक्सेना, संतोष सैनी, प्रशांत वर्मा, अशोक माथुर ने कांवड़ लेकर कछला से बरेली जा रहे शिवभक्तों को प्रसाद वितरित किया।

### जल भराव एवं गंदगी से ग्रामीण परेशान



**दबतोरी, अमृत विचार :** बिसौली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत दबतोरी में जलभराव और गंदगी से संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा बढ़ता जा रहा है। दबतोरी में धर्मेंद्र मिश्रा की दुकान के सामने से गांव में अंदर जाने वाले रास्ते पर एवं रेलवे स्टेशन के पीछे मेन रोड पर भारी कीचड़ व गंदा पानी जमा हो गया है। गंदगी के कारण ग्रामीणों को आने-जाने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी ओर लक्ष्मीपुर मार्ग पर हल्की बारिश होने से भी पानी गलियों में भर जाता है, पानी का निकास नही है। इस समय कांवड़ियों को निकलने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों में जल भराव एवं कीचड़ को लेकर भारी आक्रोश है। गांव में गलियां कीचड़ और गंदगी से भरी पड़ी हैं। लोगों ने गांव में जल्द सफाई कराने की मांग की है।

### विधायक ब्रजेश यादव ने सुनीं जन समस्याएं

**इस्लामनगर, अमृत विचार :** क्षेत्रीय सपा विधायक ब्रजेश यादव ने रविवार को इस्लामनगर स्थित कार्यालय पर जन समस्याएं सुनीं। क्षेत्र से पहुंचे लोगों की तमाम समस्याओं का उनके द्वारा मौके पर ही निस्तारण किया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को फोन कर जनसमस्याओं का निस्तारण के लिए कहा। इस मौके पर राशिद कुरैशी,वीरेश यादव,संजीव यादव, आले हसन, इस्तियाक,अजय सिंह,मनवीर यादव,काली चरण, आदि मौजूद रहे

# कांवड़ियों की सुरक्षा के मद्देनजर गुल रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सुबह से दोपहर तक गुल रही आधे शहर की बिजली
- डीजे की ऊंचाई बनी खतरा, विभाग ने सुरक्षा कारणों से रोकी सप्लाई

**अमृत विचार :** सावन माह के पवित्र दिनों में जहां एक ओर कांवड़ यात्रा की धूम मची हुई है । ट्रकों पर डीजे लगा कर कांवड़िए नाच गा रहे हैं। डीजे सिस्टम की ऊंचाई अधिक होने से विद्युत लाइनों से टकराने की आशंका को देखते हुए विद्युत विभाग ने रविवार को सुबह नौ से दोपहर एक बजे तक आधे शहर की विद्युत सप्लाई बंद कर दी।

ट्रैक्टर ट्रालियों पर भोले के भक्त बड़े बड़े डीजे सिस्टम लगा कर गंगा घाट से जल लेकर लौट रहे हैं। सड़कों पर डीजे की धुनों पर कांवड़िये नाचते झूमते हुए आगे बढ़ रहे हैं। वाहनों पर रखे डीजे की ऊंचाई अधिक होने के कारण विद्युत लाइनों टच होने का खतरा बना रहता है। इस खतरे को देखते हुए विद्युत विभाग ने सुबह नौ से दोपहर एक बजे तक आधे शहर की विद्युत सप्लाई बंद कर दी। इससे उमस और गर्मी से लोग परेशान भी हुए। लालपुल से लेकर कचहरी होते हुए कांवड़िए बरेली रोड तथा फर्रुखाबाद रोड को निकलते हैं इसलिए इन मार्गों पर सप्लाई को बंद किया गया।

सुबह नौ से दोपहर एक बजे तक जिला अस्पताल की बिजली गुल रही। इससे यहां मरीजों और तीमारदारों को परेशानी हुई।

> क्षेत्र में कुछ समय के लिए बिजली रोक दी गयी उसके बाद सप्लाई शुरू कर दी गयी। कांवड़ में आ रहे डीजे सिस्टम की ऊंचाई को देखते हुए यह निर्णय लिया गया।अब पूरे शहर में सप्लाई दी जा रही है। कहीं से कोई शिकायत नहीं है।
> -**संजीव कुमार**,अधिशासी अभियंता, प्रथम

## रिसौली में मानसिक परेशानी में फंदे पर लटका युवक

**बिल्सी, अमृत विचार :** रविवार सुबह कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव रिसौली में एक युवक का शव उसी के घर की दूसरी मंजिल पर टीनशेड में रस्सी के सहारे फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पुलिस पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव निवासी अमन कुमार (18) पुत्र हरकिशोर शनिवार रात घर की दूसरी मंजिल पर सोने गया था। रविवार सुबह परिजनों ने आवाज लगाई लेकिन अमन नीचे उतरकर नहीं आया। परिजन उसकी तलाश में छत पर गए। अमन का शव फंदे पर लटका मिला। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। चौकी इंचार्ज महेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। शव को नीचे उतारा गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान बताया जा रहा था। लेकिन उसने फंदा क्यों लगाया इसकी जानकारी नहीं हो सकी है।

# शहर में निकाली तिरंगा यात्रा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों ने शहर में तिरंगा यात्रा निकाली। इससे पूर्व कलेक्ट्रेट स्थित शहीद स्मारक पर पहुंचकर शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही कैंडल जलाकर उन्हें नमन किया।

तिरंगा यात्रा में शामिल रहे केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि देश को आजाद कराने के लिए अनेकों क्रांतिकारियों ने अपना सर्वोच्च बलिदान कर दिया। क्रांतिकारी शहीदों के इस बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। देश को आजादी अनेकों बलिदानों व संघर्षों के बाद मिली है, इसलिए सभी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ करें, यही अमर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि भारत एक दिन विश्व गुरु बनेगा। बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि सभी भारतवासियों को राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करना चाहिए। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन समारोह 09 अगस्त 2025 तक मनाया जाएगा, इसमें विभिन्न कार्यक्रम होंगे। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने बताया कि काकोरी ट्रेन एक्शन 09 अगस्त 1925 को हुआ था। जिसमें देश के आजादी के मतवालों ने देश का धन ब्रिटेन भेजे जाने का विरोध करते हुए लखनऊ के काकोरी रेलवे स्टेशन में ट्रेन में उसको लेने का कार्य किया। जिसमें ब्रिटिश सरकार ने चार क्रांतिकारियों राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी, पण्डित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां तथा ठाकुर रोशन सिंह को मृत्यु-दण्ड की सजा सुनायी। देश अमर शहीदों के बलिदानों को कभी भुला नहीं सकता है। कार्यक्रम के उपरांत अमर शहीदों की याद में व तिरंगा देश की आन, बान व शान का संदेश देते हुए एक तिरंगा यात्रा कलेक्ट्रेट से भामाशाह चौराहे तक निकाली गई।


शहर में रविवार को तिरंगा यात्रा निकालते केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा, बिल्सी व सदर विधायक, डीएम और एसएसपी।

- केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा, विधायक, डीएम एसएसपी भी हुए शामिल
- शहीद स्मारक पर शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

# शादी के एक माह बाद लटका मिला युवक का शव

संवाददाता, बिनावर/विजय नगला

- जमीन पर लग रहे थे पैर, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप


मृतक प्रमोद।

**अमृत विचार :** पॉवर हाउस में तैनात सुरक्षाकर्मी का शव फंदे पर लटका मिला। पुलिस मौके पर पहुंची। सूचना मिलने पर परिजन आ गए। सुरक्षाकर्मी की हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बरेली-मथुरा राजमार्ग पर थाना बिनावर क्षेत्र की ज्यारत और गांव पुठी के बीच पॉवर हाउस है। जहां पीछे के गेट पर जिला शाहजहांपुर के थाना कलान क्षेत्र के गांव समधाना निवासी प्रमोद (30) पुत्र सत्यप्रकाश बतौर सुरक्षाकर्मी काम करता था। सात जुलाई को प्रमोद की शादी हुई थी। वह शादी के एक महीने बाद शुक्रवार को ड्यूटी पर वापस लौटा था। रविवार सुबह पॉवर हाउस के कर्मचारियों ने प्रमोद का शव फंदे पर लटका देखा। पैर जमीन पर लग रहे थे। पुलिस और प्रमोद के परिजनों को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों के आने का इंतजार किया। परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रमोद की हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने पॉवर हाउस पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत शर्मा ने बताया कि सुरक्षाकर्मी का शव फंदे पर लटका था। प्रथम दृष्टया आत्महत्या लग रही है। परिजनों की ओर से तहरीर नहीं आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पेड़ पर फंदा लगाकर सेवानिवृत्त हेड कांस्टेबिल ने दी जान



**कुंवरगांव, अमृत विचार :** जीआरपी से सेवानिवृत्त हेड कांस्टेबिल ने फंदा लगाकर जान दे दी। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना कुंवरगांव क्षेत्र के कस्बा के वार्ड तीन निवासी वीरेंद्र चौहान (80) जीआरपी में हेड कांस्टेबिल पद से सेवानिवृत्त थे। रविवार दोपहर वीरेंद्र चौहान ने कस्बा के पास श्मशान भूमि में पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों ने उनके परिजन और ग्रामीणों को सूचना दी। उनका बेटा सचिन और थानाध्यक्ष रामेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने रविवार सुबह वीरेंद्र को मेन चौराहे की ओर जाते देखा था। वह शराब पीने के आदी थे। वह कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। मानसिक रोगी हो गए थे, जिसका इलाज चल रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि पेड़ पर बुजुर्ग का शव मिला है। शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दातागंज बरेली रोड पर 7 किमी तक होगा पौधारोपण

संवाददाता ,दातागंज

**अमृत विचार :** वन विभाग ने दातागंज के कांसपुर रोड व समरेर रोड तथा समरेर से सादुल्ला गंज रोड पर पौधारोपण कर हरा भरा कर दिया है। दो साल पूर्व लगाए गए पौधे अब पेड़ बन कर लोगों को छांव दे रहे हैं। रविवार को यहां पहुंचे वन मंत्री डा अरुण कुमार सक्सेना ने एक पौध रोपित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने स्कूली बच्चों व अन्य लोगों को पौधे भेंट किए और कहा कि हर किसी को पौधा रोपण करना चाहिए। वन विभाग दातागंज से 3 किमी छोड़कर आगे की ओर 7 किमी तक पौधे लगाएगा। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख धीरज सक्सेना,वन रेंजर अनुभव शरण, सतीश चंद्र, बीट रेंजर अमित सोलंकी,वन दरोगा हुकुम सिंह,वन रक्षक धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।


स्कूली छात्राओं को पौधे भेंट करते वन मंत्री डा .अरुण कुमार सक्सेना ।

# कंपोजिट सौ और प्राथमिक स्कूल जमा करेंगे 50 झंडे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बीएसए के निर्देश के बाद बीईओ ने शिक्षकों को जारी किया फरमान
- बीएसए ने सभी 15 ब्लॉकों को दिया सात हजार झंडा खरीदने का निर्देश

**अमृत विचारः** हर घर तिरंगा अभियान परिषदीय शिक्षकों की जेब पर ढीली करेगा। खंड शिक्षा अधिकारियों ने कंपोजिट से सौ और प्राथमिक स्कूलों के शिक्षकों से 50 झंडे खरीदकर जमा करने का फरमान जारी किया है। बीएसए ने सभी बीईओ से सात सात हजार झंडे खरीद करने के आदेश दिए हैं।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत डीएम ने बेसिक शिक्षा विभाग को एक लाख झंडे खरीदने के आदेश दिए हैं। डीएम के आदेश पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी 15 ब्लॉकों के खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर सात सात हजार झंडे खरीदने के लिए आदेश जारी कर दिया। बीईओ ने भी शिक्षकों से झंडे खरीदने को कहा है।

उन्होंने कंपोजिट विद्यालय को सौ और प्राथमिक स्कूलों के शिक्षकों से 50 झंडे खरीदने के लिए पत्र जारी किया है। जिसका शिक्षकों ने विरोध किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय स्तर पर विभाग से ऐसी कोई ग्रांट नहीं मिलती जिससे वह झंडे की खरीदारी करें। बीईओ ने शिक्षकों से दो टूक शब्दों में कह दिया कि आप लोग पहले भी झंडे की खरीदारी करते रहे हैं। कैसे करेंगे इसकी जिम्मेदारी शिक्षकों की है।

# उसहैत दातागंज में गांव छोड़ रहे तमाम ग्रामीण

## बाढ़ की आशंका

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सड़के कटीं, गंगा की धार ने शुरू की तबाही, मुसीबत में ग्रामीण
- बाढ़ खंड ने जारी किया अलर्ट, फिर पानी बढ़ने की संभावना।

**अमृत विचार :** पहाड़ों पर हो रही मूसलाधार बारिश का असर एक बार फिर मैदानी इलाकों में दिखने लगा है। गंगा नदियों में छोड़ा जा रहा पानी अब तटवर्ती इलाकों में ग्रामीणों को मुसीबत का कारण बन रहा है। कई संपर्क मार्ग कट चुके हैं। बाढ़ जैसे हालातों से जूझ रहे ग्रामीण ऊंचे स्थानों की ओर दौड़ रहे हैं। बाढ़ खंड ने अलर्ट जारी कर दिया है। हालांकि अभी बाढ़ नहीं है।

इन दिनों पहाड़ों पर झमाझम बारिश हो रही है। बारिश का पानी हरिद्वार और बिजनौर बैराज में आ रहा है जिससे नरौरा बैराज में भी पानी का दबाव बढ़ गया है। रविवार को नरौरा बैराज से 77 हजार 233 क्यूसेक पानी गंगा में छोड़ा गया। कछला गंगा में जलस्तर खतरे के निशान से 16 सेमी ऊपर है जो खतरे की घंटी बजा रहा है। पानी बढ़ने से उसहैत इलाके के कई गांवों तक पानी पहुंच चुका है। गांवों को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग कट चुके हैं। ग्रामीणों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। जटा गांव के लोग बाहर ऊंचे स्थानों की ओर दौड़ लगा रहे हैं। इस क्षेत्र में गंगा पूरी तरह उफान पर है। उधर दातागंज तहसील इलाके में रामगंगा का पानी बाढ़ जैसे हालात पैदा कर रहा है जिससे दर्जन भर गांव टापू दिख रहे हैं। इस क्षेत्र के ग्राम कमलैयापुर, बल्ले नगला, कमलू नगला, कदम नगला, रैपुरा, प्रेमी नगला सहित अन्य कई गांवों तक पानी पहुंच चुका है ।सहसवान में वीर सहाय नगला, भमरौलिया, कोतल नगला सहित कई गांवों में पानी पहुंच चुका है। अब बाढ़ के संभावित खतरे को देखते हुए ग्रामीणों ने बाहर निकलने की तैयारी कर ली है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन ने पहले आगाह कर दिया गया था।


जटा गांव के पास बह रही गंगा। ● अमृत विचार

> गंगा में हर रोज पानी घट बढ़ रहा है। अभी बाढ़ की स्थिति नही है। नरौरा से छोड़ा हुआ पानी गंगा में पास हो रहा है। ग्रामीणों को डरने की जरूरत नही है। स्थिति सामान्य बनी हुई है। बारिश के कारण गंगा में पानी कुछ अधिक आ रहा है। जिला प्रशासन स्थिति पर नज़र बनाए हुए है। तटवर्ती इलाकों में किसी को परेशानी नहीं होने दी जाएगी।
> -**डा . वैभव शर्मा** , एडीएम वित्त एवं राजस्व

> नरौरा से रविवार को कुछ कम पानी डिस्चार्ज किया गया है। लेकिन दो दिन तक पानी अधिक आया जो उसहैत और हजरतपुर इलाके में दिक्कत पैदा कर रहा है। अभी स्थिति सामान्य है फिर भी तटवर्ती गांवों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। बाढ़ खंड स्थिति पर नजर बनाए हुए है।
> -**नेशपाल** , सहायक अभियंता

AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ , PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN
BEST PRICE & BEST SERVICE

| | NEW FIRM OFFER | |
|---|---|---|
| 1- | PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 2- | (ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 3- | GST RETURN MONTHLY FEES. | 499/- |
| | OLD FIRM OFFER | |
| 4- | OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY. | 1499/- |
| 5- | ITR FILE ONLY. | 499/- |

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE

# सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)



धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stresss, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली 9837007202

# भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग [COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

# अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic
पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।



चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नशा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।



नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांकः- 18 अगस्त 2024, रविवार
01 सितंबर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# सिपाही की कार टकराई कांवड़ियों ने शीशे तोड़े
## शनिवार रात नवादा पुलिस चौकी के पास हुआ विवाद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● इंस्पेक्टर के सिपाही पर कार्रवाई के आश्वासन पर माने

**अमृत विचार :** सिपाही की कार राजमार्ग से गुजर रहे कांवड़ियों से टकरा गई। सिपाही कार लेकर मौके से भाग गया। कांवड़िया सिपाही के नशे में होने का आरोप लगाकर हंगामा करने लगे। कार के शीशे भी तोड़ दिए। सूचना मिलने पर सिविल लाइन इंस्पेक्टर मौके पर पहुंचे गए बमुश्किल कांवड़ियों को समझाकर शांत कराया।

कांवड़ियों का जत्था शनिवार आधी रात सिविल लाइन कोतवाली की नवादा पुलिस चौकी के पास से गुजर रहा था। बरेली-मथुरा राजमार्ग के नवादा चौराहे के पास एक सिपाही की कार कांवड़ियों के जत्थे में शामिल दो कांवड़िया से टकरा गई। कांवड़िया सड़क पर गिर गए। कांवड़ियों ने हंगामा शुरू कर दिया। कांवड़ियों ने कार सवार को घेर लिया। कार का शीशा तोड़ डाला। सिपाही मौके से भाग गया। हंगामा होने की सूचना मिलने पर सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कांवड़ियों ने सिपाही के नशे में होने की बात कही। प्रभारी निरीक्षक ने सिपाही पर कार्रवाई का आश्वासन देकर कांवड़ियों को समझाकर शांत कराया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कांवड़ियों ने कुछ देर तक हंगामा किया था। उन्हें शांत किया गया और वह वहां से चले गए।

## सार-संक्षेप

### कांवड़ियों की सेवा में जुटे पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार



**बदायूं,अमृत विचार** :पीडब्ल्यूडी के राजकीय ठेकेदारों ने रविवार को कांवड़ियों की सेवा की। कांवड़ रूट गांव बूटला मोड़ पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर समस्त ठेकेदार मौजूद रहे। उधर, स्वाद रेस्टोरेंट की तरफ से भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे के आयोजन में भाजपा नेता सुधीर श्रीवास्तव, युवा नेता विश्वजीत गुप्ता,अंकित मौर्य, धर्मपाल माथुर, वीरू श्रीवास्तव, सौरभ श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### उझानी में लगे कांवड़ सेवा शिविर



**उझानी, अमृत विचार** : अंबेडकर चौराहे के पास कछला राजमार्ग पर रविवार को समाजसेवियों ने कछला से जल लेकर आ रहे शिव भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया। भंडारे के आयोजकों ने दो जेसीबी से गेट बनाया। उसके बाद स्टॉल लगा कर भंडारे का शुभारंभ किया भंडारे में कांवड़ियों ने प्रसाद ग्रहण किया । इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा हरवीर सिंह राजपूत, अनेक पाल सिंह, रामदास प्रधान, राजपाल, अशोक सहित अनेक शिव भक्त मौजूद रहे।

### उसहैत में की कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा



**बदायूं, अमृत विचार** : उसहैत में रविवार को युवा मंच संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ध्रुव देव गुप्ता समाजसेवी अखिलेश गुप्ता, चेयरमेन नवाब हसन ने सावन माह के पवित्र दिनों में सोमवार से एक दिन पहले कछला गंगा घाट से जल भरकर लौटने वाले कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। उन्हें देवकली पटना मंदिर जलाभिषेक के लिए रवाना किया। भंडारे में पहले कन्याओं को भोज कराया गया उसके बाद कांवड़ियों को प्रसाद ग्रहण कराया गया।

### विधायक ने कांवड़ियों पर की पुष्प वर्षा, बांटा भोजन



**उसावां, अमृत विचार** : रविवार को थाने के समीप दुर्गा माता मंदिर पर दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह ने पटना देवकली जाने वाले कांवड़ियों के लिए भंडारा कराया। जिसमें कांवड़ियों को खीर, पूरी, सब्जी, का प्रसाद बांटा। उन्होंने शिवभक्तों पर पुष्प वर्षा की। हर हर महादेव के जयकारे गूंज उठे। इस मौके पर डीसीडीएफ रविंद्र सिंह, एसडीएम धर्मेंद्र सिंह, सीओ केके तिवारी, दातागंज चेयरमैन पति अनूप गुप्ता, म्याऊं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि केसी शाक्य, धीरेंद्र पाल गुप्ता, राजवीर सिंह,मंडल अध्यक्ष ओम प्रताप सिंह, भावेश प्रताप सिंह, संतोष सिंह, राजकुमार गुप्ता, नन्हे सिंह, राहुल सिंह, पंकज गुप्ता, राजीव गुप्ता, जगन्नाथ सिंह, मुकेश सिंह, राहुल लोधी, धर्मेंद्र संतोष गुप्ता राम बहादुर सिंह अभय सिंह यादव, बनवारी सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

### बिल्सी में शिव भक्तों ने कराया भंडारा, उमड़े श्रद्धालु

**बिल्सी, अमृत विचार** : बिसौली-कासगंज बाईपास मार्ग पर कोल्ड स्टोरेज के सामने शिव भक्तों ने कैंप लगाकर कछला घाट से जल भरकर आने वाले कांवड़ियों के लिए एक विशाल भंडारा कराया। रविवार को ठाकुर बबलू सिंह ने भोलेनाथ को भोग लगाया उसके बाद कन्याओं को भोजन कराया। बाद में भंडारे को शुरू किया गया। इसमें सोमकार सिंह, कमलेश देवी, सुरजीत सिंह, अमित कुमार, रवि सिंह, अनुज कुमार सिंह, राहुल कुमार, नीलेश सिंह, अभय सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा। बदायूं चौराहे के निकट अखिलेश सोलंकी, विनोद कुमार सक्सेना, चैतेंद्र सिंह, राकेश कुमार शाक्य आदि ने भी कांवड़ियों के लिए कैंप लगाकर भंडारा कराया।

### बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया का पुनर्गठन



**बदायूं ,अमृत विचार :** बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में दो दिवसीय धम्म प्रशिक्षण शिविर का रविवार को समापन हो गया। इसमें पुरुष इकाई का पुनर्गठन किया गया। पुनर्गठन कार्यक्रम में एस डी भास्कर प्रशिक्षक एवं चुनाव अधिकारी रहे। उनके द्वारा सर्वसम्मति से ब्रह्मानंद बौद्ध को अध्यक्ष नामित किया। चिरंजी लाल एडवोकेट महासचिव, राजीव कुमार कोषाध्यक्ष, बी एन गौतम एड-वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अवधेश कुमार गौतम एड-उपाध्यक्ष, राम निवास राना एड-उपाध्यक्ष, सत्य पाल सिंह एड -उपाध्यक्ष, भूप सिंह एड -उपाध्यक्ष, जे के सागर प्रचार मंत्री, प्रेम पाल सिंह एड -प्रचारमंत्री ,लाला राम गौतम -आडीटर, मोहर सिंह अम्बेडकर कानूनी सलाहकार, राम सरन लाल को परीक्षा प्रभारी, जय दीप सिंह को मीडिया प्रभारी नामित किया गया। इस मौके पर लोकमन सिंह, ब्रजपाल सिंह, राम चन्द्र सिंह, पहलवान सिंह, सोन पाल सिंह, नत्थू लाल, मुन्ना लाल सागर, ख्याली राम, मुकुट सिंह,रतिराम गौतम आदि मौजूद रहे।

खबरें पेज 9 पर भी

# चिकित्सा अधीक्षक के विरुद्ध गोपनीय रिपोर्ट तैयार, 3 स्टाफ नर्सों का तबादला

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में होगी स्टाफ नर्सों की सेवा समाप्ति की संस्तुति, देर रात तक सीएचसी में जमे रहे सीएमओ

संवाददाता, गंजडुंडवारा (कासगंज)


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आक्रोशित ग्रामीण। ● अमृत विचार


गंज डुंडवारा सीएचसी में मृतका के परिजनों से बातचीत करते सीएमओ डॉ. राजीव अग्रवाल, एसडीएम कुलदीप सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** प्रसूता की मौत के मामले में लापरवाह डॉक्टर व कर्मचारियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार देर रात तक हंगामा चलता रहा। परिजनों ने कार्रवाई न होने तक प्रसूता का शव उठने देने से इनकार कर दिया। माहौल को बिगड़ा देख सीएमओ देर रात तक गंजडुंडवार सीएचसी में मौजूद रहे।

डीएम के निर्देश पर पहुंचे सीएमओ ने सीएचसी अधीक्षक, महिला चिकित्सक एवं दो स्टाफ नर्सों के खिलाफ कार्रवाई के लिए रिपोर्ट तैयार की, जिसके बाद परिजनों का गुस्सा शांत हुआ। परिजनों से तहरीर लेने के बाद कोतवाली पुलिस ने प्रसूता के शव का पोस्टमार्टम कराया।

गजौरा निवासी महिला ममता पत्नी मोहित की शनिवार को गंजडुंडवारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के बाद हालत बिगड़ गई थी, जिसकी जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। इस पर आक्रोशित परिजन शव को सीएचसी लेकर पहुंचे और चिकित्सक व चिकित्सा कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। परिजन इस मामले में लापरवाही करने वाले चिकित्सकों व कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। उन्होंने आरोपियों पर कार्रवाई होने से पहले शव उठाने देने से इनकार कर दिया। इसका पता लगने पर डीएम मेधा रुपम ने सीएमओ डॉ. राजीव अग्रवाल, एसीएमओ मनोज शुक्ला, एसडीएम कुलदीप सिंह व नायब तहसीलदार मुकेश कुमार को मौके पर भेजा। सभी ने हंगामा करने वालों को समझाने का पूरा प्रयास किया, लेकिन परिजन नहीं माने। वे तत्काल कार्रवाई की मांग पर अड़े थे। इस पर तत्काल जांच रिपोर्ट तैयार की गई। सीएमओ डॉ. राजीव अग्रवाल ने प्रसूता की हालत गंभीर होने के मामले में प्रथम दृष्टया दोषी पाते हुए सीएचसी के खिलाफ गोपनीय रिपोर्ट तैयार की। स्टाफ नर्स अर्चना यादव, अलीशा खान व बेबी कुमारी को प्रसूता की हालत गंभीर होने के बाद भी लापरवाही बरतते और उसे रेफर न करने का दोषी पाया। तत्काल उनका वहां से स्थानांतरण कर दिया गया। इस मामले को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में सेवा प्रस्तुत किया जाएगा। उनकी सेवा समाप्ति के लिए संस्तुति की गई है। इस मामले में कोतवाली में तहरीर दी गई। एसडीएम कुलदीप सिंह द्वारा परिजनों के बयान दर्ज किए गए, जिसके बाद प्रसूता के शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया।

- चिकित्सा अधीक्षक पर लटकी कार्रवाई की तलवार, गंजडुंडवारा सीएचसी में प्रसूता की मौत के बाद हंगामे का मामला

### लोगों की सेहत से खिलवाड़ बर्दाश्त नहींः बृजेश पाठक

**गंजडुंडवारा (कासगंज)।** प्रसूता ममता की मौत के मामले में शासन सख्त हो गया है। अखबारों में खबर छपने के बाद डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने इस मामले का संज्ञान लिया। उन्होंने रविवार को अमृत विचार की टीम को फोन पर बताया कि वह इस मामले में गंभीरता से जांच कराएंगे। जो भी आरोपी होगा उस पर कार्रवाई की जाएगी। लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ नहीं होने नहीं दिया जाएगा। डिप्टी सीएम ने बताया है कि सीएचसी पर सुविधाओं के अभाव में पहले भी लोगों की जान से खिलवाड़ करने के मामले सामने आते रहे हैं।

### भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य नेता सीएचसी पहुंचे

प्रसूता की मौत के मामले में परिजनों के हंगामा किए जाने एवं चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाने की जानकारी मिलने पर भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, महामंत्री राजवीर सिंह भल्ला एवं अन्य नेता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए। अधिकारियों ने वार्ता कर समझाने की कोशिश को परिजनों की समझाया।

संबंधित के विरुद्ध तहरीर प्राप्त हो चुकी है। जांच आख्या प्राप्त हो जाने के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा। –**परवेन्द्र सिंह**, प्रभारी गंजडुंडवारा कोतवाली

चिकित्सा अधीक्षक के विरुद्ध गोपनीय रिपोर्ट तैयार की गई है। लापरवाही करने वालों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जिम्मेदार स्टाफ नर्सों को गंजडुंडवारा केंद्र से हटा दिया गया है। उनकी कहां तैनाती होगी इसका निर्णय उच्च अधिकारियों को लेना है। तीनों स्टाफ नर्सों की सेवा समाप्ति के लिए जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में पत्रावली रखी जाएगी। – **डॉ. राजीव अग्रवाल**, सीएमओ

## बालक सहित दो डेंगू पॉजिटिव मिले

**एटा, अमृत विचारः** जिले में बुखार का प्रकोप बढ़ने के साथ दो भी अपने पैर पसारने लगा है। मेडिकल कॉलेज में चार वर्षीय बालक डेंगू पॉजिटिव पाया गया। इससे उसे भर्ती करा लिया गया है। वहीं, एक युवक की हालत गंभीर देखते हुए उसे आगरा रेफर कर दिया गया। रविवार को गांव बिजौरी निवासी चार वर्षीय बालक स्पनिल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जहां उसकी जांच हुई तो डेंगू पॉजिटिव पाया यगा। इससे डाक्टर ने अपनी देखरेख में उसे भर्ती दिया। वहीं, युवक रविंद्र की जांच में भी डेंगू पॉजिटिव आया।

## सर्पदंश से किसान की मौत

**जैथरा।** शहादत नगर निवासी महेश चंद्र (50) शनिवार देर शाम खेत पर काम करने गए थे। खेत पर वह मेड़ किनारे बैठे थे। तभी उन्हें सर्प ने डस लिया। इसका पता लगने पर परिवार के लोग मौके पर जा पहुंचे और उसे ले जाकर झाड़ फूंक कराते रहे। इसके उसे अस्पताल ले गए तो मृत घोषित कर दिया।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## अनवर बने अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष

**कासगंजः** भारतीय किसान यूनियन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष तिरमल सिंह ने गंजडुंडवारा निवासी अनवर अख्तर को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी को राष्ट्रीय महासचिव व राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया है। इन दोनों से संगठन मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। अनवर के प्रदेश अध्यक्ष व गांधी को महासचिव बनने पर असलम खां, सलमान अंसारी, विनोद बघेल, बुद्धपाल कश्यप, अरबिंद सिंह, प्रेमपाल, रामपाल, राधेश्याम, किशोरी लाल, रघुवीर सिंह, पंकज वर्मा, सूरजपाल शाक्य, जोगेश यादव ने हर्ष व्यक्त किया है।

## करंट से दो लड़कियां झुलसीं

**कासगंजः** सदर कोतवाली के गांव नदरई में घर में करंट की चपेट में आने से 14 वर्षीय अलशिफा पुत्री आशिक झुलस गई। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, कोतवाली सोरों के गांव दतलाना में करंट की चपेट में आने से 12 वर्षीय शांति पुत्री रामसिंह की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां से अलीगढ़ रेफर का दिया गया है।

# करंट की चपेट में आये दो बच्चे, एक की मौत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

### घर के बाहर खेलते समय पोल से जुड़े तार की चपेट में आने से हुआ हादसा


भर्ती बालक का हालचाल लेने पहुंचे एसडीएम सदर संजीव कुमार व अधिशासी अभियंता।

- विद्युत निगम के जेई और कर्मियों पर लगा लापरवाही का आरोप
- परिजनों ने जताया आक्रोश, जेई लाइनमैन पर कार्रवाई की तैयारी

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव किसरोली में खेलते समय करंट की चपेट में आए दो बच्चों की हालत बिगड़ गई। इनमें एक की मौत गई। जबकि दूसरे बालक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में प्रथम दृष्टया जेई और लाइनमैन को दोषी मनाया गया है। उन पर कार्रवाई की तैयारी है।

जिला हाथरस के थाना मुरसान क्षेत्र के गांव गलवगटी निवासी पांच वर्षीय सृष्टि पुत्री नरसी दो माह पहले अपनी ननिहाल सोरों के गांव कसरौली आई थी। यहां रविवार को वह 14 वर्षीय शिवा पुत्र प्रताप के साथ खेल रही थी। इसी दौरान दोनों बच्चे विद्युत पोल की मजबूती को लगाए गए तार के समीप जा पहुंचे। तारों में तेज करंट प्रवाहित था, जिससे दोनों बच्चे करंट की चपेट में आ गए। बिजली का तेज झटका लगने पर बच्चे दूर जा गिरे। ग्रामीणों ने दोनों को तड़पते देखा तो परिजनों को सूचना दी। परिजन फौरन दोनों बच्चों को उठाकर जिला अस्पताल ले गए। जहां सृष्टि को मृत घोषित कर दिया। जबकि शिवा की हालत गंभीर बनी हुई है। इस घटना की जानकारी मिलते ही विद्युत निगम के अधिशासी अभियंता सतेंद्र गंगवार ने विभागीय अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों को मौके पर भेजा। उधर, एसडीएम सदर संजीव कुमार विद्युत निगम के अधिकारियों के साथ बालक का हालचाल लेने जिला अस्पताल जा पहुंचे। एसडीएम ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बच्चे का बेहतर उपचार करने के निर्देश दिए।

घटना की जानकारी मिलने पर जिला अस्पताल पहुंचकर घायल बच्चे एवं मृतका के परिजनों से जानकारी ली। जांच कराई जा रही है। उसके बाद आगे की प्रकिया की जाएगी। – **संजीव कुमार**, एसडीएम

परिजनों ने प्रार्थना पत्र दिया है, जिसमें लापरवाही का आरोप लगाया है। जेई और लाइनमैन पर लापरवाही का आरोप लगा है। जांच की जा रही है, जिसके बाद कार्रवाई की जाएगी। मृतिका के आश्रितों को नियमानुसार मुआवजा देगा। दिया जाएगा। – **सत्येंद्र गंगवार**, अधिशासी अभियंता विद्युत

### मृत बच्ची के नाना की शिकायत पर हुई कार्रवाई

सृष्टि के नाना सूरजपाल ने डीएम के नाम संबोधित प्रार्थना पत्र अधिकारियों को दिया है। इसमें नमैनी फीडर पर तैनात जेई व लाइनमैन पर लापरवाही का आरोप लगाया। इस पर विद्युत निगम ने कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। अधिशासी अभियंता ने नियमानुसार कार्रवाई के लिए रिपोर्ट तैयार की है।

Bareilly International University
{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}
Excelled in
CUET?
Join the Courses:
ADMISSIONS OPEN 2024
ONLINE REGISTRATION https://admissions.biuerp.com/
Courses Available
Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing
Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist
Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm (Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology
- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.
Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India
Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404



## देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**कासगंज।** थाना सिढ़पुरा पुलिस ने सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर राधेश्याम सिंह ने बताया कि आरोपी रघुवीर निवासी दहेली बुजुर्ग थाना सिढपुरा को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से 40 क्वार्टर देशी शराब बरामद की गयी है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## पुलिस ने दो वारंटी दबोचे

**कासगंज।** थाना सहावर एवं सदर कोतवाली पुलिस ने न्यायालय से फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। एएसपी राजेश भारती ने बताया थाना सहावर पुलिस द्वारा वारंटी रनजीत निवासी मुहल्ला काजी थाना अलीगंज जिला एटा एवं थाना ढोलना पुलिस द्वारा वारंटी राजपाल निवासी ग्राम भिडिया नगला रहीम नगर को गिरफ्तार किया है।

# सबसे बड़ा वही, जो शिक्षावान है

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



कॉलेज के अभिमुखीकरण कार्यक्रम में मंच पर अतिथियों का स्वागत करते आयोजक।

- कॉलेज के अभिमुखीकरण कार्यक्रम में एमएलसी रजनीकांत ने रखे अपने विचार

**अमृत विचारः** केए पीजी कॉलेज में अभिमुखीकरण कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी ने कार्यक्रम आरंभ किया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम अध्यक्ष व प्रबंध कारिणी समिति सचिव विनय कुमार जैन, विशिष्ट अतिथि व उपसचिव संतोष कुमार माहेश्वरी, उपाध्यक्ष अनिल कुमार माहेश्वरी, नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र कुमार बोहरे एवं प्राचार्य प्रोफेसर अशोक कुमार रुस्तगी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्जलन किया।

कार्यक्रम में एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी ने कहा कि सबसे बड़ा वही है, जो शिक्षावान है। उन्होंने शिक्षक, शिक्षा एवं शिक्षार्थियों की प्रशंसा की। प्रबंध कारिणी समिति सचिव विनय कुमार जैन ने छात्र-छात्राओं को आधुनिक संसाधनों के सदुपयोग करने को कहा। समिति के उपसचिव संतोष कुमार माहेश्वरी ने अच्छे विद्यार्थी के सात लक्षण बताए। पूर्व चेयरमैन राजेंद्र कुमार बौहरे ने प्राचार्य के कार्यों के सराहना की। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य प्रोफेसर अशोक कुमार रुस्तगी ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बृजेंद्र कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अंजना वशिष्ठ, डॉ. एपी. गुप्ता, डॉ. एमएस चंदवरिया, चीफ प्रॉक्टर डॉ. मिथिलेश वर्मा, डॉ. कमलेश कुमार सिंह , डॉ. प्रवीन कुमार जादौन, डॉ. संतोष यादव, डॉ. अनुपम पाठक, डॉ. उमेश कुमार, डॉ. पवन दुबे, डॉ. साबिस्ता अंजुम, डॉ. पूनम रानी शर्मा, डॉ. हर्ष मिश्रा, डॉ. अजीत यादव, लेफ्टिनेंट अभिषेक यादव , डॉ. कुशहर साहनी आदि रहे।

# सराफा व्यापारियों को नहीं हो कोई दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



सराफा व्यापारियों को संबोधित करते सीओ सदर विजय कुमार राना।

- मिनी अधिवेशन में सराफा एसोसिएशन ने किया नगर इकाइयों का गठन
- पुलिस अधिकारी बोले- दुकान के अंदर और बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाएं

**अमृत विचारः** जिला सराफा एसोसिएशन का मिनी अधिवेशन शुक्रवार को शहर के एक होटल में आयोजित किया गया। इसमें सराफा व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा की गई। अधिवेशन में सराफा व्यापारियों ने कहा कि उन्हें व्यवसाय करने में कहीं कोई दिक्कत न हो इस तरह की व्यवस्था बनाई जाए।

कार्यक्रम अतिथियों ने गणेश जी का पूजन अर्चन कर आरंभ किया। संगठन के जिलाध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। जनपद कासगंज व एटा की ओर से आयोजित सराफा व्यापारियों की ओर से आयोजित मिनी अधिवेशन में नगर एवं कस्बों की कमेटियों का पुनर्गठन किया गया। इनमें मिरहची, सिढ़पुरा, बिलराम, अमापुर नगर की इकाइयां शामिल हैं। राहुल भारद्वाज को सर्वसम्मति से एटा जिले का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया। जिलाध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल, जिला महमंत्री राजवीर सोलंकी, जिला कोषाध्यक्ष मिंकी अग्रवाल ने नए पदाधिकारियों से इकाइयों को पुनर्गठित कर बैठक आयोजित करने को कहा। जिला सराफा एसोसिएशन का महाअधिवेशन 30 सितंबर को कासगंज में करने का निर्णय लिया गया एवं सभी पदाधिकारी को जिम्मेदारियां भी सौंपी गई। दोनों जनपद से आये सराफा कारोबारी का नगर अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, मंकी अग्रवाल, मनोज अग्रवाल ने माला पहनाकर स्वागत किया।

मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक भारती एवं सीओ विजय राना ने कहा कि व्यापारी जेवर खरीदते समय विशेष सतर्कता बरतें। दुकानों के अंदर एवं बाहर सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगाएं। व्यापारियों ने कहा कि व्यवसाय करने में कहीं कोई कठिनाई न हो इसलिए पुलिस के अधिकारियों और थाना पुलिस कर्मियों का पूरा सहयोग मिलना चाहिए। कार्यक्रम में अशोक अग्रवाल, राजवीर सिंह, सुरेश वर्मा, संजीत गुप्ता, तनुज राठौर, मनोज अग्रवाल, संतोष गुप्ता, संतोष प्रधान, पदम माहेश्वरी, पूरन सिंह राणा, मधुकर अग्रवाल, संजय अग्रवाल, पुष्कर अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, आशुतोष जाजू, संदीप महेश्वरी, प्रकाश माहेश्वरी, मनोज अग्रवाल, सोनी दिवाकर, राजीव माहेश्वरी, कपिल अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, प्रकाश माहेश्वरी, अर्जुन भारद्वाज, सुशील गहलौत आदित उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बहन के देवर ने महिला का अश्लील वीडियो बनाया

**कासगंज।** एक महिला ने अपनी बहन के देवर अमन, लक्की, रिशीपाल के विरुद्ध सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि छह अगस्त को अमन उसके घर आया और उससे खाना खाने को मना कर गया। बोला- हम बाजार से खाने को लेकर आयेंगे। कुछ देर बाद वह बाजार से खाना लेकर आया, जिसे खाने के बाद वह बेहोश हो गई। इसके बाद आरोपियों ने उसकी अश्लील वीडियो बनाई। इसके बाद ब्लैकमेल करके 30 हजार रुपये ऐंठ लिए। फिर और रुपये मांग रहा था। उसने रुपये देने से इंकार किया तो आरोपियों ने वीडियो उसके पति के मोबाइल पर भेज दी। वीडियो देखने के बाद पति उसे घर में नहीं रख रहा है। आरोपी मुझे निरंतर परेशान कर रहे हैं। इंस्पेक्टर का कहना है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### आठ उपनिरीक्षकों का कार्य क्षेत्र बदला

**एटा।** एसएसपी श्याम नारायण सिंह ने आठ उप निरीक्षकों का कार्य क्षेत्र बदल दिया। उन्हें तत्काल अपने स्थानांतरण वाले स्थान पर पहुंचने के निर्देश हैं। पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक चमन कुमार को वरिष्ठ उपनिरीक्षक पिलुआ बनाया है। पुलिस लाइन से ही एसआई विपिन कुमार को कोतवाली देहात की लिप्टन चौकी का प्रभार सौंपा है। मलावन की सेंथरी पुलिस चौकी का इंचार्ज एसआई प्रदीप कुमार को बनाया है। जलेसर की चौकी बेरनी का प्रभारी एसआई आदित्य कुमार बनाए गए हैं। वह जलेसर थाने में तैनात थे। मुकेश कुमार तोमर को पुलिस लाइन से चौकी ठटिंगरा जसरथपुर भेजा गया है। नयागांव थाने की चौकी उभय असरदपुर पर तैनात उपनिरीक्षक सुरेन्द्र मोहन को लाइन हाजिर कर दिया गया। एसआई अभिषेक कुमार को कोतवाली नगर की मण्डी चौकी से कोतवाली देहात की मरथरा चौकी भेजा गया है। हैं।

### शिविर में 70 लोगों ने किया रक्तदान

**जलेसर।** समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद नूपुर के तत्वाधान में रविवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 70 लोगों ने महादान किया। शिविर व्यवसायी अभय अग्रवाल ने दीप जलाकर आरंभ किया। व्यापारी अभय अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान से गरीब, मजलूमों की सहायता की जाती है। हर किसी को भाग लेना चाहिए।

# शराब की 97 दुकानें बिना फूड लाइसेंस के चल रहीं

## जिले में शराब की कुल 197 दुकानें चल रहीं, खाद्य सुरक्षा लाइसेंस केवल 100 ने लिया, विभाग ने भी नहीं लिया संज्ञान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** शराब और बीयर में मिलावट के आरोप आए दिन लगते हैं। इसे रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने भी कुछ नहीं किया। खास बात यह है कि अभी तक खाद्य सुरक्षा विभाग ने किसी भी दुकान से शराब व बीयर के नमूने नहीं लिए। खाद्य सुरक्षा विभाग का अभियान केवल तेल, मसाले और दूध के नमूने लेने तक सीमित रहता है।

खाद्य सुरक्षा विभाग घी, तेल, खोया, रिफाइंड के नमूने तो लेता है, लेकिन मानक विहीन शराब की दुकानों से नमूने नहीं लिए जाते हैं। यहां तक कि 40 फीसदी शराब की दुकानें बिना फूड लाइसेंस के संचालित हो रही है। विभाग जान बूझकर अनजान बना हुआ है। विभाग की अनदेखी की वजह से राजस्व का घाटा हो रहा है। फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड एक्ट 2006 के तहत सभी ठेकों के लिए फूड लाइसेंस लेना अनिवार्य है, लेकिन ठेका संचालकों ने लाइसेंस के लिए आवेदन तक नहीं किया है। ऐसे में शराब में मिलावट की संभावना रहती है।



शहर में संचालत अंग्रेजी शराब की एक दुकान। ● अमृत विचार

### बिना लाइसेंस पकड़े जाने पर छह माह का कारावास

शराब की दुकानों के लाइसेंस नहीं लेने पर उनके खिलाफ एफएसएसए-2006 एक्ट के तहत प्रकरण बनाया जाएगा। इसके तहत दोषी पाए जाने पर छह माह का कारावास व पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता है।

### आंकड़े एक नजर में

| शराब की दुकानें | लाइसेंस | बिना लाइसेंस |
|---|---|---|
| देशी की दुकान 119 | 50 | 69 |
| अंग्रेजी की दुकान 41 | 25 | 21 |
| वीयर की दुकान –37 | 25 | 10 |

- तेल, मसाले, दूध की जांच तक ही सीमित रहा खाद्य सुरक्षा विभाग शराब का नहीं लिया कोई सैंपल

जिले में चल रही शराब की दुकानों के संबंध में जानकारी लेने के लिए आबकारी विभाग को पत्र लिखा है। फूड सेफ्टी एक्ट के तहत शराब पेय पदार्थ में आता है। इसलिए लाइसेंस लेना अनिवार्य है। जिन शराब ठेकों के पास फूड लाइसेंस नहीं पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। –**अवधेश मिश्र**, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी

पूर्व में भी कुछ लोगों ने मदिरा की दुकानों और मॉडल शॉप को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। जांच उपरांत पाया गया सभी मानक के अनुसार स्थापित हैं। शासन और न्यायालय के आदेश का पूरी तरह से पालन हो रहा है। – **मोहम्मद शाबिर**, जिला आबकारी अधिकारी

### फूड लाइसेंस अनिवार्य

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत शराब को पेय पदार्थ माना है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से शराब दुकानदारों को फूड लाइसेंस लेना जरूरी है। फूड लाइसेंस नहीं लेने से विभाग को राजस्व नुकसान होने के साथ मिलावट होने की आशंका भी रहती है। वर्तमान में संचालक इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# मेडिकल कॉलेज के बाबू पर पांच लाख के गबन की रिपोर्ट

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** मेडिकल कॉलेज के कोआर्डिनेटर डॉ. मंजेश की ओर से कोतवाली देहात में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इसमें मेडिकल कॉलेज के ही बाबू एटा के सराय ज्ञान पुरानी बस्ती बड़ा जैन मंदिर के पास रहने वाले अंकित जैन को नामजद किया गया है। रिपोर्ट में डॉ. मंजेश ने बताया कि अंकित जैन मेडिकल कालेज में कार्यरत है। 18 जुलाई को अंकित द्वारा मेडिकल कॉलेज एटा में अध्ययनरत एमबीबीएस वर्ष 2023-24 के छात्रों से एकत्रित परीक्षा शुल्क 13 लाख 63 हजार 500 रुपये लिए, जिनमें से पांच लाख रुपये का गबन कर लिया। इसकी जानकारी तब हुई जब छात्रों से ली गई फीस व अन्य शुल्क का मिलान किया गया। इसके बाद मामले की जांच कराई गई। जांच के बाद आरोपित अंकित के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक नरेश जादौन को इस मामले की जांच सौंपी गई है।

### घर में घुसकर नगदी और जेवर ले गए चोर

**एटा, अमृत विचार :** बागवाला थाने में कैलाश पुत्र सियाराम निवासी सोंनसा ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कैलाश ने बताया कि शनिवार की रात अज्ञात बदमाश उनके मकान की दीवार तोड़कर अंदर घुस गए। आरोप है कि बदमाशों ने घर के अंदर रखे बक्से का ताला तोड़ दिया। उसमें रखे 50 हजार रुपये और सोने-चांदी के आभूषण निकाल लिए। घर वालों को इसकी जानकारी रविवार सुबह को जागने पर हुई। इसकी सूचना देने पर पुलिस ने भी मौका मुआयना किया। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

# निरंकारी भक्तों ने पीएसी परिसर में किया पौधरोपण



पीएसी परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान मौजूद निरंकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** निरंकारी मिशन द्वारा कासगंज रोड स्थित 43वीं वाहिनी पीएसी में पर्यावरण के संरक्षण हेतु पौधरोपण किया गया। उप सेना नायक कमल किशोर और निरंकारी मिशन के सेवादल अधिकारी प्रेम चंद्र के मार्गदर्शन में पौधरोपण हुआ। इसकी स्वीकृति सेना नायक आदित्य प्रकाश वर्मा ने दी।

संत निरंकारी मण्डल के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने बताया कि सन 2021 में आयोजित 'वननेस वन' परियोजना के प्रथम चरण के अंतर्गत संपूर्ण देश में लगभग डेढ़ लाख पौधे लगाए गए थे। सन 2022 में 'वननेस वन' परियोजना के दूसरे चरण का आयोजन अत्यंत उत्साहपूर्वक किया गया, जिसमें दो लाख के करीब पौधे लगाए गए। इसके उपरांत वर्ष दर वर्ष निरंतर इनकी संख्या में वृद्धि होती जा रही है। इस साल अब तक 2.50 लाख के करीब पौधे रोपित किए जा चुके हैं, जिनकी निरंतर देखभाल भी की जा रही है। मिशन के सेवादारों द्वारा इन वृक्षों को फलित एवं पोषित रखने हेतु उन्हें स्थानीय जलवायु एवं भौगोलिक परिवेश के अनुसार ही रोपा जाता है, जिससे पौधों को बढ़ोतरी के लिए उत्तम जैविक खाद, स्वच्छ जल एवं सिंचाई की नवीनतम तकनीकों का प्रयोग किया जाता है।

# पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी समेत तीन को गिरफ्तार कर जेल भेजा

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** एसएसपी श्याम नारायण सिंह के निर्देश पर मिरहची थाना पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी गिरफ्तार कर लिया। बागवाला थाना पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

मिरहची थानाध्यक्ष कृष्णकांत लोधी ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि किशोर का अपहरण कर दुष्कर्म करने का आरोपी क्षेत्र में घूम रहा है। इस पर थाना प्रभारी ने टीम के साथ दबिश देकर आरोपी राजू निवासी पुन्हैरा थाना हाथरस जंक्शन जिला हाथरस को गिरफ्तार कर लिया। बागवाला थाना पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे आरोपी सुरेश पुत्र केसरी निवासी फतेहपुर माफी थाना मारहरा, धर्मेंद्र पुत्र रामौतार निवासी गदनपुर थाना कोतवाली देहात को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई सुशील कुमार, सिपाही संजीव कुमार और राजकुमार शामिल रहे।



थाना बागवाला पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

### युवक ने घर में घुसकर की महिला से छेड़छाड़

**जैथरा।** थाना जैथरा इलाके की महिला ने एक युवक के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसका आरोप है कि एक अगस्त को आरोपी अमित निवासी साखीपुर जैथरा ने उससे छेड़खानी की है। विरोध करने पर पीड़िता व उसकी सास पर हमला कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवती को बहकाकर ले जाने का आरोप

**एटा।** कोतवाली नगर के एक व्यक्ति ने एक युवक पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार आरोपी देशदीप निवासी भीकनपुर फिरोजाबाद वादी की पुत्री को बहला-फुसलाकर ले गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पूजा करने गईं दो बहनें लापता

**एटा।** कोतवाली नगर इलाके की महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई। महिला के अनुसार शुक्रवार को उसकी दो बेटियां पूजा करने मंदिर गई थीं, फिर नहीं लौटीं। परिवार वालों ने उन्हें तलाश किया, नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि दोनों बहनें रिश्तेदारी में चली गई थीं, जो मिल गईं।

# तुलसी जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



तुलसी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जन्मोत्सव मनाते विहिप और बजरंग दल कार्यकर्ता।

संवाददाता, सोरों जी

**अमृत विचार:** महाकवि संत तुलसीदास का 513वां जन्मोत्सव तीर्थ नगरी में मनाया गया। तुलसी शोध संस्थान में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष रामेश्वर दयाल महेरे ने की। मनोज भारद्धाज मधुवन ने तुलसी स्तुति प्रस्तुत की। उमेश पाठक ने तुलसीदास के जीवन पर प्रकाश डाला। डॉ. सुरेन्द्र अग्रवाल ने तुलसी दास के प्रारंभिक जीवन व जन्म स्थान पर चर्चा की।

बैठक में उमेश पाठक को तुलसी शोध संस्थान का निदेशक व विक्रम पांडेय को मीडिया प्रभारी नामित किया गया। संस्थान में नियमित कर्मचारी की नियुक्ति, बैंक खाता व पालिका परिषद सोरों बोर्ड द्धारा संस्थान के वित्तीय सहयोग के लिए प्रस्ताव रखे गये। इस अवसर पर तुलसी शोध संस्थान परिसर में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन रामकरण आर्य प्रधानाचार्य ने किया। बैठक में रामकरण आर्य प्रधानाचार्य ,योगेश चौधरी, अनिल दुबे, सुरेन्द्र अग्रवाल, उमेश पाठक, मनोज मधुवन ,अद्रितेन्द्र काकोरिया, प्रवीन गुप्ता, विक्रम पांडेय, एडवोकेट कृष्ण कुमार भारद्धाज व संस्थान के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

इसीक्रम में हरि की पौढ़ी पर आरती मंडल द्वारा रामचरित मानस का पाठ कराया गया। तुलसी की प्रतिमा पर अभिषेक कर पूजन किया गया। पालिकाध्यक्ष ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पूजन कार्यक्रम महंत मानवेंद्र गिरी ने संपन्न कराए। संजय तिवारी, बाबा सालू, प्रमोद, रोहित भारद्वाज, हरि बाबा, दुर्गा शंकर तिवारी, आकाश, मुकेश पाराशर, रानी निर्भय, आकाश निर्भय, लखन निर्भय, योगेंद्र बाबू, सचिन चौधरी, शरद पांडेय, सौरभ, गौरव, शशांक दीक्षित आदि मौजूद रहे।

### बजरंग दल व विहिप कार्यकर्ताओं ने किया माल्यार्पण

**सोरों जी।** संत तुलसीदास के 513वें जन्म दिवस पर विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने तीर्थनगरी की पीली कोठी पर विचार गोष्ठी आयोजित की। इसमें वक्ताओं ने संत तुलसीदास के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्मरण किया। विभाग संगठन मंत्री सुशील कुमार, जिलाध्यक्ष विहिप प्रमोद साहू, नवीन सक्सेना, संजय गौड, राजेंद्र मौर्य, गोविंद महेरे, मनीष बघेल, सुर्यकांत कश्यप, सत्यवीर मौर्य, यश महेरे, सुधांशु भारद्वाज, अजय सैनी, लव तिवारी, आकाश गोस्वामी, जुगल किशोर , हार्दिक चौधरी, प्रियांशु दुबे, सुधांशु महेरे मौजूद रहे।

# बसपा पदाधिकारियों ने चुनाव की रणनीति बनाई

- निष्क्रिय कमेटियों को भंग कर नए लोगों को जिम्मदारी सौंपी

संवाददाता, जलेसर

**अमृत विचार:** बसपा के जलेसर विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष राजेश कुमार की अध्यक्षता में रविवार को एक बैठक आयोजित की गई। इसमें विधानसभा जलेसर की सेक्टर कमेटियों का पुनर्गठन किया गया। वहीं, निष्क्रिय सेक्टर कमेटियों को भंग कर नए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैठक में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष बलवीर सिंह भाष्कर, विशिष्ट अतिथि अखिलेश दिनकर व पूर्व जिलाध्यक्ष कालीचरण पुष्कर रहे। बैठक में विधान क्षेत्र सभा प्रभारी राजू रामरतन, अरविंद कुमार, विजय बहादुर सिंह भी उपस्थित रहे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि सभी अपने-अपने सेक्टर की टीम को सक्रिय करें। साथ ही सेक्टर के प्रत्येक गांव में चौपाल लगाएं और लोगों के सुख-दुःख में साथ खड़े हों। प्रभारी ने कहा कि सेक्टर की कमेटियों के गठन के साथ ही सर्व समाज को अपनी कमेटी में स्थान दें, जिससे बसपा के साथ सर्व समाज जुड़े और सम्मान प्राप्त करें। प्रभारी राजू रामरतन ने कहा कि2027 के विधानसभा चुनाव में बसपा को जिताने के लिए कार्यकर्ताओं को डोर टू डोर जाना चाहिए। अनुसूचित जाति-जनजाति, पिछड़ा वर्ग के साथ-साथ अन्य समाज को भी जोड़ने की कोशिश करनी चाहिए। यदि सभी मिलकर पार्टी को 2027 के चुनाव में पूर्ण बहुमत से जिताना चाहते हैं तो अपना तन मन व धन समर्पित कर सर्व समाज को एकजुट करना होगा।

बैठक में रामदास सविता, विजय बहादुर, मुकेश यादव, अरविंद जाटव, धर्मेंद्र सोनी, भागीरथ राजपूत, कालीचरन विमल, सुखवीर सिंह प्रधान, राजेश भाष्कर, रविंद्र सविता, गौरव कुमार सविता, राजवीर सिंह, राजेश कुमार, रामस्वरूप पेंटर, रुकम पाल सिंह, विमल सिंह, गंगा सिंह, मुन्नंलाल, संजय कुमार आदि उपस्थित रहे।



बैठक में शामिल बसपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# बाइक सवार कांवड़िया ने राहगीर को मारी टक्कर, मौत

- अन्य सड़क हादसों चार कांवडिया घायल

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** रविवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक राहगीर की मौत हो गई, जबकि चार कांवड़िया घायल हो गए।

सोरों कोतवाली के गांव तिमुरियां निवासी 40 वर्षीय बनवारी रविवार सुबह पैदल सड़क पार कर रहे थे। तभी बाइक पर इधर से गुजर रहे कांवड़ियां ने बनवारी को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंचे परिवार वाले उन्हें जिला अस्पताल ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अलीगढ़ रेफर किया। परिजन अलीगढ ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गई। इस मामले में बाइक सवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। एक अन्य सड़क हादसे दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इसमें कांवड़िया रामू पुत्र ज्ञान सिंह, पंकज पुत्र राजकुमार निवासी एटा घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां पंकज की हालत नाजुक देख अलीगढ़ु रेफर कर दिया।

# एटा में 1005745 बच्चों को ऐल्वेंडाजोल पिलाने का लक्ष्य



कार्यक्रम के दौरान मंचासीन जिला जज दिनेश चंद व अन्य अतिथि। ● अमृत विचार

- जिला जज ने बच्चों को दवा पिलाकर कृमि दिवस अभियान आरंभ किया

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर जनपद न्यायाधीश दिनेश चंद ने एमजी कान्वेंट स्कूल में फीता काटकर अभियान आरंभ किया। इस मौके पर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कई अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को कृमि नाशक दवा एलवेंडाजोल पिलाई गई। कार्यक्रम में अपर जिला जज कमालुद्दीन, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार वाजपेयी मौजूद रहे।

सीएमओ डॉ. उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कृमि मुक्ति दवा का कार्यक्रम साल में दो बार फरवरी और अगस्त में आयोजित किया जाता है। एटा 28 एनडेमिक जनपदों में शामिल है। जहां पेट में कीड़ों की बीमारी अधिक होती है। इस अभियान के तहत एटा में 1005745 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। सीडीओ डॉ. अवधेश कुमार वाजपेयी ने कहा कि कृमि मुक्ति अभियान को पूर्व वर्षों की तरह इस वर्ष भी सफल बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों का सहयोग अपेक्षित है।

# सावन का चौथा सोमवार: सज गए शिवालय, देर रात तक चली तैयारी

## जलाभिषेक के लिए मंदिरों में पहुंचने लगे कांवड़िया, पुलिस-प्रशासन अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** सावन मास के चौथे सोमवार को शिव मंदिरों में भक्तों का सैलाब उमड़ेगा। गंगा से जल लेकर वानक कांवड़िया शिवजी को जल अर्पित कर मनौतियां मांगेंगे। रविवार देर शाम तक शिवालयों को साफ-सफाई करने के साथ आकर्षक विद्युत झालरों से सजाया गया। जलाभिषेक के लिए रविवार देर रात से कांवड़िया बड़ी संख्या में शिवालयों में पहुंचने लगे।

चौथे सोमवार की तैयारी में रविवार को भूतेश्वर मंदिर, पारना मठ शिव मंदिर, गंगेश्वर स्थित शिव मंदिर पर जलाभिषेक करने के लिए कांवड़िया देर शाम तक पहुंच चुके थे। आयोजकों ने बताया कि चौथे सोमवार को लेकर मंदिर में तैयारियां कर ली गई हैं। बेरीकेडिंग करा दी गई है। श्रद्धालुओं को नियंत्रित करने के लिए पूरी व्यवस्था की गई है। सुबह महादेव का जलाभिषेक होगा।

सावन के चौथे सोमवार को लेकर मंदिरों में रविवार को काफी भीड़ रही। इसको देखते हुए पुलिस ने कड़े इंतजाम किए हैं। रविवार देर शाम से ही शिवालयों में शिव भक्त पहुंचने लगे और भीड़ उमड़पे लगी। सुरक्षा के लिहाज से शहर में जगह-जगह पुलिस तैनात रही। मंदिरों पर पुलिस का कड़ा पहरा रहा। प्रत्येक मंदिरों में पुलिस बल तैनात किया गया है।



शिवलिंग सजी कांवड़ लेकर राजस्थान की ओर जाते कांवड़ियों का जत्था।



पारना मठ महादेव मंदिर में लगे शिविर में प्रसाद ग्रहण करते कांवड़िया।



लहरा गंगा घाट से रथ की कांवड़ खींचकर ले जाते कांवड़िया।



कांवड यात्रा मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद इंस्पेक्टर लोकेश भाटी व उनकी टीम।

### ट्रैफिक डायवर्जन व्यवस्था रही प्रभावी

रविवार दोपहर दो बजे के बाद सड़कों पर कांड़ियों की भीड़ बढ़ती चली गई। इससे रूट डायवर्जन व्यवस्था प्रभावी कर दी गई। वाहनों को कैनाल बाईपास रोड होकर निकाला गया। वहीं, अमरपुर घाट बाईपास से वाहन निकाले गए। यातायात पुलिस के अलावा सिविल पुलिस ने यातायात व्यवस्था संभाली। कांवड़ियों के लिए फोरलेन सड़क का एक हिस्सा पूरी तरह आरक्षित किया गया था। इस पर वाहनों को प्रवेश नहीं दिया जा रहा था।

कांवड़ियों की भीड़ उमड़ रही है। पहले से ही आम जनमानस से सहयोग की अपील की गई थी। कांवड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। इसको लेकर पुलिस ने चाक चौबंद इंतजाम किए। जगह-जगह पुलिस पीएसी बल किया गया है।
–**विजय राना**, सीओ सिटी



झमाझम बारिश के बीच शहर से होकर गुजरते कांवड़िया।

## एक नजर

### ग्राम पंचायतों में नहीं लग रही चौपाल

**बदायूं, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार की ओर से निर्देश हैं कि शुक्रवार को गांवों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं पर चर्चा की जाए। साथ ही उनकी समस्याओं का निस्तारण किया जाए। बावजूद इसके लोकसभा चुनाव के पहले से बाधित यह यह प्रक्रिया अभी तक शुरू नहीं हो सकी। गांवों में चौपाल न लगने से फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर संपूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस में लेकर पहुंच रहे हैं। जनवरी 2023 से ग्राम चौपाल की शुरुआत शासन की ओर से की गई है। शासन का उद्देश्य था कि गांव की समस्या का गांव में ही समाधान किया जा सके। आदेश के तहत हर ब्लॉक में दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल लगानी थी। जनपद के 15 ब्लॉक में 1037 ग्राम पंचायतों में चौपाल का आयोजन है। जिसमें बीडीओ की अध्यक्षता में सुनवाई किए जाने का प्रावधान है। इसके बावजूद अब तक किसी भी ग्राम पंचायत में ग्राम चौपाल का आयोजन नहीं हो सका है। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना 16 मार्च को लगने के बाद से सारे सरकारी कार्यक्रम गांवों में लगने वाले चौपाल, तहसीलों में लगने वाले संपूर्ण समाधान दिवस, थाना में लगने वाले समाधान दिवस पर भी रोक लगा दी गई। चुनाव खत्म होने के बाद हर शनिवार को लगने वाला संपूर्ण समाधान दिवस व समाधान दिवस तो चालू हो गया लेकिन ग्राम चौपाल नहीं शुरू हो सका। इससे गांव की समस्या गांव में समाधान नहीं हो पा रहा है।

### पूर्व सांसद ने मण्डल अध्यक्ष को अर्पित की श्रद्धांजलि

**बिसौली, अमृत विचार :** रविवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष लालू सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में पूर्व भाजपा सांसद ने मंडल अध्यक्ष के समाधि स्थल पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पूर्व सांसद संघमित्र मौर्य ने कहा कि मंडल अध्यक्ष पार्टी के लिए पूर्णता समर्पित रहे। इस मौके पर बिसौली पूर्व विधायक कुशाग्र सागर, रितेश कुमार सिंह, अनुज सक्सेना, जय पाल दिवाकर, दुर्गेश वार्ष्णेय, सनवीर पाल, विकार अहमद साहित पार्टी के अन्य लोग मौजूद रहे।

### भाई की शादी में शामिल होने पाकिस्तान गई बहन फंसी

**रामपुर, अमृत विचार :** भाई की शादी में शामिल होने पति और तीन बच्चों के साथ गई बहन पाकिस्तान में फंस गई है। एलआईयू के अधिकारियों ने बताया कि यह परिवार टूरिस्ट वीजा पर पाकिस्तान गया था। वहां उनका वीजा खत्म हो गया। अब उसे भारत आने के लिए पाकिस्तान से वीजा नहीं मिल रहा है। कोतवाली थाना क्षेत्र के घेर मर्दान खां निवासी माजिद हुसैन की शादी 2007 में पाकिस्तान निवासी ताहिर जबीन से हुई थी। ताहिर जबीन लॉन्ग टर्म वीजा पर भारत आ गई थी। इसके बाद वह रामपुर स्थित ससुराल में रह रही थी। उसके तीन बच्चे बेटा हैदर (15) और अब्दुल रब (11) तथा बेटी सैयदा (13) हैं। बताया जा रहा है कि दो साल पहले पाकिस्तान निवासी उसके भाई की शादी होने के कारण ताहिर जबीन अपने पति और तीनों बच्चों के साथ तीन माह के टूरिस्ट वीजा पर कराची गई थी। शादी की खुशियों में तीन महीने का वीजा कब खत्म हो गया उन्हें पता ही नहीं चला। वीजा खत्म होने पर वह परिवार के साथ वहीं फंस गई है। जानकारी मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उन्हें भारत बुलाने की गुहार लगा रहे हैं।

# बारिश में सड़क का किनारा कटा, हादसे की आशंका

संवाददाता, दातागंज

**अमृत विचार :** पिछले कई दिनों से बारिश हो रही है। जिससे दातागंज रोड स्थित गांव पापड़ हमजापुर की सड़क का किनारा पूरी तरह कट गया इस रोड से दातागंज -वाया जैतीपुर - तिलहर - शाहजहांपुर - लखनऊ को दिन रात वाहन दौड़ते हैं। वाहनों के संचालन का सड़क पर भारी दबाब है ।कावड़ के चलते रूट डायवर्जन होने से लखनऊ - दिल्ली - कानपुर जाने वाली बसे ,ट्रक आदि इसी मार्ग से गुजर रहे है । गांव पापड़ पर सड़क का एक किनारा कट जाने से कोई बड़ा हादसा हो सकता है । इस रोड से प्रशासनिक अधिकारी भी गुजरते हैं। लेकिन किसी का ध्यान नही है। लोक निर्माण विभाग मौन साधे बैठा है जिससे लोगों में रोष है।



पापड़ हमजापुर पर कटी सड़क।

## अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की चेयर पर्सन के पद पर भी ताजपोशी की तैयारी

# बेटी श्रुति संभालेंगी संतोष गंगवार की राजनीतिक विरासत

बरेली कार्यालय

- आज बोर्ड के सदस्यों के निर्वाचन के बाद कल की जा सकती है घोषणा

**अमृत विचार :** संतोष गंगवार की बेटी श्रुति उनकी राजनीतिक विरासत संभाल सकती हैं। उनके झारखंड का राज्यपाल बनने के बाद से ही बरेली के राजनीतिक गलियारों में यह सवाल गूंजने लगा था कि उनका राजनीतिक वारिस कौन होगा, अब इसका जवाब काफी हद तक साफ होने लगा है। फिलहाल श्रुति को अर्बन कोऑपरेटिव बैंक का चेयरमैन बनाने की तैयारी है। इसकी घोषणा 13 अगस्त को हो सकती है।

आईआईटी की पासआउट प्रोफेशनल इंजीनियर श्रुति पिता संतोष गंगवार के राज्यपाल बनने के बाद से बरेली में राजनीतिक और सामाजिक जीवन में सक्रिय नजर आने लगी हैं। चुनाव में वह संतोष गंगवार के लिए काम करती रही हैं। भारत सेवा ट्रस्ट की ओर से किए जाने वाले सामाजिक कामों में भी हिस्सा लेती हैं। इसलिए बरेली में पहचान और संवाद का उनके लिए कोई संकट नहीं है। उनके कानपुर निवासी पति सुबोध सचान भी इंजीनियर हैं और साफ्टवेयर टेक्नोलॉजिकल पार्क ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) के निदेशक हैं। संतोष गंगवार के राज्यपाल बनने के बाद शहर में जगह-जगह श्रुति गंगवार के फोटो लगे होर्डिंग आने वाले समय में उनके राजनीति में पूरी तरह सक्रिय होने की गवाही देने लगे हैं।

इस बीच उन्हें अर्बन कोऑपरेटिव बैंक का चेयरमैन भी चुने जाने की तैयारी शुरू हो गई है। बैंक के महाप्रबंधक श्रीपाल कश्यप और निदेशक मनीष अग्रवाल के अनुसार 13 निदेशकों को चेयरमैन चुनना होता है। सोमवार को बोर्ड के सदस्यों का निर्वाचन घोषित किया जाएगा और मंगलवार यानी 13 अगस्त को चेयरमेन चुन लिया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से एडीएम फाइनेंस संतोष बहादुर सिंह को निर्वाचन अधिकारी बनाया है। संतोष गंगवार के बेटे अपूर्व इशू इंजीनियरिंग करने के बाद सिविल सर्विसेज की तैयारी के साथ एक मल्टीनेशनल कंपनी के साथ काम कर रहे हैं।

### राज्यपाल बनने के बाद बढ़ी ताकत तो शुरू हुईं चर्चाएं

बरेली से आठ बार सांसद रहे संतोष गंगवार केंद्र में कई बार मंत्री रह चुके हैं। लोकसभा चुनाव में उन्हें टिकट नहीं मिला। उनकी जगह छत्रपाल गंगवार चुनाव लड़कर सांसद बन गए। करीब चार दशक लंबे राजनीतिक कैरियर के बाद संतोष गंगवार को इस तरह किनारे कर दिया जाना उनके समर्थकों को अखर रहा था। चुनाव प्रचार के लिए बरेली आए गृह मंत्री अमित शाह ने साफ किया था कि संतोष जी के लिए पार्टी ने कुछ बड़ा सोचा है। कुछ समय पहले उन्हें झारखंड का राज्यपाल बनाए जाने के बाद एक बार फिर उनका कद बढ़ा तो उनकी राजनीतिक विरासत पर चर्चा शुरू हो गईं।

# आदर्श नगर के रूप में रुदायन चयनित

## पंडित दीनदयाल आदर्श योजना से नगर पंचायत रुदायन के विकास को लगेंगे पंख

संवाददाता, इस्लामनगर

**अमृत विचार :** नगर पंचायत रुदायन का चयन पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना में किया गया है। आदर्श नगर पंचायत चयनित होने पर अवस्थापना सुविधाएं विकसित किए जाने के लिए आवश्यकता के आधार पर अतिरिक्त बजट मिलेगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जिला प्रशासन द्वारा नगर पंचायत रुदायन को योजना में शामिल करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। इस प्रस्ताव को स्वीकृति मिल गई है। 9 अगस्त 2024 को प्रदेश सरकार के विशेष सचिव ने सूची जारी की है। जिसमें रुदायन का नाम शामिल है। नगर पंचायत से क्षेत्र में विकास के लिए अधिशासी अधिकारी, चेयरमैन, सहायक अभियंता डीपीआर तैयार करने में लगे हुए है।



चेयरमैन प्रतिनिधि मुरली मनोहर गुप्ता।





नगर पंचायत योजना में चयनित होने पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाते लोग।

### जनप्रतिनिधियों ने शासन को लिखा था पत्र

नगर पंचायत रुदायन को वित्तीय वर्ष 2024-25 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत घोषित करने के लिए केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा और प्रभारी मंत्री गुलाब देवी, एमएलसी वागीश पाठक, चेयरमैन सीमा चौधरी ने शासन को पत्र लिखा था। मांग पर शासन ने रुपये नगर पंचायत का चयन किया है।

रुदायन नगर पंचायत कई साल से विकास कार्य न हाने के कारण बदहाल है। यहां से मुख्यालय की दूरी 58 किमी है। जिससे कस्बा के लोगों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही थीं। चेयरमैन सीमा चौधरी और वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर गुप्ता के प्रयासों से नगर पंचायत को आदर्श नगर पंचायत घोषित होने की सूचना मिलते ही कस्बाइयों के चेहरे पर खुशी का माहौल दिखाई दिया। कस्बाइयों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। नगर पंचायत कार्यालय पर चेयरमैन और उनके प्रतिनिधि व सभासद आदि ने मिठाई बांटी। इस मौके पर ठाकुर अनूप सिंह, शिवशंकर दास, मदन लाल गुप्ता, मोहनलाल गुप्ता, गिरीश गुप्ता, अशोक यादव, ज्ञानपाल झा, सभासद नरेन्द्र गुप्ता, रामसिंह, भीकम सिंह, नफीस अहमद, मुनेन्द्र, ओमवती, अमजद अली, आदि उपस्थित रहे।

### रुदायन1 के विकास को नई गति मिलेगी

वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर गुप्ता ने बताया कि नगर पंचायत रुदायन को आदर्श नगर पंचायत घोषित करने की मांग पिछले कई साल से की जा रही थी। जो अब भाजपा सरकार में पूरी हुई है। इस योजना के अंतर्गत रुदायन का चयन होने पर निश्चित तौर पर नगर के विकास को एक नई गति और पहचान मिलेगी। नगर को मूलभूत सुविधाएं जैसे सड़कें, पथ प्रकाश, स्वच्छ पेयजल, जल निकासी, कूड़ा निस्तारण, पार्किंग, फुटपाथ, साइड पटरी, सीसी रोड, खेलकूद मैदान, शमशान भूमि, अमृत सरोवर, सीसीटीवी कैमरों से लैस नगर बनाया जाएगा।

# 143 स्कूल के शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों का वेतन रोका

**बरेली, अमृत विचारः** डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) योजना के तहत विभागीय कामों में लापरवाही बरते पर बिथरी चैनपुर के 143 परिषदीय स्कूलों के शिक्षक और प्रधानाध्यापकों का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने वेतन रोकने का आदेश दिया है। सभी को सोमवार तक अधूरे काम पूरे करने की चेतावनी दी गई है।

शासन की महत्वाकांक्षी योजना डीबीटी के तहत स्कूल में पंजीकृत बच्चों के जन्मतिथि आदि ब्योरा पोर्टल पर अपलोड किया जाना है। इसके लिए कई बार शिक्षकों को पत्र जारी कर जरूरी निर्देश दिए गए थे। इसके बाद भी इस कार्य में लापरवाही बरती गई है। इसी ब्योरे के आधार पर बच्चों को यूनिफार्म, जूता मोजा आदि सुविधाओं का लाभ मिलेगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि डीबीटी के काम में प्रधानाध्यापकों की लापरवाही ठीक नहीं है। समय पर काम पूरा न होने पर शिक्षकों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# फिर गुल हो रही बिजली ट्रिपिंग से बढ़ी परेशानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बारिश के बाद भी अघोषित कटौती पर नहीं अंकुश
- ग्रामीणों का थमा हंगामा तो बेखबर हो गया विभाग

**अमृत विचार :** जनपद में विद्युत सप्लाई अभी भी शेड्यूल के अनुसार नहीं दी जा रही है। अघोषित कटौती और ट्रिपिंग से परेशानी हो रही है। कुछ दिन पूर्व बिजली कटौती को लेकर जगह जगह ग्रामीणों का हंगामा हो रहा था। अब बारिश के बाद किसान शांत हुए तो बिजली विभाग फिर से बेखबर हो गया, जिससे बिजली कटौती और ट्रिपिंग जारी है।

एक सप्ताह पूर्व तक जिले में जगह-जगह बिजली कटौती को लेकर धरना प्रदर्शन हो रहे थे। किसानों को बिजली नहीं मिल रही थी, जिससे खेतों में धान लगाने को पानी नहीं पहुंच रहा था। लेकिन पिछले दिनों हुई बारिश के बाद किसानों का हंगामा तो बंद हो गया, मगर बिजली विभाग फिर बेखबर हो गया है। पूर्व की भांति ही अघोषित कटौती और ट्रिपिंग जारी है। तीन चार दिन से दिन में चार चार घंटे की कटौती हो रही है। शहर से लेकर देहात तक कटौती से लोग परेशान हैं। रविवार को ही सुबह नौ से दोपहर एक बजे तक कटौती हुई। हालांकि यह कटौती कांवड़ यात्रा को लेकर की गई थी। शनिवार को पथिक चौक इलाके में शाम को चार बजे से 6 बजे तक कटौती हुई। ढाक वाली जियारत स्थित बिजली घर से रविवार दोपहर को दो घंटे की कटौती की गई जिससे करीब डेढ़ दर्जन गांव प्रभावित हुए। बिनावर बिजली घर से भी दिन में दो बार दो दो घंटे की कटौती की गयी। इस बिजली घर से क्षेत्र के 104 गांवों को सप्लाई दी जाती है। सबसे बड़ा क्षेत्र होने के कारण यहां पर कई बार धरना प्रदर्शन हो चुका है। नवादा स्थित बिजली घर से हर दिन दो से तीन घंटे की कटौती हो रही है जिससे 54 गांवों को परेशानी हो रही है साथ नवादा के आस पास वाले क्षेत्र भी कटौती से प्रभावित हो रहे हैं।

# होटल में लुधियाना के कपड़ा व्यापारी के 50 हजार रुपये चोरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अभी तक मामले में पुलिस को नहीं दी गई तहरीर, जांच शुरु

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र स्थित एक होटल से लुधियाना के कपड़ा व्यापारी के 50 हजार रुपये चोरी हो गए। पुलिस ने होटल के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी तो उसमें एक युवक रात में आता दिखाई दे रहा है। व्यापारी ने होटल के स्टाफ पर मिलीभगत का आरोप लगाया है, हालांकि अभी तहरीर नहीं दी है।

लुधियाना निवासी हरमीत सिंह ने बताया कि वह कपड़े के होलसेल व्यापारी हैं। वह दिल्ली से बरेली व्यापार के संबंध में आए हुए थे। वह शनिवार रात कोतवाली क्षेत्र में सिविल लाइंस स्थित होटल की पहली मंजिल पर 101 नंबर के कमरे में रुके हुए थे। यह होटल पूर्व सांसद का है। वह रात में कमरे में सो गए लेकिन सुबह उठे तो उनकी जेब में रखे गए 50 हजार रुपये चोरी हो गए थे। चोर जेब में रखा चेक छोड़ दिया। हरमीत का आरोप है कि वह जिस मंजिल पर रुके हैं, उसमें सीसीटीवी कैमरा नहीं है। नीचे की मंजिल में लगे कैमरे में देर रात एक संदिग्ध युवक होटल में घुसते दिखाई दिया है। वह डिलीवरी ब्वॉय के कपड़े पहना हुए है। होटल कर्मी और हरमीत के बीच देर शाम तक पंचायत चली रही। मामले में अभी पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई है। हरमीत का आरोप है कि होटल में आने वाले युवक की किसी जगह एंट्री नहीं की गई। उन्होंने स्टाफ की मिलीभगत का आरोप लगाया। कोतवाली इंस्पेक्टर दिनेश शर्मा ने बताया कि मौके पर पुलिस टीम भेजी गई थी। कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### हेलीकॉप्टर से की पुष्पवर्षा

**बदायूं :** आंवला स्थित श्री श्याम मंदिर मनौना के महंत ओमेन्द्र महाराज ने रविवार को मनौना धाम से आंवला-बदायूं रोड पर नगर कुंवरगांव, बदायूं शहर, उझानी शहर, भागीरथी घाट कछला पर हेलीकाप्टर से कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की। उन्होंने श्रद्धा के भाव से शिवभक्तों का मान बढ़ाया। पुष्पवर्षा के दौरान हर महादेव के जयकारे गुंजायमान रहे। कांवड़िया खासे खुश नजर आए। डीजे की धुन पर थिरकते हुए रवाना हो गए। महंत ओमेंद्र महाराज ने लगभग एक घंटे तक पुष्पवर्षा की।

### छात्रों ने की आईटी क्षेत्र विषय पर ऑनलाइन चर्चा

**बदायूं, अमृत विचार :** शहर के ब्लूमिंग डेल स्कूल में छात्रों ने आईटी क्षेत्र के परिचय पर ऑनलाइन विशेषज्ञ वार्ता में भाग लिया। जिसमें टीसीएस कंपनी की मलिका भाटिया ने छात्रों को वास्तविक जीवन में आईटी और कोडिंग के उपयोग के बारे में मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा दस के छात्र छात्र श्रेष्ठ सक्सेना ने किया। कार्यक्रम में शुभंकारी पुंडीर, यतिका भारद्वाज, कुंज, सोनी द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस मौके पर स्कूल मैनेजिंग हेड ईशान मेंहदीरत्ता, श्वेता मेंहदीरत्ता और कोऑर्डिनेटर अंजला सोनी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# शाहनूरी मस्जिद के सामने से निकली कांवड़ यात्रा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पिछले साल हुआ था भारी बवाल, इस बार जिला प्रशासन की ओर से नहीं दी थी अनुमति
- विहिप पदाधिकारियों ने की थी बगैर अनुमति के ही कांवड़ यात्रा निकालने की घोषणा

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद ने अपनी घोषणा के मुताबिक रविवार को जोगी नवादा में शाहनूरी मस्जिद के सामने होते हुए कांवड़ यात्रा निकाली। इस दौरान इलाके में दो सीओ के साथ भारी संख्या में पीएसी और पुलिस फोर्स तैनात था लेकिन यात्रा में सिर्फ 11 कांवड़िए होने की वजह से उन्हें नहीं रोका गया। सुबह 7 बजे अचानक यह कांवड़ यात्रा निकली तो जोगी नवादा में तनाव फैल गया लेकिन कोई असामान्य घटना नहीं हुई।

विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों के नेतृत्व में जोगी नवादा के लोगों ने बृहस्पतिवार को सिटी मजिस्ट्रेट को लिखित रूप से शाहनूरी मस्जिद के सामने से कांवड़ यात्रा निकलने की सूचना दे दी थी। संजय शुक्ला ने घोषणा की थी कि विहिप के नेतृत्व में डॉ. राकेश कश्यप का जत्था रविवार को 11 बजे जोगीनवादा के शाहनूरी मस्जिद के सामने से वनखंडीनाथ मंदिर पहुंचेगा और वहां से कांवड़ लेकर कछला घाट रवाना होगा। कछला से वापस लौटकर वनखंडीनाथ मंदिर पर जलाभिषेक किया जाएगा।

जोगी नवादा में जिस रूट से कांवड़ यात्रा निकालने की विहिप नेताओं ने जो घोषणा की थी, रविवार को उसे पूरा कर दिया। सुबह 7 बजे नगर सह मंत्री संजय शुक्ला के नेतृत्व में चक महमूद से डॉ. राकेश कश्यप समेत 11 कांवड़ियों की टोली भजन कीर्तन करते हुए उसी रास्ते पर निकली जहां पिछले साल बवाल हुआ था। पुलिस-प्रशासन इस रूट को गैरपरंपरागत बता रहा था। विहिप के एलान के बाद रविवार को भी यहां पुलिस बल मौजूद था।

शाहनूरी मस्जिद के सामने से निकलने के बाद कांवड़ियों का जत्था वनखंडीनाथ मंदिर पहुंचा जहां करीब सौ कांवड़ियों के इकट्ठा होने के बाद दोपहर 12 बजे यह जत्था डीजे के साथ कछला घाट के लिए रवाना हो गया। कांवड़ियों का जत्था निकलने तक सीओ फर्स्ट पंकज श्रीवास्तव, सीओ थर्ड अनीता चौहान समेत भारी पुलिस बल और पीएसी यहां तैनात रही। बाद में जोगीनवादा में शाहनूरी मस्जिद और आसपास के पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया। ड्रोन कैमरों से छतों की निगरानी भी की गई।

### पार्षद की जिलाधिकारी से शिकायत

चक महमूद के पार्षद अनीस सकलैनी ने शाहनूरी मस्जिद के सामने से गैर परंपरागत रास्ते पर अनुमति लिए बगैर कांवड़ यात्रा निकालने पर आपत्ति जताते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया है। उन्होंने बताया कि सावन के महीने में इस रूट पर पहले कभी कांवड़ यात्रा नहीं निकाली गई, न कभी जिला प्रशासन ने इसकी अनुमति दी है। पिछले साल भी इसी रूट पर जबरन कांवड़ यात्रा निकालने की कोशिश की गई जिसमें गोली चलाए जाने के बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। पिछले साल भी स्थानीय प्रशासन की लापरवाही की वजह से बवाल हुआ था। इस बार भी बिना अनुमति स्थानीय प्रशासन ने उसी विवादित रास्ते से 10-15 कांवड़ियों का जत्था निकलवा दिया। पार्षद अनीस सकलैनी ने बताया कि प्रशासन ने उन्हें कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

> आठ-दस लोग गेरुआ वस्त्रों में भजन करते हुए निकले हैं। किसी को कोई शिकायत या आपत्ति नहीं हुई। सुरक्षा के लिए पुलिस-पीएसी तैनात की गई है जो पूरे सावन भर वहां तैनात रहेगी।
>
> **- अनीता चौहान**, सीओ

# स्कूल की जमीन की करा ली फर्जी विरासत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- श्रद्धा एजुकेशनल सोसायटी के सचिव ने थाना कैंट में दर्ज कराई 11 लोगों पर रिपोर्ट
- कांधरपुर की ग्राम प्रधान पर जमीन का फर्जी प्रमाणपत्र जारी करने का आरोप

**अमृत विचार :** श्रद्धा एजुकेशनल सोसायटी के पदाधिकारियों पर कांधरपुर के शांतिकुंज बालिका हायर सेकेंड्री स्कूल की फर्जी तरीके से विरासत कराने का आरोप लगा है।

लाल फाटक निवासी अतुल शर्मा ने बताया वह श्रद्धा एजुकेशनल सोसायटी के सचिव हैं। सोसायटी का गठन वर्ष 1999 में हुआ था। सोसायटी का कांधरपुर गांव में शांतिकुंज बालिका हायर सेकेंड्री स्कूल है। उपाध्यक्ष सोमवती शर्मा की दिसंबर 2022 को मौत हो गई। इसके बाद संस्था के पदाधिकारी राजेश शर्मा, उनकी पत्नी इंदु शर्मा, बेटा अलौकिक शर्मा, भाई राकेश शर्मा, दीपक, आकाश, जगमोहन निवासी मढ़ीनाथ, ओमवती प्रधान कांधरपुर, राकेश सिंह निवासी कांधरपुर, श्रीकांत शर्मा निवासी दातागंज, बदायूं और बभिया कैंट निवासी महेंद्र पाल ने कूट रचित दस्तावेज तैयार करके विद्यालय की जमीन को खेतिहर जमीन दर्शाकर सोमवती की फर्जी विरासत करा ली। आरोप है कि कांधरपुर की प्रधान ओमवती ने आरोपियों से साठगांठ करके जमीन का फर्जी प्रमाण पत्र जारी कर दिया। आरोपियों ने नायब तहसीलदार चौबारी को गुमराह करके फर्जी तरीके से आदेश पारित कराके जमीन अपने नाम करा ली। अतुल ने बताया कि आरोपी विद्यालय की भूमि खुर्द बुर्द करने की तैयारी में है। उन्होंने मुख्यमंत्री के अलावा पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के यहां शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई, तब कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर कैंट पुलिस ने सभी 11 आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## पंडित श्रीराम बाजपेई ने राष्ट्र को दिए राम प्रसाद बिस्मिल जैसे क्रांतिकारी

**बदायूं, अमृत विचार :** भारत स्काउट गाइड संस्था के तत्वाधान में स्काउट भवन एवं प्रशिक्षण केंद्र पर भारतीय स्काउटिंग के जनक पंडित श्रीराम बाजपेई का 145 वां जन्मदिन मनाया।

मुख्य अतिथि स्काउट संस्था के प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला मुख्य आयुक्त महेश चंद्र सक्सेना ने कार्यक्रम आरंभ किया। कोषाध्यक्ष विनोद सक्सेना, डीओसी सीमा यादव और पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने स्काउट गाइड को सम्मानित किया। जिला सचिव आलोक पाठक ने सभी का आभार व्यक्त किया। पूर्वी सक्सेना के नेतृत्व में स्काउट गाइड ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।संचालन जिला संगठन कमिश्नर मोहम्मद असरार ने किया। मुकेश बाबू शर्मा, प्रेमपाल सिंह राठौर, महिपाल सिंह, विकास कुमार, रिंकी, कनक, रेनू, नंदिनी मौर्य, वैष्णवी पटेल, नेहा, शीतल कश्यप, उर्वशी, वंदना, खुशी, संजना, रिंकी, सोनम कश्यप, विनोद कश्यप आदि मौजूद रहे।

# स्क्रब टायफस के दो संदिग्ध मरीज मिलने पर निगरानी शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मीरगंज के हैं दोनों, लक्षण मिलने पर सीएचसी पर हुई थी जांच
- एलाइजा जांच को जिला अस्पताल आज भेजा जाएगा सैंपल

**अमृत विचार :** मीरगंज में स्क्रब टायफस के दो संदिग्ध मरीज मिलने से खलबली मच गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों की रेपिड कार्ड की जांच में लक्षण मिलने के बाद आईडीएसपी (इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम) ने निगरानी बढ़ा दी है। दोनों मरीजों की एलाइजा जांच के लिए सैंपल लेकर जिला अस्पताल भेजे जाएंगे। सुभाषनगर में 10 दिन पहले लेप्टोस्पायरोसिस का भी मरीज मिला था, हालांकि उसके बाद से कोई नया केस सामने नहीं आया है।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार मीरगंज के रहने वाले दोनों मरीजों ने लक्षण होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मीरगंज में शनिवार को जांच कराई थी। दोनों की रेपिड कार्ड से जांच की गई तो रिपोर्ट पॉजिटिव आई। दोनों के संक्रमित मिलने पर डॉक्टर ने तत्काल आईडीएसपी को सूचना दी, हालांकि रविवार की वजह से मरीजों की एलाइजा जांच नहीं हो सकी। अब दोनों के सोमवार को सैंपल लेकर जांच के लिए जिला अस्पताल भेजे जाएंगे।

आईडीएसपी प्रभारी डॉ. मीसम अब्बास ने बताया कि स्क्रब टायफस के लक्षण मिलने पर दो मरीजों की जांच रेपिड कार्ड से सीएचसी पर की गई थी, जो कि पॉजिटिव है। सोमवार को स्क्रब टायफस होने की पुष्टि के लिए एलाइजा जांच के लिए सैंपल जिला अस्पताल भेजा जाएगा। दोनों ही मरीजों की निगरानी की जा रही है।

### क्या होता है स्क्रब टायफस

स्क्रब टायफस मुख्य रूप से माइट्स (घुन जैसे छोटे कीट) के काटने के कारण होने वाली बीमारी है। समय पर इसका उपचार न हो पाने पर संक्रमितों की मौत भी हो सकती है। डॉक्टरों का कहना है कि साफ-सफाई की कमी के कारण यह कीट उत्पन्न हो सकते हैं।

### ये लक्षण होने पर तुरंत करें डॉक्टर से संपर्क

बुखार के साथ ठंड लगना, सिर दर्द, शरीर में दर्द, मांसपेशियों, जोड़ों में दर्द होने के साथ गंध और स्वाद का पता न लगना प्राथमिक लक्षण हैं। बीमारी का शुरू में पता नहीं चलता है ओर हालत बिगड़ने लगती है।

### 40 मिनट में दो मोबाइल छीने, एक को भीड़ ने दबोचा

**बरेली :** सेटेलाइट बस अड्डे के पास शनिवार रात 40 मिनट में बाइक सवार दो बदमाशों ने एक युवती समेत दो लोगों के मोबाइल छीन लिए। भीड़ ने एक आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के बिहारीपुर निवासी रोहित कुमार ने बताया कि वह शनिवार रात सतीपुर के पास एक कार्यक्रम में तंदूर लेकर रोटी बनाने गए थे। वह रात करीब 12 बजे जब घर वापस जा रहे थे कि तभी रास्ते में पीलीभीत बाईपास पर एक माल के पास बाइक सवार एक युवक आया और मोबाइल छीन कर भाग गया। अंधेरे के कारण वह बाइक का नंबर नोट नहीं कर सके। उन्होंने सेटेलाइट पुलिस चौकी पर पहुंचकर तहरीर दी है। वहीं दूसरी घटना नेपाल के जिला कल्लाली के कस्बा टिकापुर निवासी अमर सिंह के साथ हुई। अमर सिंह ने बताया कि वह दिल्ली से बेटी के साथ घर जा रहे थे। सेटेलाइट बस अड्डे पर बेटी पानी की बोतल लेने के लिए उतरी तो उसी वक्त घर से फोन आ गया। वह मोबाइल से बात करने लगी। इसी दौरान एक युवक आया और मोबाइल छीनकर भागने लगा। शोर होने पर भीड़ ने आरोपी को दौड़ाकर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। अमर सिंह ने बताया कि उन्होंने पुलिस को तहरीर दी, लेकिन चौकी पर तैनात दरोगा ने मोबाइल जमा करने को कहा। इस पर उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराने से इन्कार कर दिया और वापस चले गए।

**कार्यालय उप महानिरीक्षक, क्षेत्रक मुख्यालय**
**सशस्त्र सीमा बल (SSB), गृह मंत्रालय, भारत सरकार, पीलीभीत**

**आवश्यकता है**

उप महानिरीक्षक, क्षेत्रक मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल (SSB) पीलीभीत के कार्यालय की स्थापना हेतु किराये पर पीलीभीत शहर अथवा आस-पास के क्षेत्र में ऐसे भवन की आवश्यकता है, जिसका कि कुल क्षेत्रफल 10,000 वर्ग फुट से 16,000 वर्ग फुट हो तथा जिसमें कि 8 से 12 बड़े कमरे, 2 से 4 हॉल, 3 से 4 शौचालय, 10-12 गाड़ी खड़ी करने हेतु स्थान, बड़ी गाड़ी जाने के लिए रोड, चारदीवारी एवं कुछ खुली जगह हो। इच्छुक व्यक्ति दूरभाष सं. 9412911941 एवं 05882-297143 पर सम्पर्क करें अथवा किसी भी कार्य दिवस में 10 दिन के अन्दर सुबह 10 बजे से शाम 06 बजे तक क्षेत्रक मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल (SSB), 10 कुंवरगढ़, निकट दुधिया मंदिर रोड, पीलीभीत में सम्पर्क करें।

**उप महानिरीक्षक, क्षेत्रक मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल (SSB), पीलीभीत**

ईर्ष्यी घृणी न संतुष्ट : क्रोधनो नित्यशङ्कित : ।
परभाग्योपजीवी च षडेते नित्यदु :खिता : ॥

ईर्ष्यालु, घृणा करने वाला, असंतोषी, क्रोधी, सदा संदेह करने वाला तथा दूसरों के भाग्य पर जीवन बिताने वाला- ये छह तरह के लोग संसार में सदा दु :खी रहते हैं।


## संपादकीय

# जलवायु अनुकूल बीज

जलवायु परिवर्तन फसलों की पैदावार और कृषि उत्पादकता को नुकसान पहुंचाता है और अपर्याप्त उत्पादकता कृषि की एक बड़ी चुनौती रही है। जलवायु परिवर्तन ने गेहूं और धान की खेती को प्रभावित किया है। इसी के चलते सरकार की ओर से मोटे अनाजों के उत्पादन और उपभोग को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। साथ ही खाद्य और पोषण सुरक्षा सरकार का एक मुख्य मुद्दा है। ऐसे में जलवायु अनुकूल फसलों की किस्मों को आगे बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कृषि और बागवानी फसलों की उच्च उपज वाली, जलवायु अनुकूल और जैव-सुदृढ़ीकृत बीजों की 109 किस्मों को जारी किया। नई किस्में अत्यधिक लाभकारी होंगी, क्योंकि वे व्यय को कम करने में मदद करेंगी और उनका पर्यावरण पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। मोटे अनाज पारंपरिक रूप से देश के अल्प संसाधन वाले कृषि-जलवायु क्षेत्रों में उगाए जाते हैं। मोटे अनाज पोषक तत्वों से भरपूर सामग्री के लिए जाने जाते हैं और इसमें सूखा सहिष्णु, प्रकाश असंवेदनशीलता और जलवायु परिवर्तन के प्रति अनुकूलन आदि जैसी विशेषताएं विद्यमान होती हैं। जलवयु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों को तकनीकी प्रगति, मौसम विज्ञान और डेटा विज्ञान जैसे एकीकृत दृष्टिकोण के माध्यम से कम किया जा सकता है।

देश भर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन तैयार किया गया है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कार्यान्वयन ढांचे, संसाधनों, कार्यान्वयन की प्रगति, किसान पंजीकरण, ब्लॉग आदि की जानकारी प्रदान करने वाला एक वेब पोर्टल भी लांच किया गया है। महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री ने प्राकृतिक खेती के लाभों और जैविक खाद्य की बढ़ती मांग पर चर्चा की तथा कृषि में मूल्य संवर्धन के महत्व को रेखांकित किया। प्राकृतिक खेती स्थानीय रूप से उपलब्ध संसाधनों पर आधारित रसायन मुक्त कृषि पद्धति है। यह पारंपरिक स्वदेशी तरीकों को प्रोत्साहित करती है, जो उत्पादकों को बाहरी आदानों पर निर्भर रहने से मुक्त करते हैं। चूंकि प्राकृतिक खेती में किसी भी सिंथेटिक रसायन का उपयोग नहीं होता है, जिसकी वजह से यह स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है। इन खाद्यान्नों में उच्च पोषण तत्व होता है और बेहतर स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं। यह मृदा के स्वास्थ्य में सुधार कर उत्पादकता में वृद्धि करती है। जलवायु अनुकूल फसलें तापमान और वर्षा के उतार-चढ़ाव के प्रति अधिक सहनशील होंगी और अधिक कुशल तरीके से पानी और पोषक तत्वों का उपयोग करेंगी। कृषि नीति को फसल उत्पादकता में सुधार को प्राथमिकता देनी चाहिए और ऐसे सुरक्षात्मक उपाय करने चाहिए, जो कि जलवायु परिवर्तनों के कारण होने वाले जोखिमों के साथ तालमेल बैठा सकें। इस क्षेत्र में सार्वजनिक निवेश बढ़ाने की भी जरूरत है।

# पदक पाने को उन्नत बायोमेडिकल अनुसंधान की जरूरत



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> कॉम्बैट स्पोर्ट्स में बहुत जोखिम होने के कारण इसमें हिस्सा लेने वाली महिला खिलाड़ियों के प्रति उनके शरीर में फीमेल-हॉर्मोन्स की विशेष भूमिका होने से इनकी फिजियोलॉजी पर विशेष ध्यान देने की जरूरत रहती है।

अयोग्य घोषित किए जाने के बाद विनेश फोगाट के शरीर और चेहरे की छवियों का अवलोकन करने से एक बात साफ होती है कि वह उच्च विषादपूर्ण अवस्था में थी। वजन कम करने के प्रयास में उसे किस प्रकार का फिजियोलॉजिकल सपोर्ट उपलब्ध था यह स्पष्ट नहीं है। समय सीमा के दबाव के कारण घातक दुष्परिणाम की शुरुआत होने से पहले उसने वजन घटाने की कोशिश छोड़ दी। पूरी रात की स्ट्रेसफुल एक्सरसाइज के दौरान विनेश के शरीर के वाइटल पैरामीटर्स की वैल्यूज मालूम नहीं हो सकीं, परंतु स्पोर्ट्स फिजियोलॉजी, साइकोलॉजी और मेडिसिन में की गई उच्च स्तरीय शोध सामग्री संकेत देती है कि इन प्रयासों की टाइमिंग और डिजाइनिंग पर सवाल क्यों न खड़े किए जाने चाहिए।

कॉम्बैट स्पोर्ट्स में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी की प्रतिद्वंद्वी से भिड़ंत होने के एक घंटा पहले मूत्र के सैंपल की जांच की जाती है। यह देखने के लिए कि वेट कटिंग किया है तो शारीरिक स्थिति क्या है। मूत्र की जांच के लिए यूरीन ऑस्मोलिटी, यूरीन स्पेसिफिक ग्रेविटी ओर यूरीन कलर बायोइलेक्ट्रिकल इम्पिडेंस एनालिसिस की जाती है, जिसके द्वारा रिसुल्ट्स को स्टैंडर्ड और सेफ वैल्यूज से मिलाया जाता है। थर्स्ट (तृषा) परसेप्शन स्केल से जांच में यूहाइड्रेटेड, डीहाइड्रेटेड एंड स्वीयर्ली डीहाइड्रेटेड केटेगरी बनाकर इनकी स्टैंडर्ड वैल्यूज से खिलाड़ी के परसेप्शन को चेक किया जाता है। प्लोस-वन जर्नल के 16 अप्रैल 2014 के अंक में प्रकाशित शोधपत्र वैलिडिटी ऑफ़ हाइड्रेशन नॉनइन्वेज़िव इंडाइसिस ड्यूरिंग द वेटकटिंग एंड ऑफिसियल वे-इन फॉर ओलंपिक कॉम्बैट स्पोर्ट्स में इन वैल्यूज को देखा जा सकता है।

विनेश के साथ धोखा किए जाने का आरोप बेबुनियाद है। विनेश के कुदरती वजन 55-57 किलोग्राम को अहमियत देकर निर्णय न लेने से तकनीकी गलती हुई। संभावना है कि उसके शरीर के फिजियोलॉजिकल और तृषा एवं क्षुधा संबंधी पैरामीटर्स के मद्देनजर मेटाबोलिक रेपिड रेस्पोंस वैज्ञानिक रीति से तय ही नहीं किए गए। वजन कम करने के लिए व्यायाम आदि के स्तर को चरम बिंदु पर ले जाने से ऊर्जा खपत के बाद खिलाड़ी की मनोवृत्ति के पीछे के बायोकेमिकल परिवर्तन उसे उलटे-सीधे तरीके से आहार को ठूंस लेने के लिए

> विनेश के साथ धोखा किए जाने का आरोप बेबुनियाद है। विनेश के कुदरती वजन 55-57 किलोग्राम को अहमियत देकर निर्णय न लेने से तकनीकी गलती हुई। संभावना है कि उसके शरीर के फिजियोलॉजिकल और तृषा एवं क्षुधा संबंधी पैरामीटर्स के मद्देनजर मेटाबोलिक रेपिड रेस्पोंस वैज्ञानिक रीति से तय ही नहीं किए गए।

प्रेरित करते हैं जिसमें कार्बोहाइड्रेट्स और वसा की मात्रा जरूरत से ज्यादा भी हो सकती है, लेकिन विनेश के पास तो इसके लिए भी समय नहीं था। इसकी पुष्टि के लिए द जर्नल ऑफ़ क्लिनिकल एंडोक्राइनोलॉजी एंड मेटाबॉलिज्म के नवम्बर 2008 के अंक में प्रकाशित अध्ययन सेंट्रल कंट्रोल ऑफ़ बॉडी वेट एंड एपेटाइट शोधपत्र को देखना चाहिए। एक्सट्रीम एक्सरसाइज के अंतिम दौर में विनेश को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस हुआ था या नहीं, इसके बारे में जानकारी नहीं। ऐसे स्ट्रेस की वजह से रक्त की लाल कोशिकाएं क्षतिग्रस्त होती हैं। इनकी कुल संख्या में कमी होने से शरीर को मिलने वाली ऑक्सीजन की मात्रा न्यून होने लगती है। क्षतिग्रस्त होने से पहले नाइट्रिक ऑक्साइड का संश्लेषण करके ये अपने आवरण को नष्ट करने का काम खुद कैसे करती हैं यह क्लिनिकल हीमैटोलॉजी एंड माइक्रोसर्कुलेशन जर्नल के सन 2016 के अंक 30 में प्रकाशित हुए एक अध्ययन एरिथ्रोसाइट नाइट्रिक ऑक्साइड अवेलेब्लिटी एंड ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस फॉलोइंग एक्सरसाइज से मालूम होती है।

हमारे फिजियोलॉजिस्ट्स और न्यूट्रीशनिस्ट्स के पास भारत के कॉम्बैट स्पोर्ट्स पर्सन्स का व्यक्तिगत डाटा नहीं होने से वेट-रेस्ट्रिक्शन के बारे में एडवाइजरी जारी नहीं की जा सकती। ओलंपिक खेल प्रतिस्पर्द्धाओं के लिए चयनित खिलाड़ियों के बारे में फिजियोलॉजिकल और बायो-मैकेनिक्स से संबधित डाटा सपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया की पटियाला स्थित ह्यूमन परफॉरमेंस प्रयोगशाला में उपलब्ध है या नहीं, कहा नहीं जा सकता, शायद कांफिडेंशियल है। पेरिस में लिए गए विनेश के एक्लेक्ट्रो-कार्डियोग्राम और इलेक्ट्रो-एन्केफेलोग्राम के चार्ट भी देखे जाने जरूरी हैं। विनेश की शरीर क्रियाओं और स्वास्थ्य की मॉनिटरिंग जरूर की गई होगी। विनेश के मामले का संदर्भ लेकर एक जनरल साइंटिफिक इन्क्वायरी करने के लिए विश्व मेडिकल रिसर्च लिटरेचर और बिब्लियोमीट्रिक स्टडीज का अध्ययन अनेक संभावित स्थितियों के बारे में मार्गदर्शन करता है। भारत में स्पोर्ट्स साइंस और ऑक्सिलारी सब्जेक्ट्स में अनुसंधान पत्र प्रकाशन में संख्यात्मक स्तर अभी निम्न है। प्रतिस्पर्द्धात्मक खेलों के लिए चयन और प्रशिक्षण हेतु अत्यधिक उन्नत और समर्पित अनुसंधान तंत्र की स्थापना के बारे विमर्श के बाद यह कार्य केंद्र सरकार को भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् जैसी सर्वोच्च संस्था को देना चाहिए।

चरम उपायों के दुष्प्रभाव के कारण विनेश को इंट्रा-वीनस सेलाइन फ्लुइड्स दिए गए ताकि शरीर में द्रव और साल्ट्स कमी होने से 'इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस' को क्रिटिकल स्टेज से नीचे जाने से रोका जा सके। अत्यधिक स्ट्रेस के कारण उसे कार्डियक अरेस्ट भी हो सकता था। सेलाइन फ्लुइड्स देने से विनेश के शरीर और किडनी में सोडियम आयन चैनल्स की सक्रियता को बनाकर न्यूरोमस्कुलर एक्टिविटी को स्थिर किया गया। इससे विनेश के मस्कुलो-स्केलेटल सिस्टम में ऊर्जा के लिए अंदरूनी रिजर्व्स पर अधिक दबाव न पड़ने दिया गया। एनर्जी डिप्लीशन के लिए उसके जिस्म में एडिपोज़ टिश्यूज में फैट न के बराबर रहा होगा इसलिए वजन घटाने के लिए शरीर की मांसपेशियों के एनर्जी भंडार को खाली करने का प्रयास जानलेवा हो जाता। एक्सट्रीम सपोर्ट में एंड्यूरेन्स और फटीग का मामला व्यक्ति की शरीर रचना, जेनेटिक प्रोफाइल और नस्ली विशेषताओं से घनिष्ठ रूप से भी जुड़ा रहता है। विकास क्रम में परिवेशी प्रभावों के कारण मानव मस्तिष्क का जिस तरह से विकास होता है उससे ही शरीर क्रियाओं में अंतरंगों में स्व नियंत्रण का भी विकास होता है। जर्नल ऑफ़ कम्पेरेटिव फिजियोलॉजी के 12 मई सन 2022 के एक अंक में प्रकाशित अध्ययन द एव्ल्युशन ऑफ़ ह्यूमन फटीग रेजिस्टेंस में कहा गया है कि थकान का अहसास होने पर भी मनुष्य द्वारा एक्सरसाइज को एक्सट्रीम से परे जारी रखना संभवतः एक ऐसा लक्षण है जो रक्षात्मक प्रणाली को स्वतः सक्रिय होने को रोक देता है। सन 2019 में स्पोर्ट्स जर्नल में प्रकाशित अध्ययन द करंट स्टेट ऑफ़ वेट कटिंग इन कॉम्बैट स्पोर्ट्स में बताया गया है कि जरूरत के मुताबिक़ कुछ ही घंटों की अवधि में वजन को स्वप्रेरणा से घटाने के लिए आहार निषेध, शरीर में द्रव की आयतन की मात्रा में कमी लाना और चरम व्यायाम के उपायों के अलावा दस्तावर पदार्थ लेना भी शामिल है।

24 घंटे की समयावधि के भीतर जबरदस्त व्यायाम और अन्य उपायों से शरीर के कुल आयतन में 5 प्रतिशत से अधिक कमी अगर लाई जाती है तो स्टेमिना रिकवर करने के लिए खिलाड़ी को 24 घंटे का अतिरिक्त समय चाहिए। चरम एक्सरसाइज के दौरान शरीर के अंदरूनी हिस्सों पर अत्यधिक दबाव की स्थिति बनने से कोशिकाओं में आणविक स्तर के अर्थात मॉर्फ़लॉजिकल और फंक्शनल परिवर्तन होते हैं, जिससे केमिकल ऊर्जा निर्माण और इसकी खपत की डायनामिक्स बदल जाती है। इसका शरीर के अंगों पर कैसा और कितना प्रभाव हो सकता है, इस बाबत कुछ जानकारी फिजियोलॉजी रिव्यु जर्नल के प्रथम जुलाई सन 2023 के अंक में प्रकाशित अध्ययन द मॉलिक्यूलर एथलीटः एक्सरसाइज फिजियोलॉजी फ्रॉम मैकेनिज्म्स टू मेडल्स से मिलती है। ट्रेनिंग और आहार का एक मैकेनिज्म बनाने और इसे अडॉप्ट करने का सुझाव इस अध्ययन के द्वारा दिया गया है। हड्डियों से लिपटी हुई मांसपेशियों की लोच, मानव नस्ल के आधार पर भिन्न शारीरिक बनावट (फीनोटाइप), व्यायाम करने के दौरान शारीरिक श्रम का दबाव झेलने की थ्रेसहोल्ड लिमिट का ऊंचा होना और आयु जैसे महत्वपूर्ण घटकों को ध्यान में रखकर उक्त मैकेनिज्म को विकसित करने का सुझाव है। मांसपेशियों में टाइप-1 और टाइप-2 प्रकार के उत्तकों द्वारा मेटाबॉलिज्म के दौरान ऊर्जा संचयन और खपत के मैकेनिज्म में कार्बोहाइड्रेट के अंतर्ग्रहण में फोस्फोक्रिएटिन की ख़ास भूमिका को देखा गया। विनेश द्वारा की गयी सभी एक्सरसाइज के कुल जमा असर में टेम्परेचर लेवल्स को शायद किसी ने भी न मापा होगा। हो सकता है उसने टेम्परेचर के मामले में थ्रेसहोल्ड लिमिट भी लांघ ली थी। कॉम्बैट स्पोर्ट्स में बहुत जोखिम होने के कारण इसमें हिस्सा लेने वाली महिला खिलाड़ियों के प्रति उनके शरीर में फीमेल-हॉर्मोन्स की विशेष भूमिका होने से इनकी फिजियोलॉजी पर विशेष ध्यान देने की जरूरत रहती है।

## व्यग्य

# नागवंशों का प्रशासन

प्राचीन विश्व की लगभग सभी सभ्यताओं के मूर्तिकला में सांपों का होना अपरिहार्य है। मिस्र की प्राचीन सभ्यता में तो ये शासन के महत्वपूर्ण तत्व रहे हैं। भारतीय इतिहास और संस्कृति में नाग या सर्प से संबंधित अनेक साहित्यिक और आर्कियोलॉजिकल आख्यान/सबूत मिल जाएंगे। सांप के साथ लिंग पूजा (प्रजनन शक्ति के रूप में) भी इन प्राचीन सभ्यताओं का अभिन्न हिस्सा रहा है (पांच हजार साल पुरानी मिस्र की सभ्यता में आइसिस देवता ने लिंग-पूजा शुरू करवाया इसके पुरातात्विक साक्ष्य हैं)। मजे कि बात कि सांप से संबंधित सबसे बड़े देवता शिव में भी लिंग और सांप दो महत्वपूर्ण लक्षण हैं।

नाग और नागिन की पूजा सभी भारतीय धर्मों का अनिवार्य अंग है, लेकिन मूलतः नाग और नागिन जल और प्रजनन से जुड़े ऐसे टोटम हैं, जिनकी खोज हम अपने पाषाणिक और ताम्रपाषाणिक संस्कृतियों में कर सकते हैं (लिंग-योनि पूजा तो साफ तौर पर प्रजनन शक्ति की पूजा है ही)। भारतीय उपमहाद्वीप में सर्प उपासक नागजातियों का इतिहास बहुत प्राचीन और समृद्ध है।



डॉ. अंकित जायसवाल
गोरखपुर

हजारों सालों तक इनकी पूजा लोक संस्कृति में स्वतंत्र रूप से की जाती थी, जो बाद में बौद्ध, जैन और हिन्दू जैसे प्रभुत्वशाली धर्मों की परिधि में आकर विलीन हो गए। "टोटम" का मतलब है उस विशेष जनजाति में सम्मिलित प्रत्येक कबीले का संबंध किसी न किसी पशु या पौधे से होना। वे स्वयं को उसी टोटम का वंशज मानते हैं। उस विशेष टोटम को जैसे कि नाग को वे कभी नुकसान नहीं पहुंचाते, उनकी पूजा करते हैं, जहां हिन्दू धर्म में ये भगवान शिव, बलराम लक्ष्मण आदि हैं तो बौद्ध धर्म में ये ज्यादातर बुद्ध मूर्तियों से जुड़े हैं।

बुद्ध की कथाओं में भी नागों का महत्वपूर्ण स्थान है, बुद्ध को खीर खिलाने वाली सुजाता शायद कोई नाग टोटम वाले जनजाति की ही कन्या थी। 200 ईपू भरहुत से सीरीस वृक्ष की पूजा नागराज एरापत कर रहे, क्योंकि कश्यप बुद्ध के समय उनको श्राप मिला था कि अगले बुद्ध के जन्म लेने तक वे मानव नहीं बन सकते, बुद्ध के पहुंचते ही वह मानव शरीर में आ गया (ऐसी कई लोककथाएं हैं ) जैनों में भगवान पार्श्वनाथ की मूर्ति को सात फनों वाले सर्प के साथ बनाया जाता है। समुद्र मंथन एक बहुत ही महत्वपूर्ण मिथक शास्त्रीय घटना है। नागों से यहां ऐसा संबंध रहा कि भारत को सपेरों का देश कहा जाता था। भारतीय लोकसंस्कृति में नागतत्व की व्यापकता कश्मीर से कन्याकुमारी तक फैला हुआ है। छठी शताब्दी ईपू. से शुरू होने वाले ऐतिहासिक राजवंशों की वंशावली भी साहित्य में नागवंशी मिलती है (पर आश्चर्य कि इनके आहत सिक्कों पर सांप का चित्र अन्य जीवों की अपेक्षा बहुत कम मिलता है इसलिए ये नाग टोटम वाले थे इसकी प्रमाणिकता का अभाव है) जो अभिलेखों में क्रमशः मध्यकाल तक दिखाई देती है।

कश्मीर में काफी समय तक नागवंशी शासकों का प्रभुत्व भी रहा है। मध्यभारत के नागपुर का जिक्र प्राचीन साहित्य में है। प्राचीन तमिलनाडु और केरल में भी नागपूजा का उल्लेख मिलता है। वहां के नायर लोग खुद को नागवंशी मानते हैं। चेन्नई के पास नागपट्टनम है। नागरकोइल में नाग अम्माणि का मंदिर है। नागों का एक नाम अहि भी है, जिसे अहीर जाति और अहिस्थाना कायस्थों में देखा जा सकता है, रावण का भाई "अहिरावण" भी। प्राचीन अहिच्छत्र नगर भी है। वैसे भी नागर सभ्यता और नागरी लिपि नाम भी इन्हीं नागों पर आधारित है। सिंदूर को नागचूर्ण बताया गया है। स्पष्ट है कि आर्य-स्त्रियों ने इसे नागज नजाति से ही ग्रहण किया था। आज सिंदूर हिंदू स्त्री के सुहाग की निशानी है। तांबूल की लता को नागवल्ली कहा जाता है। नागपाश एक महत्वपूर्ण आयुध है।

कथाओं में कश्यप ऋषि की पत्नी कद्रु से नागों का जन्म हुआ है, जिनमें प्रमुख आठ नाग थे- अनंत, शेष, वासुकि, तक्षक, कर्कोटक, पद्म, शंख और कुलिक। इन आठ नागों के नाम पर हम ऐतिहासिक नागवंशों का साम्राज्य देख सकते हैं। ये नागवंश विभिन्न जातियों/राजवंशों के साथ वैवाहिक संबंधों की प्रगाढ़ता में समा गए। इतिहासकार के. पी. जायसवाल लिखते हैं, नागवंशों का प्रशासन एक फेडरेशन (संघीय व्यवस्था) जैसा था, जिसके दो प्रशासनिक केंद्र थे-कांतिपुरी(ग्वालियर) और पद्मावती (मथुरा के आसपास। उसी समय के वीरसेन नाम के एक नागवंशी शासक के सिक्के पूरे उत्तरप्रदेश और पंजाब से मिले हैं। जायसवाल के ही अनुसार आधुनिक हिंदू धर्म की नींव नागवंशी सम्राटों ने रखी, वाकाटकों ने इसे पाला और गुप्तों ने इसका विकास किया।

# हरित ऊर्जा की आवश्यकता एवं चुनौतियां



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर,
केआईटी, कानपुर

> भारत स्वच्छ और हरित ऊर्जा स्रोत के लिए प्रतिबद्ध है और राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन इस दिशा में एक बड़ा कदम है।

अनुमानतः वर्ष 2050 तक, दुनिया की ऊर्जा की सबसे बड़ी मात्रा वैकल्पिक या अक्षय ऊर्जा स्रोतों द्वारा आपूर्ति की जाएगी। हरित प्रौद्योगिकियां, प्रौद्योगिकी के विभिन्न पहलुओं को शामिल करती हैं, जो पर्यावरण पर मानव प्रभाव को कम करने और सतत विकास के तरीकों में हमारी मदद करती हैं।

आज पर्यावरण उस सीमा को पार करने की ओर बढ़ रहा है, जिससे जलवायु में व्यापक बदलाव आ सकते हैं, जिनके कई विपरीत प्रभाव भी हमें देखने को मिल सकते हैं। हरित प्रौद्योगिकियां पृथ्वी को बचाने की दिशा में एक उभरता हुआ व्यापक दृष्टिकोण है। ऐसे में इसके नफा-नुकसान दोनों की पड़ताल जरूरी है। हरित प्रौद्योगिकी नवीकरणीय प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करती है, जो कभी कम नहीं होते हैं। हरित प्रौद्योगिकी नई और नवीन ऊर्जा उत्पादन तकनीकों को अपनाती है। ऊर्जा की मांग की आवश्यकता को पूरा करने के लिए ऊर्जा का उचित उपयोग बहुत महत्वपूर्ण है। दुनियाभर के विशेषज्ञों की राय है कि बिजली उत्पादन के लिए अक्षय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग किया जाना चाहिए। पवन, पनबिजली, भूतापीय, सौर और बायोमास की सतत प्रकृति ऊर्जा आपूर्ति कंपनियों को उनका उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करती है। इसके अलावा लोग अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने घरों पर छोटे सौर पैनल स्थापित कर सकते हैं।

ऊर्जा का संरक्षण और अक्षय स्रोतों का उपयोग ऊर्जा रोडमैप का अंतिम लक्ष्य है। कई वाहन गैसोलीन (जो एक जीवाश्म ईंधन है) से चलते हैं। गैसोलीन एक दिन समाप्त हो जाएगा और वाहन उद्योग को अपना व्यवसाय जारी रखने के लिए कुछ नई प्रकार की ऊर्जा जैसे हाइब्रिड सिस्टम या इलेक्ट्रिक वाहनों का सहारा लेना चाहिए। ऊर्जा को कई तरह से संरक्षित किया जा सकता है। यह बिजली की बचत करने का यह एक आसान तरीका है। इससे न केवल धन की बचत होती है, बल्कि ऊर्जा की भी बचत होती है। विभिन्न प्रतिष्ठानों में बिजली के बिलों के बड़े प्रतिशत के लिए एयर कंडीशनिंग और हीटिंग जिम्मेदार हैं। हम एयर कंडीशनर और हीटर के थर्मोस्टेट को कुछ डिग्री तक समायोजित कर सकते हैं और इसके इस्तेमाल के सभी फायदे ले सकते हैं।

भारत स्वच्छ और हरित ऊर्जा स्रोत के लिए प्रतिबद्ध है और राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन इस दिशा में एक बड़ा कदम है। हरित ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करने का उद्देश्य कोयला, तेल और प्राकृतिक गैस जैसे गैर-नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से जुड़े निराशावादी पर्यावरणीय प्रभावों को कम करना है। अक्षय ऊर्जा स्रोत का उपयोग करने का विकल्प न केवल लंबी अवधि में लागत बचत में तब्दील होगा, बल्कि पर्यावरण को जीवाश्म ईंधन उत्सर्जन के जोखिमों से बचाने में भी मदद करेगा। एनर्जी ऑडिट को अपनाकर ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए सरकार के स्तर पर ऊर्जा संरक्षण जागरूकता अभियान शुरू किया जाना चाहिए। इसके अलावा बिजली उत्पादन इकाइयों को धीरे-धीरे नवीकरणीय संसाधनों के उपयोग का सहारा लेना चाहिए, क्योंकि वे विपुल हैं और कभी समाप्त नहीं होंगे। हरित ऊर्जा स्रोतों और उनके उपयोग के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने में सोशल मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। जनता को ऊर्जा संरक्षण और उपयोग पर हरित अनुकूल कार्यों के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए।

यह कहने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि लोग ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों के उपयोग के महत्व के बारे में तेजी से जागरूक हो रहे हैं, लेकिन अब भी इस क्षेत्र में बहुत काम करने की जरूरत है। उदाहरण के लिए लोगों को वैकल्पिक ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के महत्व के प्रति उत्तरदायी बनाने के लिए बुद्धिजीवियों और विषय विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम शुरू किए जाने चाहिए। स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर पर पाठ्यक्रम में अक्षय या हरित ऊर्जा पर पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं ताकि विद्यार्थियों को इनके महत्व से परिचित कराया जा सके और इस क्षेत्र में उनके ज्ञान में वृद्धि की जा सके। अगला दशक अक्षय ऊर्जा का युग होने जा रहा है।सरकारी नीतिगत पहलों को मजबूत करने के लिए निजी क्षेत्र की सहायता और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता है। इसके लिए ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता है, जो प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, क्षमता निर्माण और सहयोगी अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा दें। हरित ऊर्जा स्रोतों में नवोन्मेष, विकासशील देशों को आधुनिक और स्थायी ऊर्जा प्रणालियों तथा प्रौद्योगिकियों को अपनाने में सक्षम करेगा।

## सोशल फोरम

# स्वाधीनता छीनता है कठमुल्लापन

स्वाधीनता की सोच को ग्रहण लगता है, जब लोभ घेरता है और खेल के नियम टूटते हैं। वर्तमान बाजार व्यवस्था ने आदमी का लोभ बढ़ाया है। लोभ आज एक तूफान है, जिससे अब आम लोग भी घिरे हैं। कहा गया है, लोभ पतन का मूल है। लोभ जितना बढ़ रहा है, असुरक्षा भी बढ़ती जा रही है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता


सुरक्षा का अर्थ होता जा रहा है संकीर्ण सामुदायिक राष्ट्रवाद में पनाह लो। अपने धर्म, अपनी जाति और अपनी प्रांतीयता की छतरी में आओ। इस तरह लोगों को ध्रुवीकृत किया जा रहा है, जिससे स्वाधीनता ही नहीं, साझी मानवता भी घट रही है। 21 वीं सदी में बुद्धिजीवी वर्गों को भी लोभ ने कम नहीं दबोच रखा है। वे अच्छी तरह जानते हैं कि कहां चुप रहना है, कहां पक्षपात करना है, कहां चुपचाप फिसल जाना है और कहां चीखना है? इन दिनों सत्ता और सुविधाओं के लिए अपना मानवीय स्वाभिमान खोने और कहीं भी गिरने में ग्लानि नहीं होती। कहना होगा, स्वाधीनता महज एक शाब्दिक उच्चारण नहीं है। यह मानवता की एक बड़ी शक्ति है, जिसकी रक्षा की जानी चाहिए। देखा जा सकता है कि भौतिक सभ्यता की इतनी ऊंचाई पर दुनिया के देशों में नस्लवादी और आतंकवादी घटनाएं बढ़ी हैं। भेदभाव बढ़ा है, हिंसा बढ़ी है। इन दिनों समाज में खाइयां खोदने में स्पर्धा है, सत्ताएं खाइयों से निकलती हैं। इन घटनाओं ने भी स्वाधीनता को संकट में डाला है। दुनिया में जब भय, अविश्वास और असुरक्षा चप्पे-चप्पे पर है और मानवता पनाह मांग रही है, क्या सच्ची स्वाधीनता की कल्पना करना संभव है? उस युग में स्वाधीनता का क्षय निश्चित है, जब लोगों की भूलने की बीमारी बढ़ गई हो, स्मृति ध्वंस हो।

इस तथ्य की ओर ध्यान जाना चाहिए कि वैश्वीकरण से उपजी विषमता और असुरक्षा ने स्थानीयतावाद को बढ़ाया है और समुदायों को कछुआ धर्म की तरफ ठेल दिया है। लोग कछुए की तरह अपने भीतर सिकुड़कर रहने लगे हैं। पुराने बंधन और रूढ़ियों का महिमामंडन बढ़ गया है। हिंदुओं और मुसलमानों दोनों के बीच कठमुल्लेपन को पुनः बड़े पैमाने पर संगठित होने का अवसर मिला है। धार्मिक कठमुल्लापन स्वाधीनता छीनता है।

-फेसबुक वॉल से

# एकजुट होकर प्रयास करने की प्रेरणा

मौका मिले तो एक बार दुर्गा सप्तशती पढ़िए। उस अध्याय को पढ़िए, जहां यह लिखा है- या देवी सर्वभूतेषु... ध्यान दीजिए, उस चरित्र की देवता सरस्वती हैं और वह सरस्वती की प्रीति के लिए विनियुक्त होता है। देवी विष्णुमाया है और सभी जीवों में चेतना, बुद्धि, निद्रा, क्षुधा, छाया, शक्ति, तृष्णा, क्षांति, जाति (जन्म), लज्जा, शांति, श्रद्धा, कांति, लक्ष्मी, वृत्ति (जीविका), स्मृति, दया, तुष्टि, मातृ (सर्जनशक्ति), भ्रांति और व्याप्ति के रूपों में स्थित है। जब यह है ही तो वह देवी असुरों में भी बुद्धि, शांति, लज्जा, दया, तुष्टि और क्षांति के रूपों में व्याप्त है। फिर वह असुरों को यह बुद्धि दें कि वे देवताओं पर अत्याचार न करके, दया करें, अपने कुकर्मों से लज्जित हों, शांति से काम लें, अपने धन से संतुष्ट रहें, बर्दाश्त करना सीखें, देवताओं की जीविका (वृत्ति) न छीनें। असुरों से युद्ध करके उन्हें मारने की क्या आवश्यकता है? उन्हें सुधार दें। कहा गया है - दृष्ट्वैव किं न भवती प्रकरोषि भस्म सर्वासुराणरिषु यत् प्रहिणोषि शस्त्रम्। लोकान् प्रयांतु रिपवोऽपिहि शस्त्रपूता इत्थं मतिर्भवति तेष्वपि तेऽतिसाध्वी। मतलब यह कि समस्याओं का अंत प्रार्थनाओं और शुभेच्छाओं से नहीं होगा। कांटे से कांटा निकालना होगा।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

देवी चाहती हैं कि देवता प्रयास करें, एकजुट हों, अपनी सारी शक्तियों को एकत्रित करें, एकता की भावना को जगाएं, अपने तेज और व्यक्तिगत स्वार्थों का त्याग सामाजिक हित के लिए करें। तब देवी का, महाशक्ति का, आविर्भाव होगा और तभी असुरों का नाश होगा। कुछ ऐसी ही बात देवी के प्रथम चरित्र में भी है। भगवान विष्णु सोए हुए हैं और मधु-कैटभ ब्रह्मा जी को खा जाने को उतारू हैं। मजेदार बात तो यह है कि ब्रह्मा जी (जो सारी सृष्टि के प्रवर्तक होने वाले हैं) और मधु-कैटभ भी श्री विष्णु से ही प्रकट हुए हैं - एक विष्णु की नाभि से उत्पन्न पंकज से और दूसरे विष्णु के कानों से उत्पन्न मल से। डरे हुए ब्रह्मा जी ने देवी की स्तुति की, मधु-कैटभ को मोहित करने की तथा विष्णु को जगाने की प्रार्थना की ताकि विष्णु मधु-कैटभ को मार डालें। इसकी क्या आवश्यकता थी? जो देवी भगवान विष्णु को सुला-जगा सकती हैं और अदम्य पराक्रमी योद्धाद्वय मधु-कैटभ को आत्मविनाश का वरदान मांगने के लिए मोहित कर सकती हैं, वह मधु-कैटभ को बलहीन भी कर सकती हैं या उनकी बुद्धि को मोहित करने के बदले प्रकाशित भी कर सकती हैं कि वे ब्रह्मा को खाएं नहीं, उन्हें सृष्टि रचना में मदद करें। विष्णु आराम से सोते रहें, लेकिन नहीं। विष्णु का जगना पुरुषार्थ का जगना था, चैतन्य का जगना था। जड़ प्रकृति से ब्रह्मा जी शरीर तो बना सकते थे, लेकिन उनमें प्राण या जीवन नहीं दे सकते थे। इसके लिए विष्णु का जगना आवश्यक था। मधु-कैटभ खाना जानते थे, बनाना नहीं जानते थे, बचाना और बढ़ाना नहीं जानते थे। वे दोनों सृष्टिकर्ता को ही खा जाना चाहते थे, मूल को ही निगल जाना चाहते थे।

यह कहानी क्या दिखाना चाहती है? आपके पास साधन है, पूंजी है, बल है, लेकिन बल पूंजी को, बीज को, रचनात्मकता को खाकर पुष्ट होना चाहता है और पुरुषार्थ सोया पड़ा है। ऐसे में विकास संभव नहीं। अतः उस ध्वंसात्मिका प्रवृत्ति को, अंधी भूख को मारिए जो पूंजी तथा रचनात्मकता को खा जाने के लिए उतावली है। उत्साह को, पुरुषार्थ को, रक्षणात्मिका बुद्धि को जगाइए। मोह निंद्रा से बाहर आइए, जगिए, जगाइए - उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधयत (कठोपनिषद्)। कहानियां कोई भी कह सकता है, अंग्रेजी में, हिंदी में, फ्रेंच में, जर्मन में, ग्रीक में, लैटिन में या संस्कृत में भी। कहानियों और भाषा मात्र से शास्त्र नहीं बनता - शास्त्र की शक्ति उसकी प्रेरणा शक्ति से बनती है। देवी का उपर्युक्त आख्यान एकजुट होकर प्रयास करने की प्रेरणा देता है, शंख बजाने, उपवास रखने और ढोल पीटने की नहीं, शक्ति पूजा के बाद उनकी मूर्ति के साथ ही उनसे उपदिष्ट कर्त्तव्य का विसर्जन करने के लिए नहीं। काश! युगों की देवी आराधना के बाद भी हम उनके तत्व को समझ पाते।

# बैंकों का सुस्त होता व्यवसाय

भारतीय रिजर्व बैंक के नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि जुलाई 2024 में बैंक व्यवसाय सुस्त रहा, क्योंकि ऋण और जमा दोनों पिछले साल के स्तर से तालमेल बैठाने में विफल रहे। ताजा आंकड़ों के अनुसार जुलाई 2024 तक जमा में साल दर साल 10.6 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 12.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी, वही कर्ज में 13.7 की वृद्धि हुई, जो एक साल पहले 19.5 प्रतिशत थी। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने 10 अगस्त को जमा में लगातार गिरावट को चिंता का सबब माना है, उन्होंने बैंकों को अपने मुख्य व्यवसाय पर ध्यान केंद्रित करने के महत्व पर जोर दिया।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

विगत वित्त वर्ष के सालाना आंकड़ों से बैंकों ने वाह-वाही लूटी थी, किंतु बीते दिनों सापेक्ष वृद्धि न होने से वित्तमंत्री ने अपनी चिंता दर्शाई है। वित्त मंत्री ने बैंकों को जमाराशि जुटाने के लिए अनूठी और आकर्षक जमा योजनाएं लाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने जमा और कर्ज के अंतर को दूर करने के लिए बैंकों से नई अनूठी जमा योजनाएं लाने को कहा। उल्लेखनीय है बैंक कर्ज की मांग को पूरा करने के लिए जमाराशियां जुटाने का सहारा लेते हैं, किंतु म्युचल फंड, हेल्थ इंश्योरेंस और अन्य योजनाओं में बढ़ते प्रलोभन से जमा योजनाएं प्रभावित हुई हैं। ऐसे में बैंक ग्राहकों के लिए आकर्षण बढ़ती ब्याज दर ही हो सकती हैं। आशा है आने वाले समय में कुछ बैंक जमा योजनाओं में ब्याज दरों में वृद्धि की घोषणा करेंगे।

## अत्याधुनिक होंगे धान क्रय केंद्र

**लखनऊ, अमृत विचार:** प्रदेश के किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत धान खरीद की तैयारियों में जुट गई है। इसबार खरीद केंद्रों को भी अत्याधुनिक मशीनों के साथ किसानों के लिए भी पर्याप्त सुविधाएं होगी। खाद्य एवं रसद विभाग धान क्रय केंद्रों को इंटरनेट, कंप्यूटर, लैपटॉप, आईपैड, ई-पॉप मशीनों से लैस करेगा। पश्चिमी उप्र 1 अक्टूबर से तथा पूर्वी उप्र में 1 नवंबर से क्रय केंद्रों पर एमएसपी पर धान की खरीद शुरू होगी। खाद्य एवं रसद विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने बताया कि सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि ई-उपार्जन के लिए क्रय केंद्रों पर कम्प्यूटर, लैपटॉप, आई पैड, इंटरनेट और ई-पॉप मशीन सहित अन्य अवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

### उप्र एमएसएमई आत्म निर्भर भारत समारोह: हैशटैग लखनऊ के निदेशक सुमेल आदिल की ओर से छठे वर्ष भी सफल आयोजन

# सफलता प्राप्त करने को कठोर परिश्रम जरूरी: ब्रजेश पाठक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** जब किसी कार्यक्रम में छात्रों के बीच जाता हूं तो पढ़ाई का कठिन दौर याद आ जाता है। नौजवानों के लिए आज भी चुनौतियां वही हैं जो पहले हुआ करती थी। कॉलेज में दाखिले के बाद प्रत्येक छात्र भविष्य को लेकर चुनौती से जूझता है। सफलता मिलेगी या नहीं,हमेशा यही ख्याल आता है। लेकिन जिंदगी को डरकर भी तो नही जिया जाता। ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए मेहनत बेहद जरूरी है।

सफलता उसे ही मिलती है जो कठोर परिश्रम करता है। आज के माता-पिता को भी समय के साथ बदलने की आवश्यकता है। बच्चे जिस क्षेत्र में जाना चाहते है, उन्हें आगे बढ़ाना चाहिए। यह बातें रविवार को विश्वसरैया सभागार में आयोजित उप्र एमएसएमई आत्म निर्भर भारत समारोह में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कही। पहले 5 वर्ष की तरह हैशटैग लखनऊ के निदेशक सुमेल आदिल की ओर से छठे वर्ष भी सफल आयोजन किया गया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि एमएसएमई सेक्टर को सरकार आगे बढ़ा रही है। उप्र को पहले अवांछित तत्वों का प्रदेश कुछ लोग मानते थे।लेकिन, आज उप्र. को प्रगतिशील प्रदेश कहा जाता है। वर्तमान में यहां 17 एयरपोर्ट संचालित है। कुछ दिनों में इनकी संख्या बढ़कर 20 हो जाएगी। एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट प्रदेश में बन रहा है। यह गर्व की बात है। आयुष्मान भारत विश्व की सबसे बड़ी योजना है। जिसके अन्तर्गत 5 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त किया जाता है। युवा कल के भारत की तस्वीर है। युवाओं को कौशल विकास से जोड़ा गया है। प्रदेश में आज हर सेक्टर में तेजी से कार्य हो रहा है। काला नमक चावल पूरे विश्व में निर्यात किया जा रहा है। भदोही की कालीन देश-विदेश तक मशहूर है। प्रदेश के हर जिले की प्रमुख वस्तुएं आज विदेशों में निर्यात हो रहीं हैं। एमएसएमई के माध्यम से उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है। अगर युवाओं को आगे बढ़ने में कोई दिक्कत आये तो वह मेरे पास बेझिझक आकर अपनी बात कह सकता है। कार्यक्रम में कई उद्यमियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप्र. के पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन व नैनीताल बैंक के वाइस प्रेसीडेंट शरद अग्रवाल समेत कई गणमान्य भी मौजूद रहे।

**कार्यक्रम के प्रायोजक:** कार्यक्रम के प्रायोजक इनवरटीज विश्वविद्यालय के निदेशक पार्थ गौतम और सह प्रयोजक विकास मिश्रा रहे। साथ ही अमृत विचार भी प्रयोजक पार्टनर रहा।



उपस्थित लोगों को संबोधित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।



आत्मनिर्भर भारत समारोह में उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

### इन उद्यमियों को किया गया सम्मानित

सुधांशु मनी, चिंतेश निगम, डॉ. अनीस बेग, सतपाल बत्रा, डॉ. पल्लन अग्रवाल, आमिर के मलिक, ईशान अली, प्रगति अग्रवाल, नताशा भसीन, मनोज शर्मा, आशीष कुमार श्रीवास्तव और राजेन्द्र रावत को उप मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मुख्य सचिव उप्र आलोक रंजन और नैनीताल बैंक के वाइस प्रेसीडेंट शरद अग्रवाल उपस्थित रहे।

## कूलर का प्लग लगाते समय व्यवसायी के इकलौते बेटे की मौत

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के भंगवा गांव में शनिवार रात बिजली के बोर्ड में कूलर का प्लग लगाते समय करंट की चपेट में आने से किशोर की मौत हो गई। इकलौते बेटे की मौत से माता-पिता बदहवास हो गए। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। शहर से सटे भंगवा गांव निवासी संतोष पांडेय शहर के पुराना मालगोदाम रोड पर वारदाना की दुकान चलाते हैं। एक बेटे और एक बेटी में बड़ा 15 वर्षीय अभि पांडेय कक्षा 11 में पढ़ाई कर रहा था। शनिवार रात करीब 10 बजे वह भोजन करने के बाद कूलर चलाने के लिए बोर्ड में प्लग लगाने लगा,तभी करंट की चपेट में आ गया। उसका हाथ पूरी तरह से झुलस गया। घर के लोग उसे मेडिकल कॉलेज ले आए लेकिन उसकी मौत हो गई थी।

# 15 मई तक विद्यालयों व विश्वविद्यालयों की वार्षिक परीक्षाएं पूरी करें: मुख्यमंत्री

### योगी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन की समीक्षा के दौरान दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन और भावी कार्यक्रमों को लेकर समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि विद्यालयों/विश्वविद्यालयों की वार्षिक परीक्षाएं 15 मई तक हो जाए। अगले 10 वर्षों में 50 प्रतिशत तक सकल नामांकन दर बढ़ाने, पाठ्यक्रम भार को कम करने और मूल्यपरक व कौशल आधारित शिक्षा पर फोकस करने से लेकर एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) प्लेटफार्म पर सभी छात्रों का पंजीकरण अनिवार्य करने की हिदायत दी।

समीक्षा बैठक में बेसिक, माध्यमिक, उच्च, प्राविधिक, व्यावसायिक, कृषि व चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिवों ने विभागों की प्रगति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि शिक्षण संस्थाओं में वार्षिक कैलेंडर तैयार करते समय यह सुनिश्चित करें कि अपरिहार्य स्थिति न हो तो वार्षिक परीक्षाएं 15 मई तक सम्पन्न हो जाएं। सुनिश्चित करें कि हर विद्यालय में खेल के मैदान जरूर हों। कहा कि माध्यमिक विद्यालयों में पाठ्यक्रमों के भार को कम किया जाना आवश्यक है। रटने की प्रवृत्ति कम करने के लिए परीक्षा मॉडल में बदलाव किया जाए। योगी ने कहा कि एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट ( एबीसी) प्लेटफार्म पर सभी छात्रों का पंजीकरण अनिवार्य होना चाहिए। मल्टीपल एंट्री और मल्टीपल एक्ज़िट प्रणाली को लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि उप्र एनईपी को लागू करने वाला अग्रणी राज्य रहा है। अब हम एक जिला-एक विश्वविद्यालय की ओर बढ़ रहे हैं। सकल नामांकन दर उच्च शिक्षण संस्थानों में लगभग 25 फीसदी है, जिसे अगले 10 वर्षों में 50 फीसदी से अधिक करने का लक्ष्य होना चाहिए। कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ज्ञान, कौशल विकास और रोजगारपरक शिक्षा पर विशेष ध्यान देती है। मुख्यमंत्री ने पाठ्यक्रमों को स्थानीय भाषा के साथ बहुभाषी होने पर जोर दिया कहा कि इससे यह न केवल रोजगारपरक है बल्कि व्यक्तित्व को प्रभावी भी बनाता है।



● आगामी 10 वर्षों में सभी शिक्षा में 50 प्रतिशत तक बढ़ाएं सकल नामांकन दर

#### युवाओं को दिलाएं मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन का स्टाइपेंड

योगी ने कहा कि मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के माध्यम से स्नातक व डिप्लोमा उत्तीर्ण युवाओं को औद्योगिक संस्थानों में अप्रेंटिशिप की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सभी शिशिक्षुओं को समय से स्टाइपेंड का भुगतान होना चाहिए।

#### 20.5 लाख नए बच्चे आने लगे स्कूल

मुख्यमंत्री ने वर्तमान सत्र में 20.5 लाख नए बच्चों को जोड़ने को संतोषप्रद बताते हुए कहा कि स्कूल ड्रॉप आउट हर एक बच्चे को स्कूल से जोड़ने का प्रयास किया जाए। छोटे बच्चों की पुस्तकों, पढ़ाने के तौर तरीकों को रुचिकर बनाएं। कक्षा एक व दो में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू होने से सभी विद्यालयों में पुस्तकों की उपलब्धता होनी चाहिए।

#### 88 हजार बाल वाटिकाओं को बनाएं उपयोगी

मुख्यमंत्री ने बेसिक शिक्षा को मजबूत बनाने पर विशेष ध्यान देने का निर्देश देते हुए कहा कि 88 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों को ''बाल वाटिका'' के रूप में उपयोगी बनाएं। यहां बच्चों में सीखने के प्रति ललक पैदा हो।

## धमकी देकर एक करोड़ की फिरौती मांगने वाला सिपाही गिरफ्तार

**मथुरा, एजेंसी :** अपहरण एवं हत्या की धमकी देकर एक करोड़ की फिरौती मांगने वाले सिपाही को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी सिपाही अजीत गौतम के तीन अन्य साथियों को भी मध्य प्रदेश पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जैंत थाना प्रभारी अश्विनी कुमार ने दर्ज रिपोर्ट के हवाले से बताया कि बांदा जिला कारागार में तैनात सिपाही अजीत गौतम ने पांच अगस्त को अपने रिश्तेदार रामकुमार गौतम को फोन पर उनके बेटे अनुज (21) का अपहरण व हत्या करने की धमकी देकर एक करोड़ रुपये की मांग की थी। अजीत जैंत थाना क्षेत्र के मधेरा गांव का निवासी है।

उन्होंने बताया कि रामकुमार गौतम अपने एक खेत का सौदा करने वाले थे जिससे उन्हें करीब दो—ढाई करोड़ रुपये मिलने वाले थे। यह जानकारी मिलते ही आरोपी सिपाही अजीत गौतम ने अपने अपराधी साथियों के साथ रामकुमार गौतम के बेटे का अपहरण कर फिरौती वसूलने की साजिश रची। कुमार ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी सिपाही को गांव के चौराहे के निकट से दबोच लिया।

# जयघोष के साथ भाजपा की तिरंगा यात्रा शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भाजपा ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत रविवार को मां भारती के जयघोष के साथ प्रदेश में तिरंगा यात्रा की शुरूआत की।

13 अगस्त तक चलने वाली तिरंगा यात्रा में शीर्ष नेताओं से लेकर बूथ तक के कार्यकर्ता प्रदेश की 403 विधानसभाओं में राष्ट्र प्रेम का संदेश लेकर नगर, गांव, गली, मोहल्ले, मजरे व चौपालों तक जाएंगे। रविवार को प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी सहारनपुर और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मैनपुरी में तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए। भूपेंद्र सिंह चौधरी ने तिरंगा यात्रा में जनसंवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर प्रारम्भ हुए हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से हर घर पर तिरंगा, तिरंगा यात्रा, अमर बलिदानियों व महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण, विभाजन की विभिषिका पर गोष्ठी सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। राष्ट्र प्रेम का संदेश लेकर भाजपा जन-जन तक पहुंच रही है।

● सहारनपुर में भूपेंद्र व मैनपुरी में ब्रजेश पाठक ने संभाला नेतृत्व

प्रदेश प्रवक्ता व हर घर तिरंगा अभियान के प्रदेश सहसंयोजक डा. समीर सिंह ने बताया कि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मैनपुरी में पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं व स्थानीय नागरिकों के साथ तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए। तिरंगा यात्रा में प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना शाहजहांपुर, स्वतंत्र देव सिंह कानपुर, धर्मपाल सिंह आंवला, प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह लखनऊ, संतोष सिंह व बृज बहादुर मैनपुरी व प्रदेश महामंत्री व अभियान के प्रदेश संयोजक अनूप गुप्ता झांसी में सम्मिलित रहे।

#### आज भी अलग-अलग जिलों में जाएंगे शीर्ष नेता

डॉ समीर सिंह ने बताया कि सोमवार प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी मुजफ्फरनगर में, राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुग हापुड़, राष्ट्रीय मंत्री सुरेन्द्र नागर बुलन्दशहर, प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यपाल सैनी हापुड़, बृज बहादुर मैनपुरी, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला बस्ती, संजय राय अयोध्या, राम प्रताप चौहान आगरा, प्रदेश मंत्री डा. चन्द्रमोहन बागपत में तिरंगा यात्रा में सहभागिता करेंगे। जबकि पूर्व उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा लखनऊ, पूर्व केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति फतेहपुर, प्रदेश सरकार के मंत्री सुनील शर्मा गाजियाबाद, सोमेन्द्र तोमर मुजफ्फरनगर, संजीव कुमार गौड़ सोनभद्र, दारा सिंह चौहान मऊ, सतीश शर्मा बाराबंकी व मनोहर लाल मन्नू ललितपुर में तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होगें।

# सिलेंडर फटने से छत ढही मां और बेटे की मौत

संवाददाता, उरई

● उरई के कोंच कोतवाली के मेहलुआ में हुआ दर्दनाक हादसा

**अमृत विचार:** कोंच कोतवाली के मेहलुआ में रविवार सुबह गैस रिसाव के बाद धमाके के साथ सिलेंडर फटने से मकान की छत गिर गई। मलबे में दबकर मां-बेटे की मौत हो गई, जबकि घायल पिता-पुत्री को मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया गया। फोर्स के साथ मौके पर पहुंची सीओ ने जानकारी ली।

कोंच कोतवाली क्षेत्र के मेहलूआ निवासी अखिलेश यादव (32) शनिवार देर रात अपनी पत्नी मोहिनी (30), बेटी अदिति (12) और 6 वर्षीय बेटे देव के साथ सो रहे थे। रात में सिलेंडर में गैस रिसाव होने लगा। रविवार सुबह पत्नी मोहिनी उठी और जैसे ही लाइटर जलाया तो गैस रिसाव के कारण आग लग गई। कुछ ही पलों में आग पूरे मकान में फैल गई और धमाके के साथ सिलेंडर फट गया। जिससे मकान की दीवारें चटक गईं और छत गिर गई। इससे अखिलेश, पत्नी और बच्चे मलबे में दब गए।

धमाके की आवाज सुनकर पड़ोस में रह रहा भाई मुकेश सहित आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने मकान के मलबे से सभी लोगों को बाहर निकाला और कोंच के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने मां मोहिनी और बेटे देव को मृत घोषित कर दिया, जबकि पिता-पुत्री की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया।

# 6 दिन बाद अंजलि हार ही गई जिंदगी की जंग

संवाददाता, पुरवा (उन्नाव )

● लखनऊ में आत्मदाह के प्रयास का मामला

**अमृत विचार :** ससुरालियों पर लूट व प्रताड़ना के बाद कार्रवाई न होने आरोप लगा बीती 6 अगस्त को मुख्यमंत्री के आवास के पास खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने पहुंची महिला की शनिवार देर रात इलाज के दौरान सांसें थम गई। इसकी खबर मिलते ही पुरवा पुलिस लखनऊ पहुंची और रविवार को उसका वहीं पोस्टमार्टम कराकर उसके मायके वालों को शव सौंप गया। इसके बाद परिजन शव लेकर घर चले गए और शाम को उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

बता दें कि पुरवा कोतवाली क्षेत्र के छत्ताखेड़ा गांव निवासी अंजलि (30) ने बीती 6 अगस्त को पति, सास, देवर, देवरानी व एक भांजे पर प्रताड़ित करने, मोबाइल व रुपये लूटकर घर से भगा देने का आरोप लगा पुलिस को तहरीर दी दी। पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट न होने पर उसने लखनऊ के विक्रमादित्य मार्ग पर खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली थी। राजधानी में हुई इस घटना के बाद पूरे प्रदेश में हंगामा बरपा था। उधर, पुलिस ने महिला को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया था। लेकिन 85 फीसदी से अधिक जलने पर उसे केजीएमयू भेजा गया था। जहां शनिवार देर रात करीब डेढ़ बजे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई , उसकी मौत की खबर मिलते ही एसएचओ पुरवा फोर्स के साथ अस्पताल पहुंचे और लखनऊ पुलिस ने उसका रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। उसकी मौत से मां लक्ष्मी ,भाई शीलू, बहन वैष्णवी आदि बेहाल हो गए। पुलिस ने मां की सुपुर्दगी में शव दिया। इसके बाद वे लोग शव लेकर पैतृक गांव कानपुर नगर के शिवराजपुर थानांतर्गत मक्का पुरवा गांव ले गए। जहां उसका खेरेश्वर गंगातट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान एहतिहात के तौर पर पुलिस फोर्स मौजूद रहा। सीओ पुरवा सोमोनेंद्र विश्वास ने बताया कि शव मायके पक्ष के सुपुर्द किया गया है। उन्होंने ही शव का अंतिम संस्कार किया है।



बेटे के साथ अंजलि। (फाइल फोटो)


## वर्ग पहेली-159

**बाएं से दाएं**

3. उकताने का भाव, जल्दबाज़ी, अधीरता, उकता जाना, ऊबन।
4. 1. ढका हुआ 2. छिपा हुआ 3. घिरा हुआ 4. वरण किया हुआ, चुना हुआ 5. स्वीकृत।
5. ऊतक से संबंधित, जिसका संबंध ऊतक से हो।
7. 1. सार्थक शब्द, वचन, बात 2. वाक्य, उक्ति 3. इस्लाम धर्म का मूल मंत्र।
8. 1. ढहाने का काम कराना 2. गिराना, ध्वस्त करना 3. ज़मीन में मिलाना 4. मटियामेट करना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. आंख मूंदकर दूसरों का अनुसरण करने वाला, अंधानुयायी 2. पुरातन परंपराओं का अंधानुसरण करने वाला, नकलची।
2. 1. चाबुक मारना 2. चुटकी से पकड़कर उखाड़ना या तोड़ना 3. चिकोटी काटना 4. सांप का किसी को काटना 5. 'चुट-चुट' शब्द करना।
3. 1. एक सार्वनामिक विशेषण जो मात्रा मान या संख्या का सूचक होता है, उस मात्रा का, इतना 2. खरोंच
6. 1. रज और वीर्य के संयोग से गर्भाशय में बनने वाली पतली झिल्ली।



### वर्ग पहेली -158 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 बं | ■ | ■ | 2 सा | ■ | 3 अं |
| 4 जा | 5 ग | ■ | धा | ■ | त |
| 6 रा | ज | द | र | बा | र |
| ■ | कुं | ■ | णी | ■ | भि |
| ■ | 7 भ | वि | क | ■ | मु |
| 8 स | ■ | ■ | र | ■ | खी |
| टा | ■ | 9 शा | ण | ■ | ■ |

## सुडोकू -72

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 3 | | | |
| | | | 8 | 9 | 2 | | 4 | |
| 5 | | 6 | | 7 | 1 | 3 | | |
| | 3 | | | 6 | | 2 | 5 | |
| 4 | | | | | | | | 9 |
| | 7 | 1 | | 8 | | | 3 | |
| | | 2 | 9 | 1 | | 5 | | 3 |
| | 8 | | 7 | 4 | 5 | | | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

### सुडोकू -71 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 9 | 5 | 1 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 8 | 5 | 6 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 8 | 6 | 7 | 3 | 9 | 5 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 1 | 5 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 8 | 3 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 |
| 9 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 | 6 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 2 | 6 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 2 | 9 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 7 | 1 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 अगस्त सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 07.55 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**मेष** — आज जीवनसाथी के साथ पर्यटन के लिए जा सकते हैं। अपने कर्म पर विश्वास रखें। आय और व्यय में संतुलन रहेगा। शत्रुओं पर आप भारी पड़ेंगे। नए व्यवसाय पर धन निवेश कर सकते हैं। लोगों के सामने छवि काफी अच्छी रहेगी।

**वृष** — आज उधार लेन-देन से आपको बचना चाहिए। किसी से ज्यादा बहस न करें अन्यथा मानहानि हो सकती है। अटका हुआ धन आपको मिल सकता है। सेहत को लेकर सावधान रहना आवश्यक है। प्रेम संबंधों में थोड़ी नकारात्मकता रहेगी।

**मिथुन** — आज कर्ज लिया हुआ धन वापस लौटा देंगे। व्यवसाय में कुछ बड़ा प्रयोग कर सकते हैं। जल का पर्याप्त मात्रा में सेवन करें। बच्चों की प्रगति से उत्साहित रहेंगे। आपके काम अपेक्षाकृत तीव्र गति से पूर्ण होंगे। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।

**कर्क** — आज बुद्धि-विवेक का चतुराई से प्रयोग करेंगे। बैंकिंग और कंसल्टेंसी से जुड़े लोगों को करियर में उच्च पद प्राप्त होगा। सारे काम आपके अनुसार पूर्ण होंगे। मांगलिक कार्यों को लेकर निर्णय लेने के लिए अच्छा समय है।

**सिंह** — आज समय अनुसार अपने स्वभाव में लचीलापन रखें। जल्दी सफलता प्राप्त करने के लिए शॉर्टकट अपना सकते हैं,लेकिन इससे नुकसान की आशंका भी है। परिवार में आपका वर्चस्व घट सकता है। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम सा हो सकता है।

**कन्या** — आज करियर संबंधी परेशानियों का समाधान प्राप्त होगा। धन निवेश करने के लिए समय बहुत ही अच्छा है। पुराने लंबित मामलों में जीत मिल सकती है। आपके काम की गुणवत्ता बढ़ेगी। नई विधाओं को सीखने का प्रयास करें।

**तुला** — आज कारोबार में कोई बड़ा लक्ष्य अर्जित कर सकते हैं। अजनबियों पर ज्यादा भरोसा न करें। भविष्य को लेकर योजना बना सकते हैं। घर में रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। वैवाहिक जीवन काफी सुखद रहेगा।

**वृश्चिक** — आज व्यर्थ की गतिविधियों में समय बर्बाद न करें। रक्तचाप के रोगी अपने खानपान का ध्यान दें। आलस्य के कारण काम बिगड़ सकते हैं। कारोबार में अपेक्षित लाभ न मिल पाने के कारण मन व्यथित हो सकता है। अचानक कोई खर्च सामने आ सकता है।


**धनु** — आज आपको अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं करना चाहिए। बच्चों के साथ पिकनिक पर जा सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत करने में सफलता मिलेगी। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। काम की बारीकियों में ध्यान दें। मानसिक तनाव में कमी आएगी।

**मकर** — आज अपनी मेहनत और क्षमताओं पर विश्वास रखें। प्रेम विवाह को पारिवारिक सहमति मिल सकती है। आपका स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। जीवनसाथी को समझने का प्रयास करेंगे। भौतिक सुखों को लेकर आकर्षित हो सकते हैं।

**कुंभ** — आज नया काम शुरू करने से पूर्व उसकी पूरी तैयारी कर लें। समाजसेवा से जुड़े लोगों को मान-सम्मान प्राप्त होगा। उच्च शिक्षा में परेशानी होने की आशंका है। संतान की प्रगति से उत्साहित रहेंगे। आपके ऊपर काम का अत्यधिक दबाव रहेगा।

**मीन** — आज नौकरी में परिस्थितियां कुछ प्रतिकूल रहने वाली है। आपका मनोबल कुछ कमजोर हो सकता है। विदेश यात्रा में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। किसी परेशानी का समाधान मिलने से आनंदित रहेंगे।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 08.33 तक तत्पश्चात विशाखा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- हैसियत — दोपहर : 12.00
- मित्रों — रात : 09.00

&pictures
- बिजनेसमैन 2 — सुबह : 10.49
- जिंदगी ना मिलेगी दोबारा — रात : 08.00

SONY PIX
- रैमपेज — सुबह : 11.05
- पेसिफिक रिम — रात : 08.45

ZEE CINEMA
- विवाह — सुबह : 11.26
- पथु थाला — रात : 08.00

colors CINEPLEX
- शेरशाह — सुबह : 10.26
- फिर हेरा फेरी — रात : 08.01

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर सुबह : 11.26 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मुन्ना- मम्मी मैं कल से स्कूल नहीं जाऊंगा।
मम्मी- क्यों बेटा , क्या बात हो गई?
मुन्ना- मम्मी आज स्कूल में हम सभी बच्चों का वजन किया गया था।
मम्मी- तो क्या हुआ?
मुन्ना- मुझे डर है कि अगर रेट अच्छा मिल गया तो ये स्कूल वाले हमें बेच ही न दें।

पति ( किताब पढ़ते हुए) - एक लेखक ने लिखा है कि पतियों को भी बोलने की आजादी होनी चाहिए।
पत्नी ( हंसते हुए) - देखो वो भी बेचारा लिख ही पाया, बोल नहीं पाया।

## एक नजर

### तमिलनाडु के पूर्व मंत्री की जमानत पर आज सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी. सैंथिल बालाजी की जमानत याचिका पर सोमवार (आज) को सुनवाई करेगा, जिन्हें पिछले साल धन शोधन के एक मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ इस मामले में बालाजी की दूसरी याचिका खारिज करने के मद्रास हाईकोर्ट के 28 फरवरी के आदेश को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सुनवाई करने वाली है।

### केजरीवाल की याचिका पर कोर्ट में आज होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की एक याचिका पर सोमवार को सुनवाई कर सकता है, जिसमें उन्होंने मई 2018 में यूट्यूबर ध्रुव राठी का वीडियो एक्स पर साझा करने से संबंधित मानहानि मामले में जारी कई समन को बरकरार रखने के दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ याचिका पर सुनवाई कर सकती है।

### पंजाब: नदी में वाहन बहने से नौ लोगों की मौत

**होशियारपुर।** पंजाब के होशियारपुर से 34 किमी दूर जैजों में रविवार को पानी से भरी छोटी बरसाती नदी में वाहन के बहने से एक परिवार के आठ सदस्यों समेत नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लापता हो गए। पुलिस ने बताया कि एक परिवार के 11 सदस्य एसयूवी चालक के साथ हिमाचल के ऊना जिले के मेहतपुर के पास देहरा से विवाह में शामिल होने पंजाब के एसबीएस नगर जिले के मेहरोवाल गांव जा रहे थे। जब वाहन जैजों में छोटी नदी से गुजरा, तो वह बह गया। लोगों ने चालक को नदी पार करने पर आगाह किया था।

## कोलकाता में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक से दरिंदगी

# दुष्कर्म के बाद हुई थी हत्या

- परिस्थितिजन्य साक्ष्य के अनुसार आरोपी ने पहले महिला चिकित्सक की हत्या की फिर दुष्कर्म किया

**कोलकाता, एजेंसी**

कोलकाता पुलिस प्रशिक्षु महिला चिकित्सक की हत्या के निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए अंतिम पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। प्रशिक्षु महिला चिकित्सक शव शुक्रवार को सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सेमिनार हाल में मिला था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, यौन उत्पीड़न के बाद महिला चिकित्सक की हत्या हुई थी। पुलिस ने आत्महत्या की आशंका से इनकार कर दिया है।

प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार महिला की आंख, मुंह और निजी अंग से खून बह रहा था और चेहरे पर चोटें थीं। पेट, बाएं पैर, गर्दन, दाहिने हाथ, उंगली पर भी चोटें हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि परिस्थितिजन्य साक्ष्य से संकेत मिल रहे हैं कि गिरफ्तार किए गए आरोपी ने महिला चिकित्सक की पहले हत्या की और फिर दुष्कर्म किया। ऐसा सबूत है कि चिकित्सक अस्पताल के सेमीनार हॉल में अकेले सो रही थी तभी आरोपी ने उस पर हमला कर दिया और उसकी गला घोटकर हत्या कर दी, जिसके बाद उससे दुष्कर्म किया।

पुलिस ने अपराध के दौरान आरोपी द्वारा पहने कपड़े और जूते उसके घर से बरामद कर लिए हैं। अधिकारी ने बताया कि वारदात के बाद आरोपी घर गया और अपने कपड़े धोए थे। घर की तलाशी के दौरान उसके जूते मिले, जिन पर खून के धब्बे थे।

पुलिस ने मामले की गंभरता को देखते हुए रविवार को अस्पताल में बड़ा दल तैनात किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि किसी को भी बिना उचित पहचान के अस्पताल परिसर में जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। हम स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि अस्पताल प्राधिकारियों ने आपातकालीन वार्ड में संविदा पर नियुक्त दो सुरक्षाकर्मियों को कर्तव्यों का निर्वहन ठीक ने नहीं करने के कारण बर्खास्त कर दिया है।

### तीसरे दिन भी काम बंद, अस्पताल की सेवाएं प्रभावित

**कोलकाता।** महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के दोषी को सजा देने की मांग को लेकर रविवार को तीसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन जारी रहने से सरकारी अस्पतालों में सेवाएं प्रभावित हुईं। विभिन्न सरकारी अस्पतालों में जूनियर डॉक्टर, स्वास्थ्यकर्मी और पोस्ट-ग्रेजुएट ट्रेनी (पीजीटी) चिकित्सक भी चिकित्सा संस्थानों में सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि रविवार को उनमें से कोई भी ड्यूटी पर नहीं आया, जिससे विभिन्न अस्पतालों में मरीजों को सेवा प्रदान करने में समस्याएं आ रही हैं।

### दिल्ली के अस्पतालों में आज से गैर आपात सेवाएं बंद

**नई दिल्ली।** कोलकाता में प्रशिक्षु डॉक्टर से हुए दुष्कर्म और हत्या के विरोध में दिल्ली के प्रमुख सरकारी अस्पतालों में सोमवार से सभी गैर आपात सेवाएं अनिश्चितकाल के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया है। चिकित्सकों ने इस मामले में कार्रवाई तथा स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा की मांग की है। उन्होंने जांच के साथ दोषियों के लिए कठोर सजा सुनिश्चित करने की अपील की। शहर के कई सरकारी अस्पतालों ने रविवार को आधिकारिक बयान जारी कर सोमवार सुबह से बाह्य रोग विभाग, ऑपरेशन कक्ष और वार्ड ड्यूटी को बंद करने की घोषणा की। फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (एफओआरडीए) के आह्वान पर बंद की घोषणा की गई है।

### भाजपा ने की सीबीआई जांच की मांग

**कोलकाता।** भाजपा की प. बंगाल इकाई के प्रमुख सुकांत मजूमदार ने रविवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को पत्र लिखकर महिला चिकित्सक के साथ बर्बर यौन उत्पीड़न और उसकी हत्या की सीबीआई जांच कराने की मांग की है। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री मजूमदार ने लिखे पत्र में कहा कि निष्पक्षता के लिए जांच जरूरी है।

### चिकित्सकों ने की केरल में विरोध प्रदर्शन की घोषणा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के चिकित्सक, स्नातकोत्तर चिकित्सक और चिकित्सा शिक्षक प्रशिक्षु चिकित्सक के यौन उत्पीड़न और हत्या के खिलाफ सोमवार को राज्य भर के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में विरोध प्रदर्शन करेंगे। सरकारी मेडिकल कॉलेज के शिक्षकों के संगठन केजीएमसीटीए ने रविवार को छात्रा की हत्या की निंदा की और कहा कि इस घटना के खिलाफ चिकित्सक इस दक्षिणी राज्य में विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## भारी वर्षा से बालटाल मार्ग पर अमरनाथ यात्रा को रोका गया

**श्रीनगर।** भारी बारिश से बालटाल मार्ग पर अमरनाथ यात्रा को रविवार को निलंबित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इसी के साथ अब दोनों मार्गों पर यात्रा रोक दिया गया है। पहलगाम मार्ग को बुधवार को मरम्मत के लिए बंद किया गया था। कश्मीर के संभागीय आयुक्त वीके बिधूड़ी ने बताया कि रविवार को अमरनाथ यात्रा के दोनों मार्गों पहलगाम और बालटाल पर भारी वर्षा हुई, जिसके बाद अमरनाथ यात्रा के बालटाल मार्ग पर मरम्मत और रखरखाव की आवश्यकता है। यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर कल भी बालटाल मार्ग से यात्रा की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने बताया कि आगे की सूचना बाद में दी जाएगी।

# अनंतनाग : एक नागरिक की मौत के बाद सेना ने तेज किया आतंक विरोधी ऑपरेशन

**श्रीनगर, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के वन क्षेत्र में छिपे आतंकियों के सफाये के लिए सुरक्षा बलों ने रविवार को हुए मुठभेड़ के दूसरे दिन अभियान और तेज कर दिया। इस मुठभेड़ में दो जवान शहीद हो गये थे जबकि एक नागरिक की जान चली गयी थी। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि अहलान गगरमांडू वन क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को भेजा गया है और माना जा रहा है कि तीन से चार आतंकवादी यहां छिपे हुए हैं। कश्मीर जोन के पुलिस महानिरीक्षक वीके बिरदी ने कोकरनाग में कहा कि गागरमांडू के ऊपरी इलाकों में गहन तलाशी अभियान जारी है समाप्त होने के बाद जानकारी साझा की जाएगी।



अनंतनाग के अहलान गागरमांडू वन क्षेत्र में आतंकियों की तलाश में जुटे सेना के जवान।

### किश्तवाड़ में कुछ देर चली मुठभेड़, तलाश जारी

**जारी जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के सुदूर जंगल में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच रविवार तड़के मुठभेड़ हुई। उन्होंने जिले में मचैल माता मंदिर में दर्शन के लिए जाने वालों को सुरक्षा का आश्वासन दिया और कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों की आवाजाही की सूचना के बाद जब पुलिस ने सेना और अर्धसैनिक बलों की मदद से नौनट्टा, नागसेनी पेयास और आसपास के इलाकों में खोजबीन अभियान शुरू किया, तो दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ हुई। अतिरिक्त बल भेजकर आतंकियों की तलाश की जा रही है।

## हिमाचल में भारी बारिश से भूस्खलन और बाढ़ से 288 सड़कें अवरुद्ध

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में दो दिन से जारी बारिश से भूस्खलनों और बाढ़ से 288 सड़कें बंद रहीं। अधिकारियों ने बताया कि ऊना में उफान पर बह रहे नालों का पानी घरों में घुस गया है जबकि लाहौल और स्पीति पुलिस ने लोगों तथा यात्रियों को सावधान रहने और जाहलमान नाले का जल स्तर बढ़ने से उसे पार न करने की सलाह दी है। अधिकारियों के अनुसार कुल्लू, मंडी और शिमला में 31 जुलाई को आई बाढ़ के बाद लापता 30 लोगों के लिए बचाव अभियान जारी है। हिमाचल में बारिश से 100 से अधिक लोगों की मौत और 842 करोड़ का नुकसान हुआ है। 288 सड़कें बंद हैं जिनमें से 138 शुक्रवार और 150 शनिवार को बंद हुईं। मंडी में 96, शिमला में 76, कुल्लू में 37, सिरमौर में 33, चंबा में 26, लाहौल और स्पीति में 7, हमीरपुर में 5 और कांगड़ा तथा किन्नौर में चार-चार सड़कें बंद रहीं।

# क्रीमी लेयर : कोर्ट की टिप्पणी पर भ्रम पैदा कर रहा विपक्ष : मेघवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- क्रीमी लेयर का तात्पर्य एससी एवं एसटी समुदायों के उन लोगों और परिवारों से है, जो उच्च आय वर्ग में आते हैं

कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने विपक्ष पर एससी और एसटी के बीच क्रीमी लेयर के संबंध में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को लेकर लोगों के बीच भ्रम पैदा करने का आरोप लगाया और कहा कि बी आर आंबेडकर के दिए संविधान में क्रीमी लेयर का कोई प्रावधान नहीं है। मेघवाल ने कहा कि राजग सरकार आंबेडकर के संविधान का पालन करेगी और एससी तथा एसटी के लिए उसमें प्रदत्त आरक्षण व्यवस्था को जारी रखेगी।

क्रीमी लेयर का तात्पर्य एससी एवं एसटी समुदायों के उन लोगों और परिवारों से है, जो उच्च आय वर्ग में आते हैं। मेघवाल ने कहा कि विपक्ष जानता है कि शीर्ष अदालत ने क्रीमी लेयर पर महज एक टिप्पणी की है, लेकिन वह फिर भी लोगों के बीच भ्रम पैदा करने का प्रयास कर रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा था कि क्रीमी लेयर के आधार पर एससी और एसटी को आरक्षण देने से इनकार करने का विचार निंदनीय है।

# लुधियाना : बदला लेने के लिए महिला से सामूहिक दुष्कर्म

**लुधियाना, एजेंसी**

- आरोपी यूपी के गोरखपुर के रहने वाले, मामला दर्ज

पंजाब के लुधियाना में एक व्यक्ति ने परिवार के तीन सदस्यों के साथ मिलकर विवाहिता से सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी की बेटी पीड़िता के भाई के साथ चली गई थी, बदला लेने के लिए उसने इस घटना को अंजाम दिया।

पुलिस ने बताया कि उप्र के गोरखपुर निवासी आरोपियों ने इस कृत्य को मोबाइल फोन में रिकॉर्ड भी किया। यह घटना 1 मई की थी, लेकिन पीड़िता सदमे में थी कि वह लंबे समय तक रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सकी। सदमे से उबरने और स्थिर होने के बाद उसने टिब्बा रोड थाने में रविंदर सिंह, उसके भाई वरिंदर सिंह, बेटे अमन सिंह और संतोष सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पीड़िता ने बताया है कि उसका भाई और रविंदर की बेटी कहीं चले गए थे। चारों आरोपी एक मई को प्रेमी युगल की तलाश में महिला के घर पहुंचे। नहीं मिलने पर आरोपियों ने पीड़िता से बदला लेने के लिए उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

## छेड़छाड़ के आरोपी शिक्षक की पिटाई से मौत, राज्यमंत्री ने की निंदा

**अगरतला।** त्रिपुरा के गोमती जिले में नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ के आरोपी स्कूल शिक्षक पर भीड़ ने हमला कर दिया। पुलिस ने रविवार को बताया कि घटना के दो दिन बाद शिक्षक की मौत हो गई। आरोप है कि 40 वर्षीय शिक्षक ने उदयपुर शहर में ट्यूशन के दौरान लड़की से छेड़छाड़ की। सहायक पुलिस महानिरीक्षक (कानून-व्यवस्था) अनंत दास ने बताया कि पिटाई के बाद लोग शिक्षक को आठ अगस्त की रात उसकी पत्नी की मौजूदगी में आरके पुर थाने ले गए और मुकदमा दर्ज कराया। आरोपी रातभर स्वास्थ्य केंद्र में रहा। शुक्रवार को कोर्ट ने आरोपी को जमानत दे दी थी। शिक्षक के बीमार होने पर अगरतला के जीबीपी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां शनिवार को उसकी मौत हो गई। राज्य के वित्त मंत्री प्रणजीत सिंह रॉय ने शिक्षक पर हमले की निंदा की। मुख्यमंत्री माणिक साहा को शिक्षक की हत्या की जानकारी मिली। पुलिस संबंधित लोगों पर कार्रवाई करने में जुट गई है।

# हिंडनबर्ग के आरोपों का अडाणी ने किया खंडन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सेबी की चेयरपर्सन और उनके पति पर अडाणी समूह से जुड़े विदेशी कोष में हिस्सेदारी का है आरोप

अमेरिकी शोध एवं निवेश फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने संदेह जताया है कि अडाणी समूह के खिलाफ कार्रवाई करने में सेबी की अनिच्छा का कारण चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच और उनके पति की अडाणी समूह से जुड़े विदेशी कोष में हिस्सेदारी हो सकती है। अडाणी समूह ने आरोपों का खंडन करते हुए सेबी प्रमुख से वाणिज्यिक संबंध होने से इनकार कर दिया है।

हिंडनबर्ग ने शनिवार देर रात जारी रिपोर्ट में कहा कि सेबी प्रमुख बुच और उनके पति धवल बुच के पास उस विदेशी कोष में हिस्सेदारी है, जिसका इस्तेमाल अडाणी समूह में धन की कथित हेराफेरी के लिए किया गया था। हिंडनबर्ग के मुताबिक, बुच और उनके पति ने बरमूडा और मॉरीशस में अस्पष्ट विदेशी कोषों में अघोषित निवेश किया था।

अडाणी समूह ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा था कि वह नियामकीय प्रावधानों का पालन करता है। आरोपों के जवाब में अडाणी समूह ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि हिंडनबर्ग के नए आरोप दुर्भावनापूर्ण, शरारती और छेड़छाड़ करने वाला है। ऐसा तथ्यों और कानून की अवहेलना करते हुए निजी मुनाफाखोरी के लिए पूर्व-निर्धारित निष्कर्षों पर पहुंचने के इरादे से किया गया है। समूह ने कहा कि हम इन आरोपों को खारिज करते हैं। ये उन अस्वीकार किए जा चुके दावों का दोहराव हैं जिनकी जांच की गई है, जो निराधार हैं और जनवरी, 2024 में उच्चतम न्यायालय द्वारा पहले ही खारिज कर दिए गए हैं। हमारी प्रतिष्ठा को बदनाम करने के लिए जानबूझकर किए गए इस प्रयास में उल्लिखित व्यक्तियों या मामलों के साथ हमारा कोई वाणिज्यिकि संबंध नहीं है। हम पारदर्शिता और सभी कानूनी एवं नियामकीय प्रावधानों के अनुपालन के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध हैं। आरोपों से घिरे आई 360 वन वैम लिमिटेड ने कहा कि आईपीई-प्लस फंड 1 को 2013 में पेश किया गया जो 2019 तक संचालित हुआ था। इसमें किसी भी माध्यम से अडाणी समूह के किसी भी शेयर में शून्य निवेश किया गया।

## तुंगभद्रा बांध के गेट की चेन टूटी, चेतावनी जारी

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एपीएसडीएमए) ने तुंगभद्रा बांध का द्वार बहने के बाद कृष्णा नदी के किनारे रह रहे लोगों को सतर्क रहने को कहा है। एपीएसडीएमए के प्रबंध निदेशक आर कुर्मानाध ने बताया कि चेन की एक कड़ी टूटने से द्वार संख्या 19 पानी से बह गया। यह हादसा होसपेट में शनिवार रात हुआ। बाढ़ का 35,000 क्यूसेक पानी बह गया और 48,000 क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा। प्रबंध निदेशक ने कर्नाटक, आंध्र और तेलंगाना में कृष्णा नदी के तटों के पास रह रहे लोगों को नदी पार न करने की सलाह भी दी।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### ओयो ने निवेशकों से 1,457 करोड़ जुटाए

**नई दिल्ली।** होटल कारोबार से जुड़े मंच ओयो की मूल कंपनी ओरेवल स्टेज लिमिटेड ने वित्तपोषण के हालिया चरण में निवेशकों से 1,457 करोड़ रुपये जुटाए हैं। यूनिकॉर्न कंपनी ओयो अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी में है। एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाले स्टार्टअप को यूनिकॉर्न कहा जाता है। कंपनी ने धन जुटाने के हालिया 'सीरीज जी' चरण में करीब 1,040 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इससे पहले इसी श्रृंखला में 416.85 करोड़ रुपये जुटाए गए थे, जिसके बाद यह चरण पूरा हो गया है।

### रिलायंस चालू करेगा पहली सौर गीगा-फैक्टरी

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड चालू वित्त वर्ष में अपनी पहली सौर गीगा-फैक्टरी चालू करने की योजना बना रही है। कंपनी 2035 तक परिचालन से शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने के दिशा में बढ़ रही है। रिलायंस ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि उसका लक्ष्य वित्त वर्ष 2024-25 के अंत तक सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) विनिर्माण संयंत्र के पहले चरण को चालू करना और 2026 तक चरणबद्ध तरीके से इसे 20 गीगावाट तक बढ़ाना है।

### ओला मैप तिकड़म, सावधान रहना चाहिए : मैपमाईइंडिया

**नई दिल्ली।** स्वदेशी डिजिटल नेविगेशन कंपनी मैपमाईइंडिया ने ओला की मूल कंपनी एएनआई टेक्नोलॉजीज के भारत का नेविगेशनल मानचित्र विकसित करने के दावे पर सवाल उठाया है और इसको तिकड़म बताया है। ओला इलेक्ट्रिक को कानूनी नोटिस भेजने के बाद मैपमाईइंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी रोहन वर्मा ने ओला के इस दावे पर सवाल उठाया कि मानचित्र की आपूर्ति स्टार्टअप जियोस्पोक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा की गई है। इसका अधिग्रहण किया गया और यह एएनआई की अनुषंगी कंपनी बन गई है।

# शीर्ष आठ कंपनियों की पूंजी 1.66 लाख करोड़ घटी

## रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारतीय जीवन बीमा निगम को हुआ सबसे ज्यादा नुकसान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश की 10 सर्वाधिक मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार मूल्यांकन में संयुक्त रूप से 1,66,954.07 करोड़ रुपये की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इनमें सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को हुआ है।

पिछले हफ्ते कमजोर वैश्विक रुझानों से बीएसई का सेंसेक्स 1,276.04 अंक यानी 1.57% की गिरावट पर रहा। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की पूंजी 33,930.56 करोड़ घटकर 19,94,765.01 करोड़, एलआईसी 30,676.24 करोड़ की गिरावट से घटकर 7,17,001.74 करोड़, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) 21,151.33 रुपये घटकर 7,35,566.52 करोड़, इन्फोसिस 20,973.19 करोड़ घटकर 7,35,277.28 करोड़, टाटा समूह की टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) 19,157.77 करोड़ घटकर 15,30,469.11 करोड़, भारती एयरटेल 16,993.56 करोड़ घटकर 8,33,396.32 करोड़, आईसीआईसीआई बैंक 16,975.55 करोड़ घटकर 8,25,201.23 करोड़ और एचडीएफसी बैंक 7,095.87 करोड़ घटकर 12,56,505.53 करोड़ रुपये रह गया। हालांकि, हिंदुस्तान यूनिलीवर 12,946.24 करोड़ रुपये बढ़कर 6,45,808.65 करोड़ और आईटीसी 8,406.26 करोड़ बढ़कर 6,19,829.37 करोड़ रुपये पहुंच गया।




- हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के शेयर लाभ में रहे

### आर्थिक आंकड़े, तिमाही नतीजे तय करेंगे बाजार की दिशा

**नई दिल्ली।** वृहद-आर्थिक आंकड़े, कंपनियों के जून तिमाही के नतीजे और वैश्विक रुझान आने वाले सप्ताह में शेयर बाजार की कारोबारी धारणा को प्रभावित करेंगे। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताया है। विदेशी निवेशकों की व्यापारिक गतिविधि भी बाजार में गतिविधियों को निर्धारित करने में एक महत्वपूर्ण कारक होगी। इस सप्ताह चार दिन ही कारोबार होगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गुरुवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड में वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौर ने कहा कि इस सप्ताह सबका ध्यान वैश्विक बाजारों पर रहेगा क्योंकि हम स्थिरता की लंबी अवधि के बाद कमजोरी का असर देख सकते हैं। भारतीय इक्विटी बाजार में भी इस सप्ताह कुछ हद तक स्तर बनाए रखने की स्थिति से जूझ सकते हैं।

### अगस्त में एफपीआई ने की 13,400 करोड़ की निकासी

**नई दिल्ली।** दो महीनों में भारतीय बाजार में निवेश करने वाले विदेशी निवेशक (एफपीआई) अब शुद्ध विक्रेता बन गए हैं। उन्होंने अगस्त में इक्विटी बाजार से 13,400 करोड़ से अधिक की निकासी की है। येन कैरी ट्रेड को खत्म करने और अमेरिका में मंदी की आशंकाओं के बीच एफपीआई ने यह निकासी की है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि इस साल अब तक एफपीआई ने भारतीय इक्विटी बाजार में 22,134 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है।

## एलआईसी बाजार में 1.30 लाख करोड़ करेगी निवेश

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक सिद्धार्थ मोहंती ने कहा है कि बीमा कंपनी चालू वित्त वर्ष में शेयरों में 1.30 लाख करोड़ का नया निवेश करने पर विचार कर रही है। एलआईसी ने 2024-25 में अप्रैल-जून के दौरान शेयरों में 38,000 करोड़ का निवेश किया है। एक साल पहले इसी अवधि में यह राशि 23,300 करोड़ थी। एलआईसी ने इक्विटी में निवेश से 15,500 करोड़ का लाभ कमाया। उसका निवेश से लाभ तिमाही आधार पर 13.5% रहा। मोहंती ने कहा कि एलआईसी ने 2023-24 में 1.32 लाख करोड़ का निवेश किया था। जून के अंत तक एलआईसी के निवेश का बाजार मूल्य 15 लाख करोड़ था।

## करदाताओं को धमकाने की बजाय मार्गदर्शन करें आयकर विभाग के अधिकारी : सीबीडीटी

- भारत में आयकर व्यवस्था के 164 वर्ष पूरे होने पर सीबीडीटी के चेयरमैन ने दी सलाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने कहा है कि आयकर विभाग के अधिकारियों को करदाताओं के साथ व्यवहार करते समय डराने-धमकाने के बजाय सलाह देने का नजरिया अपनाना चाहिए। अधिकारियों को जिम्मेदार, उत्तरदायी, पारदर्शी दिखने के लिए नए सिरे से प्रयास करने चाहिए।

अग्रवाल ने सुझाव दिया कि भारत में आयकर व्यवस्था के 164 वर्ष पूरे होने पर कर अधिकारियों को विवेकपूर्ण दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। सीबीडीटी प्रमुख ने हाल ही में 24 जुलाई को मनाए गए 165वें आयकर दिवस पर ऑनलाइन वीडियो संवाद सत्र द चेयरमैन स्पीक्स के माध्यम से सहकर्मियों से बात की। उन्होंने कहा कि कर विभाग में परिवर्तन हुए हैं, प्रौद्योगिकी को अपनाया गया है, करदाताओं का आधार बढ़ाया गया है और इसका स्वरूप प्रवर्तन और विरोधात्मक विभाग से बदलकर काफी हद तक सेवा विभाग बन गया है जो गैर-हस्तक्षेपकारी कर प्रशासन के माध्यम से कर अनुपालन में सहायता करता है।

# जून में कोयला आयात 5.7% बढ़कर 7.52 करोड़ टन पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत का कोयला आयात 5.7% बढ़कर 7.52 करोड़ टन पहुंच गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 7.11 करोड़ टन कोयला आयात हुआ था। ई-कॉमर्स मंच एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड के मुताबिक, जून में देश का कोयला आयात भी 6.59% बढ़कर 2.29 करोड़ टन रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 2.15 करोड़ टन कोयला आयात हुआ था।

एमजंक्शन के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी विनय वर्मा ने कहा कि उपलब्ध अधिशेष कोयले और मानसून के दौरान औद्योगिक गतिविधियों में सुस्ती को देखते हुए आने वाले महीने में आयात की मांग कम रह सकती है। जून 2024 के दौरान कुल आयात में से गैर-कोकिंग कोयले का आयात 1.41 करोड़ टन रहा, जो पिछले साल जून में आयात किए गए 1.32 करोड़ टन से अधिक है। कोकिंग कोयले का आयात 54.5 लाख टन रहा, जबकि जून 2023 में 53.3 लाख टन आयात किया गया था।



## भारतीय संभावनाओं को लेकर लेम्बोर्गिनी ने लगाया बड़ा दांव

**नई दिल्ली।** इटली की सुपर लग्जरी वाहन विनिर्माता ऑटोमोबाइल लेम्बोर्गिनी को भारत में तेजी से वृद्धि की उम्मीद है। कंपनी ने कहा कि भारत में एशिया प्रशांत क्षेत्र में शीर्ष बाजार बनने की क्षमता है। लैम्बोर्गिनी के एशिया प्रशांत क्षेत्र के निदेशक फ्रांसिस्को स्कार्डाओनी ने कहा कि कंपनी ने 2023 में रिकॉर्ड 103 गाड़ियां बेची थीं और उनकी इच्छा 2026 में सालाना बिक्री का आंकड़ा 150 पार करने की है। स्कार्डाओनी ने कहा कि मात्रा के मामले में भारत दुनिया में 14वें नंबर पर है और एशिया प्रशांत क्षेत्र में छठे नंबर पर है। साल 2023 में लैम्बोर्गिनी ने वाहन बिक्री में दुनियाभर में 10,000 का आंकड़ा पार किया था और भारत में 100 से ज्यादा गाड़ियां बेची थीं। 2024 की पहली छमाही में कंपनी की वाहन बिक्री में दुनियाभर में और भारत में वृद्धि हुई है।

# फोकस्ड म्यूचुअल फंड का संपत्ति आधार 31% बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- फोकस्ड फंड को सेबी ने अधिकतम 30 शेयरों में निवेश की दी है अनुमति

सीमित शेयरों में निवेश करने वाले फोकस्ड म्यूचुअल फंड निवेशकों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। इस श्रेणी का परिसंपत्ति आधार चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 31% बढ़कर 1.43 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

फोकस्ड म्यूचुअल फंड इक्विटी म्यूचुअल फंड है जो सीमित या कम संख्या में शेयरों में निवेश करता है। सेबी की तरफ से फोकस्ड फंड को अधिकतम 30 शेयरों में निवेश की अनुमति के निर्देश हैं। उद्योग जगत के आंकड़ों से पता चलता है कि इन्वेस्को इंडिया फोकस्ड फंड, महिंद्रा मनुलाइफ फोकस्ड फंड, जेएम फोकस्ड फंड और एचडीएफसी फोकस्ड 30 फंड जैसे कुछ फोकस्ड फंड ने पिछले साल में 40-60% तक का रिटर्न दिया है। फोकस्ड म्यूचुअल फंड के फंड मैनेजर को शेयरों के चयन में बेहद सजगता दिखानी होती है क्योंकि उन्हें किसी विशिष्ट बाजार मूल्यांकन या क्षेत्र के प्रति पूर्वाग्रह के बिना बाजार में सर्वोत्तम निवेश अवसरों की पहचान करनी होती है।

## आपूर्ति बढ़ने से इस्पात की कीमतें तीन साल के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** आयात बढ़ने से घरेलू इस्पात की कीमतें तीन साल के निचले स्तर पर हैं। बाजार शोध कंपनी बिगमिंट ने कहा कि हॉट रोल्ड कॉइल्स (एचआरसी) की कीमत गिरकर 51,000 रुपये प्रति टन हैं जो अप्रैल, 2022 में 76,000 रुपये थीं। कोल्ड रोल्ड कॉइल्स (सीआरसी) की कीमत अप्रैल, 2022 में 86,300 रुपये प्रति टन से गिरकर 58,200 रुपये हो गई है। इन कीमतों में 18% जीएसटी नहीं है। बिगमिंट ने कहा कि भारत में एचआरसी और सीआरसी की दरें तीन साल के निचले स्तर पर कारोबार कर रही हैं।




# पेरिस ओलंपिक 2024



## खेल डायरी

### ऑस्ट्रेलिया 'ए' ने भारत 'ए' को सात विकेट से हराया



**ब्रिसबेन।** ताहिला मैकग्रा की नाबाद अर्धशतकीय पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया महिला 'ए' टीम ने रविवार को यहां तीसरे और अंतिम टी-20 क्रिकेट मैच में भारत 'ए' को सात विकेट से हराकर शृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले दो मैच क्रमश: पांच रन और आठ विकेट से जीते थे। भारत के 121 रन के छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की ताहिला ने 22 गेंद में नाबाद 51 रन की पारी के बदौलत सिर्फ 13 .5 ओवर में तीन विकेट पर 121 रन बनाकर जीत दर्ज की। ताहिला ने चार्ली नॉट (19) के साथ तीसरे विकेट के लिए 48 रन भी जोड़े। सलामी बल्लेबाज ताहिला विल्सन (39) ने भी उपयोगी पारी खेली। इससे पहले किरण नवगिरे (38) ही टिककर बल्लेबाजी कर पाईं जिससे भारत 'ए' आठ विकेट पर 120 रन ही बना सका। कप्तान मीनू मनि ने 22 रन का योगदान दिया। भारत ने 47 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे जिससे टीम उबरने में नाकाम रही। किरण और मीनू ने छठे विकेट के लिए 57 रन जोड़कर टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से निकोला हैंकॉक, ग्रेस पार्सन्स और मैटलन ब्राउन ने दो-दो विकेट लिए। भारत 'ए' 22 अगस्त से एकमात्र अनौपचारिक टेस्ट से पहले मेजबान टीम के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैच की शृंखला खेलेगा।

### कोच की बचाई जान, रिंग में उज्बेकिस्तान का दबदबा



**पेरिस।** उज्बेकिस्तान के प्रिय मुख्य मुक्केबाजी कोच तुलकिन किलिचेव को पेरिस ओलंपिक में अपनी टीम के पहले स्वर्ण पदक का जश्न मनाने के बाद ब्रिटेन के ट्रेनिंग स्टाफ के दो सदस्यों ने दिल का दौरा पड़ने से बचाया। देश के मुक्केबाजों ने इसकी पुष्टि की। उज्बेकिस्तान की टीम ने पेरिस खेलों में पांच स्वर्ण पदक जीते जो 20 वर्षों में किसी भी ओलंपिक टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस तरह किलिचेव के मुक्केबाजों ने अपने कोच को जश्न मनाने का मौका दिया जो पेरिस के एक अस्पताल में भर्ती हैं। बखोदिर जलोलोव ने अपना दूसरा सुपर हैवीवेट स्वर्ण पदक जीतने के बाद कहा, किलिचेव वास्तव में एक कोच या पिता से कहीं अधिक हैं। वह हमेशा मेरे दिल में रहे हैं। ग्रेट ब्रिटेन मुक्केबाजी के अनुसार टीम के डॉक्टर हरज सिंह और फिजियोथेरेपिस्ट रॉबी लिलीस ने किलिचेव को जानलेवा संकट में पाया। उन्होंने कोच को सीपीआर दिया और लिलीस ने डिफाइब्रिलेटर (हृदय गति सामान्य करने के लिए इस्तेमाल होने वाली मशीन) का भी इस्तेमाल किया। जलोलोव ने कहा कि किलिचेव पिछले दो दिन से टीम के संपर्क में हैं और उनके मुक्केबाजों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया।

### सिफान हसन ने जीती ओलंपिक की महिला मैराथन

**पेरिस।** सिफान हसन ने रविवार को यहां पेरिस खेलों में ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ महिला वर्ग की मैराथन रेस जीत ली। उन्होंने दो घंटे, 22 मिनट और 55 सेकेंड का समय निकालकर ओलंपिक रिकॉर्ड बनाया और टिग्स्ट असेफा को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया। यह सिफान हसन का पेरिस ओलंपिक में तीसरा पदक है। उन्होंने 5,000 और 10,000 मीटर का भी कांस्य पदक जीता है। असेका को रजत और कीनिया की हेलेन ओबिरी ने कांस्य पदक अपने नाम किया। सिफान हसन इस तरह छह ओलंपिक पदक जीत चुकी हैं। उन्होंने तोक्यो ओलंपिक में 5,000 मीटर और 10,000 मीटर रेस जीती थी जबकि 1500 मीटर में तीसरे स्थान पर रही थीं। परंपरा को तोड़ते हुए पहली बार महिला ओलंपिक मैराथन अंतिम दिन कराई गई जबकि पहले पुरुष मैराथन कराई जाती थी।

## विनेश कम से कम रजत पदक की हकदार: गांगुली

कोलकाता, एजेंसी



- पूर्व भारतीय कप्तान बोले- विनेश के साथ पेरिस में अच्छा नहीं हुआ

भारत के पूर्व क्रिकेट कप्तान सौरव गांगुली ने रविवार को पहलवान विनेश फोगाट को अपना समर्थन देते हुए कहा कि वह पेरिस ओलंपिक में 50 किग्रा फ्रीस्टाइल फाइनल में जगह बनाने के बाद कम से कम रजत पदक की हकदार हैं।

भारत की 29 साल की इस पहलवान को ओलंपिक महिला 50 किलोग्राम कुश्ती के फाइनल मुकाबले से पहले 100 ग्राम वजन अधिक होने के कारण अयोग्य करार दिया गया था। इससे विनेश का ओलंपिक चैम्पियन बनने का सपना टूट गया और उन्होंने कश्ती से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। गांगुली ने यहां कोलकाता फूड फेस्टिवल के इतर इस बारे में पूछे जाने पर कहा मैं सटीक नियम नहीं जानता, लेकिन मैं समझता हूं कि जब वह फाइनल में पहुंची तो उसने ठीक से क्वालीफाई किया होगा। जब आपने फाइनल में जगह बना ली तब आप स्वर्ण या रजत पदक ही जीतते हैं। उसे गलत तरीके से अयोग्य घोषित किया गया था या नहीं, मुझे नहीं पता, लेकिन वह कम से कम रजत पदक की हकदार है। पहलवान ने खेल पंचाट (सीएएस) में दायर अपील में लोपेज के साथ संयुक्त रजत की मांग की है।

## भारत में प्रतिस्पर्धा करना सपना : नीरज

नई दिल्ली, एजेंसी



- पेरिस ओलंपिक के रजत विजेता बोले- कुछ क्षेत्रों पर अभी काम करना है बाकी
- अंतर्राष्ट्रीय सितारों के साथ अपने देश में खेल पाना होगा अच्छा अनुभव

स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को उम्मीद है कि पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने के बाद वह जल्द ही भारत में अन्य प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करते दिखेंगे। नीरज ने पेरिस में 89.45 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता जबकि पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 92.97 मीटर तक भाला फेंककर ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स 88.54 मीटर के थ्रो से तीसरे स्थान पर रहे। स्पर्धा में जूलियन वेबर, याकूब वाडलेच और जूलियस येगो जैसे कुछ शीर्ष खिलाड़ी भी प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। नीरज ने ओलंपिक.कॉम द्वारा प्रशंसकों के साथ आयोजित एक बातचीत सत्र के दौरान कहा भारत में अन्य अंतर्राष्ट्रीय सितारों के साथ प्रतिस्पर्धा करना मेरा सपना है। उम्मीद है कि भारत में जल्द ही एक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता होगी और मैं ऐसा कर पाऊंगा। तोक्यो में स्वर्ण के बाद पेरिस में रजत पदक के साथ लगातार दूसरा ओलंपिक पदक जीतने वाले नीरज ने कहा कि वह अपने खेल के कुछ क्षेत्रों पर काम करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा मैं अब एक नए सत्र में प्रवेश कर रहा हूं इसलिए मेरे पास ट्रेनिंग विधियों या तकनीक को बदलने के लिए इतना समय नहीं है। लेकिन मुझे कुछ क्षेत्रों में सुधार करने की उम्मीद है, खासकर भाला फेंकने की लाइन में। भाला फेंकने का सही कोण ताकि मुझे अपने थ्रो में अधिक शक्ति मिले। मैं निश्चित रूप से इस पर काम करूंगा। इस भारतीय खिलाड़ी ने कहा कि पेरिस खेलों में शारीरिक रूप से सर्वश्रेष्ठ स्थिति में नहीं होने के बावजूद वह फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहते थे। उन्होंने कहा शरीर काफी अच्छी स्थिति में नहीं था। लेकिन जब अरशद ने वह थ्रो किया...मैं अपना सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाया क्योंकि मेरे दिमाग में यह विचार था कि मुझे सर्वश्रेष्ठ थ्रो करना है क्योंकि प्रतिस्पर्धा पहले से ही बहुत कठिन हो गई थी। नीरज और नदीम की माताएं एक-दूसरे के बेटे पर स्नेह बरसाकर सोशल मीडिया पर छा गईं। नीरज ने कहा, मुझे उम्मीद है कि मनु और भी कई प्रतियोगिताओं में खेलेगी, देश के लिए और भी कई पदक लाएगी और पदक का रंग भी बदलेगी।

# उम्मीदों से हल्का रहा ओलंपिक

## पेरिस ओलंपिक में नहीं मिला स्वर्ण, छह पदकों के साथ 71वें स्थान पर रहा भारत



**पदक तालिका**

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| अमेरिका | 40 | 44 | 42 | 126 |
| चीन | 40 | 27 | 24 | 91 |
| जापान | 20 | 12 | 13 | 45 |
| ऑस्ट्रेलिया | 18 | 19 | 16 | 53 |
| फ्रांस | 16 | 26 | 22 | 64 |
| नीदरलैंड | 15 | 7 | 12 | 34 |
| ग्रेट ब्रिटेन | 14 | 22 | 29 | 65 |
| द. कोरिया | 13 | 9 | 10 | 32 |
| इटली | 12 | 13 | 15 | 40 |
| जर्मनी | 12 | 13 | 8 | 33 |
| भारत | 0 | 1 | 5 | 6 |

पेरिस, एजेंसी

पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों में 40 स्वर्ण पदक के साथ अमेरिका और चीन ने दबदबा कायम रखा वहीं अमेरिका 40 स्वर्ण पदक के साथ पहले स्थान पर रहा। वहीं कुल पदकों के मामले में अमेरिका 126 पदकों के साथ एकमात्र शतकवीर रहा। अमेरिका ने 40 स्वर्ण, 44 रजत और 42 कांस्य सहित कुल सर्वाधिक 126 पदक जीते।

इसी तरह चीन 40 स्वर्ण, 27 रजत और 24 कांस्य पदकों सहित कुल 91 पदक के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर रहा। इसके बाद तीसरे स्थान पर जापान ने 20 स्वर्ण , 12 रजत एवं 13 कांस्य पदक के साथ कुल 45 पदक जीते। भारत पदक तालिका में कुल छह पदकों के साथ 71वें स्थान पर रहा है। भारत ने एक रजत एवं पांच कांस्य पदक जीते है। टोक्यो ओलंपिक 2020 में भारत को कुल सात पदक मिले थे। भारत के लिए पेरिस 2024 में निशानेबाजी में मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग में कांस्य पदक जीतकर देश को पहला पदक दिलाया। मनु भाकर ने पेरिस खेलों में इतिहास रच दिया और वह एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनीं।

### समापन समारोह से पहले एफिल टॉवर पर चढ़ा व्यक्ति



**पेरिस।** एक व्यक्ति को रविवार को यहां ओलंपिक समापन समारोह से कुछ घंटे पहले पेरिस के ऐतिहासिक एफिल टॉवर पर चढ़ते देखा गया जिसके बाद अधिकारियों ने आइफिल टॉवर को खाली करा दिया। एक व्यक्ति को बिना शर्ट पहने दोपहर में 330 मीटर (1,083 फीट) ऊंचे टॉवर पर चढ़ते देखा गया। यह स्पष्ट नहीं है कि उसने अपनी चढ़ाई कहां से शुरू की, लेकिन उसे टॉवर के दूसरे हिस्से में लगे ओलंपिक रिंग्स के ठीक ऊपर देखा गया। समापन समारोह रात 9 बजे से आइफिल टॉवर से काफी दूर सेंट डेनिस में स्टेड डी फ्रांस में शुरू होना है।



अमृतसर के स्वर्ण मंदिर पहुंचने के बाद लोगों से मिलते हॉकी टीम के खिलाड़ी।

## कांस्य विजेता टीम पहुंची अमृतसर के स्वर्ण मंदिर

चंडीगढ़, एजेंसी

- भारतीय हॉकी खिलाड़ियों का परिवार और प्रशंसकों ने किया गर्मजोशी से स्वागत

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के सदस्यों का रविवार को अमृतसर हवाई अड्डे पर परिवार के सदस्यों और उत्साही प्रशंसकों ने ढोल बजाकर जश्न मनाते हुए जोरदार स्वागत किया। पेरिस खेलों में स्पेन को 2-1 से हराकर भारत ने ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक जीता। खिलाड़ियों के विमान से उतरने के तुरंत बाद परिवार के सदस्यों ने उनका फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल और कांग्रेस सांसद गुरजीत सिंह औजला जैसे राज्य के राजनेताओं ने खिलाड़ियों को बधाई दी। बाद में खिलाड़ी प्रार्थना करने के लिए स्वर्ण मंदिर गए।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह स्वागत से अभिभूत थे और उन्होंने भविष्य में अपने प्रदर्शन को बेहतर करने की उम्मीद जताई। अमृतसर के तिम्मोवाल गांव के रहने वाले हरमनप्रीत ने कहा हम भविष्य में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे, ताकि इस खेल को और अधिक प्यार मिले। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी को प्यार से सरपंच कहा जाता है।

हरमनप्रीत ने कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि उन्हें इस भारतीय टीम का नेतृत्व करने का मौका मिला। उन्होंने समाज को एक व्यापक संदेश में युवाओं से खेल को अपनाने, अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने और नशीली दवाओं से दूर रहने का आग्रह किया। हरमनप्रीत के साथ राज्य के अन्य खिलाड़ी जैसे मनदीप सिंह, मनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, शमशेर सिंह, गुरजंत सिंह और हार्दिक सिंह भी पहुंचे।

## दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को दिया 298 रनों का लक्ष्य

पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी

- दक्षिण अफ्रीका ने 173 रन पर की पारी घोषित, पहली पारी में 233 पर ऑलआउट हुई विंडीज

दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट मैच के पांचवें दिन दूसरी पारी को तीन विकेट पर 173 रन पर पारी घोषित कर वेस्टइंडीज को जीत के लिए 298 रनों का लक्ष्य दिया। दक्षिण अफ्रीका ने आज दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 30 रन से आगे खेलना शुरु किया। टोनी डीजॉर्जी 45 रन एवं एडन मारक्रम 38 रन बनाकर आउट हुए। दोनों ही बल्लेबाजों को जोमेल वारिकन ने आउट किया।

ट्रिस्टन स्टब्स ने 68 रनों की शानदार पारी खेली। स्टब्स के बाद दक्षिण अफ्रीका ने तीन विकेट पर 173 रन पर पारी घोषित कर दी, और वेस्टइंडीज को पहली पारी की 124 रनों की बढ़त और दूसरी के 173 रनों के आधार पर जीत के लिए 298 रनों का लक्ष्य दिया। वेस्टइंडीज की ओर से जोमेल वारिकन ने दो विकेट लिये। वहीं केमार रोच ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के महाराज और कगिसो रबाडा ने बेहतरीन गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए वेस्टइंडीज को पहली पारी में 233 रन पर समेट दिया था।

## पोडियम पर जगह चाहेंगे प्रज्ञानानंदा

सेंट लुई (अमेरिका), एजेंसी




- सेंट लुई रेपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा यहां शुरू हो रहे सेंट लुई रेपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में एक बार फिर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों से भिड़ेंगे। हाल के टूर्नामेंट में प्रदर्शन में थोड़ी गिरावट के बावजूद प्रज्ञानानंदा ग्रैंड शतरंज टूर की अंतिम तालिका में पोडियम पर जगह बनाना चाहेंगे। इससे उन्हें बोनस नकद पुरस्कार राशि भी मिलेगी।

अब तक के समग्र टूर परिणामों में तीसरे स्थान पर चल रहे प्रज्ञानानंदा के पास अपनी स्थिति सुधारने के लिए लगातार दो टूर्नामेंट हैं। वह रेपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट के तुरंत बाद वह सिंकफील्ड कप में हिस्सा लेंगे जहां उनके साथ हमवतन और विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश भी चुनौती पेश करेंगे। रोमानिया के बुखारेस्ट और क्रोएशिया के जाग्रेब में दो लगातार जीत के साथ पिछले साल के टूर विजेता अमेरिका के फैबियानो करुआना 22.25 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा 17.58 अंक के साथ दूसरे जबकि प्रज्ञानानंदा 16.25 अंक के साथ तीसरे पायदान पर हैं। गुकेश भी उनसे बहुत पीछे नहीं हैं। वह 14.25 अंक जुटाकर चौथे स्थान पर हैं लेकिन उनके लिए समस्या यह है कि उनके पास केवल एक ही प्रतियोगिता बची है जबकि शीर्ष तीन खिलाड़ी सभी चार प्रतियोगिताओं में खेलेंगे। यहां रेपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में रूस के इयान नेपोमनियाची, फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर-लाग्रेव, उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव और अमेरिका के वेस्ली सो जैसे खिलाड़ी एक बार फिर नजर आएंगे। अन्य तीन प्रतिभागी वाइल्ड कार्ड हैं जिनमें लेवोन, हिकारू नाकामुरा और लेनियर की अमेरिकी तिकड़ी शामिल है। इसमें इन 10 खिलाड़ियों के बीच नौ रेपिड और 18 ब्लिट्ज बाजियां होंगी।

## खलीफ ने ऑनलाइन उत्पीड़न के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

पेरिस, एजेंसी



- खलीफ के खिलाफ द्वेषपूर्ण नस्लवादी और लिंगवादी अभियान बताया

ओलंपिक मुक्केबाजी चैंपियन इमाने खलीफ ने पेरिस ओलंपिक के दौरान अपनी लिंग जांच के झूठे दावों के साथ ऑनलाइन उत्पीड़न के खिलाफ फ्रांस में कानूनी शिकायत दर्ज की है। उनके वकील ने रविवार को यह जानकारी दी। खलीफ महिला वेल्टरवेट वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर अपने देश अल्जीरिया के लिए बड़ी हस्ती बन गईं।

वकील नबील बौदी ने कहा कि ऑनलाइन नफरत फैलाने वाले पोस्ट और भाषण से निपटने के लिए पेरिस अभियोजक के कार्यालय में शुक्रवार को शिकायत दर्ज की गई थी, जिसमें खलीफ को निशाना बनाकर गंभीर साइबर उत्पीड़न का आरोप लगाया गया था। उन्होंने इसे खलीफ के खिलाफ महिला द्वेषपूर्ण, नस्लवादी और लिंगवादी अभियान बताया। अब यह अभियोजकों पर निर्भर है कि वे जांच शुरू करें या नहीं। फ्रांस की कानून में इस तरह की शिकायत में किसी कथित अपराधी का नाम नहीं होता है, लेकिन यह जांचकर्ताओं पर छोड़ दिया जाता है कि वह यह निर्धारित करें कि गलती किसकी हो सकती है। खलीफ ने शुरुआती मैच में इटली की प्रतिद्वंद्वी एंजेला कारिनी के मुकाबले के महज 46 सेकेंड बाद हटने से जीत दर्ज की थी।

## सेमीफाइनल में पहुंचे रूबलेव

मांट्रियल, एजेंसी



पांचवें वरीय आंद्रे रूबलेव ने शनिवार को यहां शीर्ष वरीय गत चैंपियन यानिक सिनर को कड़े मुकाबले में 6-3, 1-6, 6-2 से हराकर वर्षा से प्रभावित नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

रूबलेव ने इससे पहले शनिवार को ही ब्रेंडन नाकाशिमा को 6-2, 6-2 से हराया था जबकि सिनर ने एलेजांद्रो तेबिलो को 6-4, 6-3 से शिकस्त दी थी। उष्णकटिबंधीय तूफान डेबी के कारण हुई बारिश से बृहस्पतिवार रात और शुक्रवार को मैच नहीं खेले जा सके थे और इन्हें शनिवार को खेला गया। टूर्नामेंट अब रविवार की जगह सोमवार को खत्म होगा।

### सबालेंका को हराकर सेमीफाइनल में एनिसिमोवा

**टोरंटो।** अमांडा एनिसिमोवा ने शनिवार को यहां उलटफेर करते हुए दूसरी वरीय एरिना सबालेंका को सीधे सेट में 6-2, 6-2 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। एनिसिमोवा की शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ी के खिलाफ लगभग दो साल में यह पहली जीत है। इस 22 वर्षीय ने पिछले साल टेनिस से मानसिक स्वास्थ्य ब्रेक लिया था। एनिसिमोवा ऑल अमेरिकन सेमीफाइनल में आठवीं वरीय एम्मा नवारो से भिड़ेंगी। नवारो ने साथी अमेरिकी खिलाड़ी टेलर टाउनसेंड को 6-3, 7-6 से शिकस्त दी। तीसरी वरीय गत चैंपियन जेसिका पेगुला ने एक अन्य ऑल अमेरिकी क्वार्टर फाइनल में पेटोन स्टर्न्स को 6-4, 7-5 से शिकस्त दी।

## कांगो के धावक मुलांबा मिले डोपिंग जांच में पॉजिटिव

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह के लिए कांगो के ध्वजवाहकों में से एक फर्राटा धावक डोमिनिक लास्कोनी मुलांबा को एनाबॉलिक स्टेरॉयड के इस्तेमाल का दोषी पाया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय जांच एजेंसी (आईटीए) ने रविवार को यह जानकारी दी। आईटीए ने कहा कि 100 मीटर फर्राटा दौड़ में प्रतिस्पर्धा करने वाले मुलांबा ने जो नमूना दिया था उसकी जांच में प्रतिबंधित पदार्थ स्टैनोजोलोल मेटाबोलाइट की पुष्टि हुई है। इस 22 साल के एथलीट को फिलहाल निलंबित कर दिया गया है और वह रविवार को समापन समारोह में भाग नहीं ले पायेगा। पेरिस ओलंपिक में डोपिंग का यह चौथा मामला है।

## बिंद्रा को मिला ओलंपिक ऑर्डर सम्मान

पेरिस, एजेंसी

- ओलंपिक आंदोलन में विशिष्ट योगदान के लिए अभिनव को दिया गया पुरस्कार, 2008 ओलंपिक खेलों हासिल किया स्वर्ण पदक



### खेल को बढ़ावा देने के लिए दिया जाता है अवॉर्ड

1975 में स्थापित ओलंपिक ऑर्डर, ओलंपिक आंदोलन का सर्वोच्च पुरस्कार है। यह ओलंपिक के दौरान या इसको कराने में विशिष्ट योगदान के लिए प्रदान किया जाता है। यानी खेल को बढ़ावा देने के लिए योग्य प्रयासों के आधार पर लोगों को चुना जाता है और उन्हें सम्मानित किया जाता है। यह सम्मान आईओसी प्रत्येक ओलंपिक खेलों के समापन समारोह में मुख्य राष्ट्रीय आयोजकों को ओलंपिक ऑर्डर प्रदान करता है।

भारतीय निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को ओलंपिक आंदोलन में उनके 'विशिष्ट योगदान' के लिए प्रतिष्ठित ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित किया गया। बीजिंग 2008 ओलंपिक खेलों में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल करके भारत के पहले ओलंपिक व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता बने बिंद्रा को शनिवार को यहां अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के 142वें सत्र के दौरान यह सम्मान प्रदान किया गया।

बिंद्रा ने कहा जब मैं छोटा था तो ये ओलंपिक रिंग्स ही थे, जिन्होंने मेरे जीवन को अर्थ दिया और दो दशक से अधिक समय तक अपने ओलंपिक सपने को पूरा करने में सक्षम होना मेरे लिए सौभाग्य की बात थी। खिलाड़ी के तौर पर अपने करियर के बाद, ओलंपिक आंदोलन में योगदान देने की कोशिश करना मेरे लिए बहुत बड़ा जुनून रहा है। यह मेरे लिए सौभाग्य और सम्मान की बात है। आईओसी खिलाड़ी आयोग के उपाध्यक्ष 41 वर्षीय बिंद्रा ने कहा कि यह पुरस्कार उन्हें और भी अधिक मेहनत करने और ओलंपिक आंदोलन में योगदान देने के लिए प्रेरित करेगा। वर्ष 1975 में स्थापित ओलंपिक ऑर्डर ओलंपिक आंदोलन का सर्वोच्च पुरस्कार है। यह ओलंपिक आंदोलन में विशिष्ट योगदान के लिए दिया जाता है। बिंद्रा ने सिडनी 2000 से पांच ओलंपिक में हिस्सा लिया। उन्होंने पहली बार एथेंस 2004 में अपनी छाप छोड़ी जब उन्होंने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल के फाइनल में जगह बनाई। बीजिंग 2008 में उन्होंने चीन के गत चैंपियन झू किनान को हराकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने रियो 2016 में भी फाइनल में जगह बनाई लेकिन चौथे स्थान पर रहे। बिंद्रा 2018 से आईओसी खिलाड़ी आयोग का हिस्सा हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा।)

## एक नजर

### क्रांतिकारियों पर लिखी पुस्तक का विमोचन

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद भीम सिंह की क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानियों पर लिखी पुस्तक का रविवार को विमोचन किया। उपसभापति ने आजादी के लिए संघर्ष में कम चर्चित नामों को सामने लाने के लिए लेखक की सराहना भी की।

### तुर्किये ने इंस्टाग्राम पर लगाया प्रतिबंध हटाया

**इस्तांबुल।** तुर्किये ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम तक उपयोगकर्ताओं की पहुंच शनिवार को बहाल कर दी। देश के सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी प्राधिकरण ने दो अगस्त को बिना कोई विशेष कारण बताए इंस्टाग्राम तक पहुंच प्रतिबंधित कर दी थी।

### केरल के पूर्व मंत्री अहमद कुट्टी का निधन

**मलप्पुरम।** इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के वरिष्ठ नेता कुट्टी अहमद कुट्टी का उम्र संबंधी बीमारियों की वजह से यहां तनूर स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। वह 71 साल के थे। तीन बार के पूर्व विधायक ने विधानसभा में तनूर और तिरुरांगडी का प्रतिनिधित्व किया था।

### युगांडा में कूड़े के ढेर में दबने से 18 की मौत

**कंपाला।** युगांडा की राजधानी में कूड़े का ढेर ढहने की घटना में 18 लोगों की मौत हो गई। कंपाला कैपिटल सिटी अथॉरिटी ने बताया कि शुक्रवार देर रात किटेजी में कूड़े के ढेर में दबने से 14 अन्य लोग घायल हो गए।

### भारत-द.अफ्रीका निभा सकते हैं महत्वपूर्ण भूमिका

**जोहान्सबर्ग।** भारत में अफ्रीकी राष्ट्र के नवनियुक्त राजदूत अनिल सूकलाल ने कहा कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच विशेष संबंध हैं जिनमें हर स्तर पर संभावनाएं हैं और उम्मीद जताई कि दोनों देश वैश्विक मंच पर नेतृत्व प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। भारत में दक्षिण अफ्रीका के राजदूत नियुक्त होने वाले भारतीय मूल के पहले व्यक्ति सूकलाल ने अपनी नियुक्ति के सम्मान में आयोजित एक समारोह में यह बात कही।

### पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों को मिलेगी धार्मिक आजादी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के शीर्ष नागरिक एवं सैन्य नेतृत्व ने रविवार को अल्पसंख्यकों के अधिकारों व धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करने का संकल्प लिया। पाकिस्तान ने देश के संस्थापक एमए जिन्ना के ऐतिहासिक भाषण के सम्मान में वर्ष 2009 में 11 अगस्त को राष्ट्रीय अल्पसंख्यक दिवस के रूप में घोषित किया था। जिन्ना ने 11 अगस्त, 1947 को अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करने का वादा किया था।

### 13 साल के लड़के ने किया 5 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म

**भिवानी।** जिले के उचाना थाना क्षेत्र के एक गांव में 13 साल के एक लड़के ने पांच साल की एक बच्ची के साथ कथित रूप से दुष्कर्म किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पीड़िता की मां ने रविवार को उचाना थाने में शिकायत दी, जिसके बाद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

### पश्चिमी सूडान में झड़पों में 28 की मौत, 46 घायल

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान में उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी अल फशर पर शनिवार को अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के हमले में 28 नागरिक मारे गए और 46 अन्य घायल हो गए।


# नटवर सिंह : ऐसे शख्स, जिनकी हाजिर जवाबी और साफगोई ने लोकप्रिय बनाया

नई दिल्ली, एजेंसी

के. नटवर सिंह ऐसे शख्स थे, जिन्होंने कूटनीति और राजनीति के क्षेत्र में तो एक खास पहचान बनाई ही, लेकिन जब लेखन के क्षेत्र में उन्होंने हाथ आजमाए, तो वहां भी उन्हें काफी प्रशंसा मिली। इन खूबियों के अलावा उनके व्यक्तित्व की जिन खासियत ने उन्हें दशकों तक लोकप्रिय बनाए रखा, वह थी उनकी हाजिर जवाबी और साफगोई। नटवर सिंह की गिनती कांग्रेस के कद्दावर नेताओं में होती थी, लेकिन उनके पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ कभी बेहद घनिष्ट तो कभी बेहद तल्खी भरे रिश्ते रहे। उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और फिर उनके बेटे राजीव गांधी का बेहद खास या करीबी माना जाता था, लेकिन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के पहले कार्यकाल में उनके ऊपर कुछ आरोप लगे, जिसके बाद सोनिया गांधी के साथ पहले उनका मनमुटाव हुआ और फिर धीरे-धीरे रिश्ते तल्ख होते चले गए। नटवर सिंह को 1985 में राज्य मंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई और उन्हें इस्पात, कोयला एवं खान तथा कृषि मंत्रालय का कार्यभार सौंपा गया। 1986 में विदेश राज्य मंत्री का पद संभाला। 2004 में जब कांग्रेस पुनः सत्ता में आई तो नटवर सिंह विदेश मंत्री बने।

**पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के माने जाते थे बेहद खास**

### कूटनीतिक मामलों में थी मजबूत पकड़



नटवर सिंह का जन्म 1931 में राजस्थान के भरतपुर जिले में हुआ था। वह कैरियर डिप्लोमैट थे, लिहाजा जब वह राजनीति में आए तो उनके पास कूटनीतिक मामलों की समझ, पकड़ और अनुभवों की थाती भी साथ थी। नटवर सिंह 1953 में भारतीय विदेश सेवा के लिए चुने गए, लेकिन 1984 में उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने के लिए इस्तीफा दे दिया। उन्होंने चुनाव जीता और 1989 तक केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में सेवाएं दीं। जब 2004 में कांग्रेस सत्ता में आई, तो नटवर सिंह को विदेश मंत्री बनाया गया। इस दौरान, वह राजनीति के क्षेत्र में खुलकर सामने आए। हालांकि, 18 महीने बाद उन्हें पद से इस्तीफा देना पड़ा, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र की वोल्कर समिति ने उन्हें और कांग्रेस को इराकी तेल घोटाले में अवैध भुगतान के लाभार्थियों में नामित किया था।

### सोनिया से मनमुटाव के चलते कांग्रेस छोड़ी

पॉल वोल्कर की अध्यक्षता वाली जांच समिति ने तेल के बदले खाद्य कार्यक्रम में भ्रष्टाचार की जांच पर रिपोर्ट जारी की जिसमें कहा गया था कि नटवर सिंह के परिवार को तेल के बदले खाद्य कार्यक्रम में लाभ पहुंचाया गया। जांच रिपोर्ट के आने के बाद नटवर सिंह को पद से इस्तीफा देना पड़ा। उनके मन में इस बात की कसक थी कि सोनिया गांधी उनके बचाव में नहीं आईं और इन्हीं सब मनमुटाव के बीच नटवर सिंह ने कांग्रेस से भी इस्तीफा दे दिया। 2008 के मध्य में उन्होंने और उनके बेटे जगत बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में शामिल हो गए।

### कई देशों में दीं महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं

नटवर सिंह को कई युवा राजनयिक आदर्श मानते हैं और कई ने कूटनीति के क्षेत्र में शानदार मुकाम हासिल भी किया है। नटवर सिंह ने चीन, अमेरिका, पाकिस्तान और ब्रिटेन जैसे देशों में महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दीं। उन्हें 1983 में नई दिल्ली में आयोजित सातवें गुटनिरपेक्ष शिखर सम्मेलन का महासचिव और राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की बैठक का मुख्य समन्वयक भी नियुक्त किया गया था। नटवर सिंह ने मार्च 1982 से नवंबर 1984 तक विदेश मंत्रालय में सचिव के रूप में कार्य किया। उन्हें 1984 में देश के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। इसी साल वे कांग्रेस में शामिल हुए और राजस्थान के भरतपुर से लोकसभा पहुंचे।

### नटवर सिंह ने कई किताबें भी लिखीं

नटवर सिंह ने कई किताबें भी लिखीं, जिनमें 'द लिगेसी ऑफ नेहरू : अ मेमोरियल ट्रिब्यूट' और माई चाइना डायरी 1956-88 शामिल हैं। उनकी आत्मकथा 'वन लाइफ इज नॉट इनफ' को लोगों ने खूब पसंद किया। नटवर सिंह का जन्म भरतपुर रियासत में एक कुलीन जाट हिंदू परिवार में हुआ था, जो भरतपुर के शासक वंश से संबंधित था। उन्होंने मेयो कॉलेज, अजमेर और ग्वालियर के सिंधिया स्कूल से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की और फिर दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज से स्नातक की डिग्री ली।

### निधन के बाद अपने गांव में स्मारक बनाने की थी इच्छा

नटवर सिंह राजस्थान के भरतपुर जिले के जघीना गांव के रहने वाले थे। उनकी इच्छा थी कि उनके निधन के बाद गांव में स्मारक बनाया जाए, जिसके लिए उन्होंने अलग से 6 बीघा में जमीन खरीद रखी थी। उन्हें किताब पढ़ने का काफी शौक था और उनकी निजी लाइब्रेरी में 10 हजार से अधिक पुस्तकें हैं। नटवर सिंह को 14 भाषाओं का ज्ञान था और वे दोनों हाथों से लिखने में निपुण थे। गांव के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने न सिर्फ गांव में सड़क का निर्माण कराया, बल्कि 10वीं से 12वीं तक की पढ़ाई के लिए स्कूल भी बनवाया।

# सीमा पर बाड़बंदी, रात में निगरानी बढ़ाई

## बांग्लादेश में अशांति से मेघालय के सीमावर्ती क्षेत्रों के ग्रामीणों में चिंता

- लिंगखॉन्ग गांव के अधिकतर घर अंतर्राष्ट्रीय सीमा के हैं बेहद करीब

शिलांग, एजेंसी

बांग्लादेश में शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने और उनके देश छोड़ने के बाद फैली अशांति से मेघालय में अंतर्राष्ट्रीय सीमा से कुछ मीटर दूरी पर बसे एक गांव के लोग सीमा पार से घुसपैठ की आशंका को लेकर काफी चिंचित हैं। ईस्ट खासी हिल्स जिले के लिंगखॉन्ग गांव के लोग बांग्लादेश को उनके गांव से अलग करने वाली बांस की बाड़ को मजबूत करने में लगे हैं और रात भर जागकर निगरानी तक कर रहे हैं। इस गांव में 90 से अधिक लोग रहते हैं जिन्होंने सीमा पार से होने वाले मामूली अपराधों को रोकने के लिए सीमा पर बांस की बाड़ लगा दी थी।

लिंगखॉन्ग, मेघालय के उन क्षेत्रों में से एक है जहां भूमि सीमांकन संबंधी मुद्दों और अंतर्राष्ट्रीय सीमा स्तंभ या जीरो लाइन के 150 गज के भीतर बस्तियों के होने के कारण सीमा बाड़ का निर्माण नहीं किया जा सका। यहां अधिकतर घर अंतर्राष्ट्रीय सीमा के बेहद करीब हैं और यहां का एकमात्र फुटबॉल मैदान जीरो लाइन पर है, जहां बच्चे हर समय सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की निगरानी में खेलते हैं। इस गांव की निवासी 42 वर्षीय डेरिया खोंग्सदिर ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि पांच अगस्त को जब बांग्लादेश में हिंसा की घटनाएं बढ़ीं तो उस समय हम काफी चिंतित थे और रातभर सो नहीं पाए। हमें डर था कि बांग्लादेश में हमारे पड़ोसी हिंसक हो सकते हैं। राहत की बात रही कि बीएसएफ ने अपनी चौकसी बढ़ा दी।पूरी रात निगरानी के लिए जवान तैनात किए गए हैं।




बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा पर रांची में विरोध प्रदर्शन करते लोग।

### भारत में घुसपैठ करते 11 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और मेघालय में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के रास्ते भारत में घुसपैठ करने का प्रयास करते समय 11 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक प्रवक्ता ने रविवार को कहा कि उनसे पूछताछ की जा रही है और विस्तृत कानूनी कार्रवाई के लिए उन्हें राज्य की पुलिस को सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि बीएसएफ आपसी मुद्दों, विशेषकर भारतीय नागरिकों और बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों पर अत्याचार की रोकथाम के लिए अपने समकक्ष बीजीबी के साथ नियमित संपर्क में है।

### भ्रामक खबरों पर मीडिया संस्थानों को बंद करने की चेतावनी

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने दुष्प्रचार रोकने के उद्देश्य रविवार को मीडिया संस्थानों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उन्होंने झूठे या भ्रामक समाचार प्रकाशित या प्रसारित किए तो उन्हें बंद कर दिया जाएगा। अंतरिम सरकार के गृह मामलों के सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल (सेवानिवृत्त) एम. सखावत हुसैन ने राजारबाग केंद्रीय पुलिस अस्पताल में घायल पुलिसकर्मियों से मुलाकात के दौरान कहा कि जब मीडिया सच्चाई को सामने नहीं लाता तो राष्ट्र लड़खड़ा जाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मीडिया ने भ्रामक खबरें प्रसारित कीं तो उन्हें बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि मीडिया ने घटनाओं की सही खबर दी होती तो वर्तमान स्थिति से बचा जा सकता था।



**बम-बम भोले** श्रावण के पवित्र महीने में कांवड़ यात्रा के दौरान जयपुर में भगवान शिव की वेशभूषा में नृत्य करता एक कलाकार।

### रेफात अहमद बने बांग्लादेश के नए प्रधान न्यायाधीश

**ढाका।** सैयद रेफात अहमद ने रविवार को बांग्लादेश के नए प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। इससे एक दिन पहले ओबैदुल हसन ने प्रधान न्यायाधीश के पद से इस्तीफा दे दिया था। न्यायमूर्ति हसन के अलावा शीर्ष अदालत की अपीलीय डिवीजन के पांच न्यायाधीशों ने भी पद से इस्तीफा दे दिया था। अहमद ने स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 12 : 45 बजे राष्ट्रपति आवास के दरबार हॉल में एक समारोह में नए प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने उन्हें शपथ दिलाई। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

**बिधान रॉय, सुप्रोदीप बने अंतरिम सरकार के सलाहकार :** बांग्लादेश में बिधान रंजन रॉय पोद्दार और सुप्रोदीप चकमा ने अंतरिम सरकार की सलाहकार परिषद के सदस्य के रूप में रविवार को शपथ ली। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने राष्ट्रपति भवन 'बंगभवन' के दरबार हॉल में आयोजित एक समारोह में डॉ. पोद्दार और चकमा को पद की शपथ दिलाई। इस दौरान अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार डॉ. यूनुस मौजूद थे।

# राष्ट्रपति बनने पर टिप पर करों को खत्म करेंगी हैरिस

लास वेगास, एजेंसी



- लास वेगास में चुनावी रैली में डेमोक्रेटिक प्रत्याशी ने किया वादा

अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस ने शनिवार को जनता से वादा किया कि वह रेस्तरां कर्मचारियों और अन्य सेवा कर्मचारियों को दिए जाने वाले टिप पर लागू करों को समाप्त करने की दिशा में काम करेंगी। हैरिस से पहले उनके प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप भी अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान ऐसा ही वादा जनता से कर चुके हैं। हैरिस ने लास वेगास के नेवादा विश्वविद्यालय परिसर में एक रैली में यह घोषणा की। लास वेगास की अर्थव्यवस्था काफी हद तक होटल, रेस्तरां और मनोरंजन उद्योगों पर निर्भर है। ट्रंप ने भी जून में एक रैली में कमोबेश यही बात कही थी।

### ट्रंप की प्रचार टीम का ई-मेल हैक होने का दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव प्रचार अभियान की कमान संभाल रही टीम ने शनिवार को कहा कि उनके ई-मेल हैक किए गए हैं। दावा किया कि ईरान के लोग इन संवेदनशील आंतरिक दस्तावेज चुराने और उनके प्रसार में शामिल हैं। हालांकि, टीम ने ईरान की संलिप्तता को लेकर सीधे कोई सबूत नहीं दिया, लेकिन उसका यह दावा माइक्रोसॉफ्ट द्वारा एक रिपोर्ट जारी किए जाने के बाद आया है।

### रूसी हमले में कीव में एक बच्चे सहित दो लोगों की मौत

**कीव, एजेंसी।** रूस द्वारा यूक्रेन के कीव में शनिवार रात भर किए गए ड्रोन और मिसाइल हमले में चार वर्षीय लड़के सहित दो लोगों की मौत हो गई। यूक्रेन की राज्य आपातकालीन सेवा के अनुसार, रूस ने कीव के ब्रोवेरी जिले के एक आवासीय क्षेत्र में कई मिसाइलें दागीं, जिससे वहां इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं और इसके मलबे से 35 वर्षीय एक व्यक्ति और उसके बेटे का शव बरामद किया गया। रूस के हमले में जिले के अन्य तीन लोग घायल हो गए हैं। कीव सिटी मिलिट्री एडमिनिस्ट्रेशन के प्रमुख सेरही पोपको ने कहा कि रूस ने इस महीने में दूसरी बार कीव को निशाना बनाया है। पोपको ने कहा कि रूस की ओर से दागी गईं बैलिस्टिक मिसाइलें राजधानी तक नहीं पहुंच सकीं।

# भारत का प्रमुख साझेदार है मालदीव

- विदेशमंत्री ने पड़ोसी देश में किया कई परियोजनाओं का लोकार्पण

माले, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को कहा कि मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में भारत का एक प्रमुख साझेदार है तथा दोनों देश अपने सहयोग को आधुनिक साझेदारी में बदलने की आकांक्षा रखते हैं।

जयशंकर ने अड्डू पुनर्ग्रहण और तट संरक्षण परियोजना का हस्तांतरण समारोह और एक्जिम बैंक की ऋण सहायता के तहत भारत सरकार की मदद से बनाई गई 4-लेन डेटोर लिंक सड़क परियोजना के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। इस अवसर पर मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर भी मौजूद थे। जयशंकर ने कहा कि मालदीव हमारे लिए हिंद महासागर क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण साझेदार है। यह पड़ोसी प्रथम की हमारी नीति के केंद्र में है। इसलिए दोनों देशों के बीच सहयोग पारंपरिक भूमिका से आगे बढ़ गया है तथा आज वास्तव में एक आधुनिक साझेदारी बनने की आकांक्षा है। जयशंकर ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अड्डू में लगभग 22 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है।

### मुख्य विपक्षी दल ने भारत नीति में बदलाव को सराहा

मालदीव के मुख्य विपक्षी दल मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू नीत सरकार द्वारा अपनी भारत नीति में अचानक किए गए बदलाव का स्वागत किया और कहा कि माले इस बात को लेकर हमेशा आश्वस्त रहा है कि देश पर जब भी संकट आएगा और वह मदद के लिए पुकारेगा तो नई दिल्ली सबसे पहले सहायता करेगा। एमडीपी के अध्यक्ष अब्दुल्ला शाहिद ने शनिवार को यहां भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात के बाद यह बात कही।

### नेपाल से द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती पर बातचीत

**काठमांडू।** विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने रविवार को नेपाल के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की और विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को गति प्रदान करने के तरीकों पर चर्चा की। मिस्री ने काठमांडू में राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल से भारत-नेपाल संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। मिस्री ने प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से भी मुलाकात की और भारत-नेपाल के घनिष्ठ और बहुआयामी संबंधों पर जोर दिया। इससे पहले मिस्री और नेपाल के शहरी विकास मंत्रालय में सचिव मणिराम गेलल ने नेपाल भाषा परिषद के नए भवन का उद्घाटन किया।

### अरुणाचल सीमा पर कड़ी की गई सुरक्षा

**गुवाहाटी।** असम पुलिस ने उल्फा (आई) उग्रवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद अरुणाचल प्रदेश से सटी सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी है। एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को बताया कि अरुणाचल प्रदेश की सीमा के पास उग्रवादियों के डेरा डालने की खुफिया जानकारी मिली है। असम के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) जी.पी. सिंह ने यहां एक कार्यक्रम से इतर कहा कि खुफिया और स्थानीय एजेंसियों से मिली रिपोर्ट से पता चला है कि उल्फा (आई) समूह के सदस्य असम-अरुणाचल प्रदेश सीमा के पास डेरा डाले हुए हैं। उन्होंने कहा कि वे कोई हिंसक गतिविधि न कर सकें, इसके लिए सभी कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस, सेना, सीआरपीएफ समेत सभी सुरक्षा एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं।

## बॉलीवुड हलचल


### प्रियंका चोपड़ा की फिल्म द ब्लफ की शूटिंग पूरी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की आने वाली फिल्म द ब्लफ की शूटिंग पूरी हो गई है। प्रियंका चोपड़ा इन दिनों फिल्म द ब्लफ को लेकर चर्चा में हैं। प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर फिल्म द ब्लफ की शूटिंग से जुड़ी तस्वीरें शेयर की हैं और इसके साथ ही एक नोट भी शेयर किया है। प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। प्रियंका ने फोटो शेयर करते हुए लिखा कि द ब्लफ पर यह एक पिक्चर रैप है। इसे अपने परिवार और फिल्म को संभव बनाने वाले अविश्वसनीय लोगों की मौजूदगी में करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।यह वाकई में प्यार की मेहनत रही है। फ्रेंकी ई फ्लावर्स के विश्वास के बिना यह संभव नहीं हो पाता। इतने प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ खूबसूरत ऑस्ट्रेलिया में पूरी टीम के साथ काम करने में सफल होना बहुत मजेदार रहा था।



### शाहरुख खान को मिला कॅरियर लेपर्ड सम्मान

**नई दिल्ली।** सुपरस्टार शाहरुख खान को सिनेमा में उनके योगदान के लिए स्विट्जरलैंड में आयोजित 77वें लोकार्नो फिल्म महोत्सव में 'पार्डो अला कैरियरा अवार्ड-लोकार्नो टूरिज्म' या 'करियर लेपर्ड' से सम्मानित किया गया। शाहरुख (58) यह पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले भारतीय कलाकार हैं। उन्हें शनिवार शाम समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। समारोह में पिज्जा ग्रांडे स्क्वायर पर करीब 8000 लोग थे। पुरस्कार ग्रहण करने के बाद शाहरुख ने दर्शकों और लोकार्नो फिल्म महोत्सव के कला निदेशक गिओना ए नाजारो को उनके गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सिनेमा हमारे दौर का सबसे सबसे गहरा और प्रभावशाली कलात्मक माध्यम है। कहा कि इस बेहद सुंदर, सांस्कृतिक, कलात्मक शहर लोकार्नो में बाहें फैलाकर मेरा स्वागत करने के लिए मैं आप सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि। ये बाहें उन बाहों ये बड़ी हैं जो स्क्रीन में मेरी होती हैं। इतने सारे लोग एक छोटे से चौराहे पर जमा हैं और इतनी गर्मी है ऐसा लग रहा है जैसे भारत में हों। शाहरुख ने कहा कि फिल्म समारोह में 'पार्डो अला कैरियरा अवार्ड-लोकार्नो टूरिज्म' से सम्मानित होने के बाद वह प्रोत्साहित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा, '' मैं आमतौर पर ऐसे अवसरों पर नहीं जाता, मुझे नहीं पता कि लोगों से कैसे संपर्क बनाया जाता है या उनसे कैसे बात की जाती है। मुझे तो बस थोड़ी अदायगी आती है।



### इजराइल का गाजा में और इलाके खाली करने का आदेश

**दीर अल-बलाह।** इजराइल की सेना ने शरणार्थी शिविर में तब्दील एक स्कूल पर घातक हमले में कम से कम 80 फलस्तीनियों की मौत के बाद रविवार तड़के दक्षिण गाजा में और इलाके खाली करने का आदेश दिया है। इजराइल ने कहा है कि उसने चरमपंथियों की एक कमान चौकी को निशाना बनाकर हमला किया है, जिसमें 19 लड़ाकों की मौत हुई है। इजराइल के सैनिक बुरी तरह तबाह हुए उन इलाकों की ओर लौट रहे हैं जहां उन्होंने पहले फलस्तीनी चरमपंथियों से लड़ाई लड़ी थी। ऐसे में वह कई बार और इलाकों को खाली करने का निर्देश दे चुका है। गाजा की 23 लाख की आबादी में अधिकतर लोग 10 महीने से जारी युद्ध के दौरान कई बार विस्थापित हो चुके हैं। इजराइल की ओर से जारी ताजा आदेश में खान यूनुस शहर के कई इलाकों को खाली करने के लिए कहा गया है।

# निर्वाचन आयोग के पास विस चुनाव कार्यक्रम तय करने का विशेष अधिकार

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि निर्वाचन आयोग के पास केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनावों का कार्यक्रम तय करने का विशेष अधिकार है। सिन्हा ने उम्मीद जताई कि जम्मू-कश्मीर में जल्द चुनाव प्रक्रिया शुरू होगी। केंद्र शासित प्रदेश में वर्ष 2018 में पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी)-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के गिरने के बाद छह साल से अधिक समय से केंद्र का शासन है। जम्मू विश्वविद्यालय में मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करने के बाद उपराज्यपाल सिन्हा ने जून में श्रीनगर की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस बयान का भी जिक्र किया जिसमें उन्होंने कहा था कि विधानसभा चुनाव जल्द होंगे।



- उपराज्यपाल सिन्हा ने कहा- जम्मू-कश्मीर में जल्द चुनाव प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद

इसके अलावा, सिन्हा ने पांच अगस्त 2019 को संसद में गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान का भी जिक्र किया जिसमें उन्होंने कहा था कि परिसीमन के बाद विधानसभा चुनाव होंगे और फिर सही समय पर जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाएगा। सिन्हा ने कहा कि यह उसी कड़ी में हो रहा है... मुझे उम्मीद है कि विधानसभा चुनाव जल्द ही होंगे।

### जल्द ही चुनाव तारीखों की घोषणा करेगा आयोग

**जम्मू।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को दोहराया कि अनुच्छेद 370 के कुछ प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद से जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों पर सरकार का रुख अपरिवर्तित रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि निर्वाचन आयोग जल्द ही चुनाव की तारीखों की घोषणा करेगा। प्रशासन चुनाव कराने के लिए पूरी तरह से तैयार है। सिन्हा ने विश्वास जताया कि चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष होंगे। कहा कि निर्वाचन आयोग की पूरी टीम जम्मू-कश्मीर आई और जमीनी हकीकत का आकलन करने के बाद लौट गई। चुनाव की तारीखें आयोग द्वारा तय की जाती हैं और जिस दिशा में चीजें आगे बढ़ रही हैं, उम्मीद है कि वह जल्द ही सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार विधानसभा चुनाव की तारीख घोषित करेगा।